


आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातः नागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791



वर्ष : 02, अंक : 30 | रांची, गुरुवार, 09 जनवरी 2025 (पौष शुक्ल 10, संवत 2081), पृष्ठ : 12, मूल्य : 3 रुपये | email: jharkhandwanitaudyog@gmail.com




## तिरुपति मंदिर में टोकन लेने के दौरान मची भगदड़, 7 श्रद्धालुओं की मौत

**आंध्र प्रदेश**

एजेंसियां

**आंध्रप्रदेश।** तिरुपति में विष्णु निवासम के पास मची भगदड़ में 7 श्रद्धालुओं की मौत की खबर है, जबकि घटना में 20 से 25 लोग घायल हुए हैं। भगदड़ तिरुपति के विष्णु निवासम में वैकुंठ द्वार सर्व दर्शन टोकन वितरण के दौरान मची। यह तिरुमाला में एक खास प्रवेश द्वार है, जो गर्भगृह को घेरे हुए है। इसे केवल वैकुंठ एकादशी पर खोला जाता है। ऐसा माना जाता है कि जो कोई भी इस दिन पर इस 'वैकुंठ द्वारम' से गुजरता है, उसे वैकुंठ मिलता है।

**तिरुपति जाएंगे सीएम चंद्रबाबू नायडू :** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू गुरुवार को सुबह 10 ।30 बजे तिरुपति जाएंगे। सीएम अस्पताल का दौरा करेंगे और उसके बाद अधिकारियों से बात करेंगे। सीएम ने टीटीडी चेयरमैन को आदेश दिया कि वे सुनिश्चित करें कि श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो। सीएम ने पुलिस को और अधिक बुंडोबस्ट उपलब्ध कराने का आदेश दिया।

मिली जानकारी के मुताबिक यह घटना तीन जगहों पर हुई, जहां गुरुवार सुबह वैकुंठ द्वार दर्शन टिकट जारी किए जाने थे। विशेष दर्शन टिकटों के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु कतार में खड़े हो गए थे, जिससे भगदड़ मच गई। घटना में मारे गए चार श्रद्धालुओं में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। मृतकों में से एक महिला तमिलनाडु की थी। कुछ अन्य घायल हो गए और उन्हें श्री वेंकटेश्वर रामनारायण रुइया सरकारी जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**टोकन के लिए लाइन में थे 4,000 लोग :** सभी श्रद्धालु टोकन के लिए लाइन में लगे थे। बताया जा रहा है कि करीब 4000 लोग यहां पर मौजूद थे। तिरुपति मंदिर का प्रबंधन करने वाले तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने घोषणा की थी कि गुरुवार सुबह पांच बजे से तिरुपति में नौ जगहों पर 94 काउंटरों पर विशेष दर्शन टिकट जारी किए जाएंगे। हालांकि, बुधवार सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटने लगे थे। काउंटरों पर श्रद्धालुओं को जाने की अनुमति मिलने पर अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने एक-दूसरे को धक्का देकर आगे बढ़ने की कोशिश की, जिसके कारण भगदड़ मच गई। अधिकारियों के अनुसार, श्रीनिवासम, बैरागीपट्टेडा और सत्यनारायणपुरम में भगदड़ मची। पुलिस और टीटीडी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और बचाव एवं राहत अभियान शुरू किया। टीटीडी 10, 11 और 12 जनवरी को वैकुंठ द्वार दर्शन के लिए गुरुवार सुबह 1 ।20 लाख टोकन जारी करने की योजना बना रहा था।

**मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश :** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने श्रद्धालुओं की मौत पर गहरा दुख जाहिर किया। उन्होंने घटना में घायलों को दिए जा रहे उपचार के बारे में अधिकारियों से फोन पर बात की। सीएमओ के अनुसार, नायडू ने उच्च अधिकारियों को घटना स्थल पर जाकर राहत कार्य करने के आदेश दिए हैं, ताकि घायलों को बेहतर उपचार मिल सके।

### अपनों की तलाश में बदहवास परिजन

एक न्यूज एजेंसी ने घटना-स्थल से ताजा फुटेज शेयर किया है। मौके पर पुलिस मौजूद है और घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। अब भी कई लापता हैं और उनके परिजन बदहवास होकर तलाश में जुटे हैं। एक वीडियो में परिजनों को पुलिस से बहस करते, उनसे जवाब मांगते देखा जा सकता है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जताया दुख



इस बीच इस घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख प्रकट किया है। पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने कहा है 'आंध्र प्रदेश के तिरुपति में मची भगदड़ से आहत हूं। मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल जल्द ठीक हो जाएं। आंध्र प्रदेश सरकार प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान कर रही है।

## झारखंड के जादूगोड़ा में वैज्ञानिक से 1.24 करोड़ की साइबर ठगी


**जादूगोड़ा।** झारखंड में एक वैज्ञानिक से करीब सवा करोड़ की साइबर ठगी की गयी है। शेयर ट्रेडिंग के नाम पर साइबर अपराधियों ने कम समय में अधिक रुपए कमाने का लालच देकर जादूगोड़ा यूसीआईएल के वैज्ञानिक आर लोकेश्वर पटनायक से 1.24 करोड़ रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित ने साइबर थाना बिष्टुपुर में लिखित शिकायत दर्ज करायी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जादूगोड़ा यूसीआईएल के वैज्ञानिक आर लोकेश्वर पटनायक को मोबाइल पर शेयर ट्रेडिंग के नाम पर रुपए कमाने का एक लिंक आया।

- **अपराधियों ने कम समय में अधिक रुपए कमाने का दिया था लालच**

शेष पेज 08 पर

## संक्षिप्त खबरें

### जाने माने कवि, फिल्मकार व लेखक प्रीतिश नंदी का निधन



**मुंबई।** जाने माने कवि, लेखक, पत्रकार, और फिल्म निर्माता प्रीतिश नंदी का निधन हो गया है। मशहूर कवि प्रीतिश नंदी के निधन से सितारों के बीच शोक की लहर दौड़ रही है। एक्टर अनुपम खेर ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में, प्रीतीश नंदी को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है।

**अनुपम खेर ने जाहिर किया दुख :** अनुपम खेर का ये पोस्ट काफी वायरल हो रहा है। इस पोस्ट में एक्टर ने आगे लिखा, 'हमारे बीच बहुत सी चीजें कॉमन थीं। वह निडर इंसानों में से एक थे। शेष पेज 08 पर

### कार के लिए हैवान बने ससुरालवाले, शादी के दो साल बाद मार डाला



**धनबाद।** धनबाद जिले के मधुबन थाना क्षेत्र के सिनीडीह से 38 वर्षीया महिला अपराजिता कुमारी का शव बुधवार को बरामद हुआ है। पुलिस ने राजगंज कतरी पुल से शव को बरामद किया। इस मामले में मृतका के पति नीरज कुमार झा, सास शोभा देवी, ननद बिनीता देवी और संगीता देवी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि ससुर काशीनाथ झा और भगिनी सृष्टि कुमारी की तलाश की जा रही है। शेष पेज 08 पर

### भारत और मालदीव ने की समुद्री सुरक्षा साझेदारी बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त

पेज 08 पर

## रामगढ़ में बड़ा हादसा : ट्रक ने स्कूली बच्चों से भरे ऑटो को रौंदा, चार की मौत

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



रामगढ़। रामगढ़–बोकारो मार्ग (एनएच–23) पर गोला स्थित मठवाटांड़ के दामोदर होटल के समीप मंगलवार की सुबह भीषण सड़क हादसे की खबर सामने आई है। करीब 7 ।30 बजे आलू लदे एक अनियंत्रित एलपी ट्रक ने स्कूली बच्चों से भरे ऑटो वैन को टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रक ऑटो के ऊपर ही पलट गया, जिसमें ऑटो चालक और 3 बच्चों की मौत हो गई, वहीं एक दर्जन से ज्यादा बच्चे घायल हो गए।

**घटनास्थल पर ही बच्चों ने तोड़ा दम :** ट्रक की टक्कर से ऑटो वैन ड्राइवर और 3 बच्चों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से अधिक बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में ट्रक चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

**सीएम हेमंत सोरेन ने जताया दुख :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करके रामगढ़ हादसे पर दुख जताया है। सीएम ने लिखा कि 'रामगढ़ के गोला में स्कूल वैन और ट्रक की टक्कर से वैन चालक समेत चार बच्चों के निधन की दुःखद खबर से मर्माहत हूं। मरांग बुरु दिवंगत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दें। दुर्घटना में घायल बच्चों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। शेष पेज 08 पर

### जिम्मेदार कौन?

मृतक बच्चे गुडविल मिशन स्कूल के छात्र थे और स्कूल जा रहे थे, जब यह हादसा हुआ। यह दुखद घटना झारखंड सरकार के आदेश के बावजूद स्कूलों का संचालन करने की लापरवाही को उजागर करती है। सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि 7 जनवरी से 13 जनवरी तक कक्षा 1 से 8 तक के स्कूल बंद रहेंगे, लेकिन रामगढ़ के स्कूलों ने इस आदेश की अनदेखी की।

### हादसे में दर्जन भर बच्चे घायल


ऑटो में कुल 20 बच्चे सवार थे। सभी बच्चों की उम्र 10–12 साल के बीच है। आनन–फानन में सभी बच्चों को इलाज के लिए गोला सीएचसी में लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल सभी बच्चों को रिम्स रेफर किया गया है।



### बंद के आदेश के बावजूद खुला था स्कूल

झारखंड में एक तरफ जहां ठंड के कारण हेमंत सरकार ने सभी सरकारी और निजी स्कूलों को 7 से 13 जनवरी तक बंद रखने का आदेश दिया था, वहीं दूसरी ओर रामगढ़ जिले में इस आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए स्कूल खुले रहे। बुधवार की सुबह इसका दर्दनाक परिणाम सामने आया। एक भीषण सड़क हादसे में 3 मासूम बच्चों समेत कुल 4 लोगों की जान चली गई। अगर स्कूल ने सरकार के आदेश का पालन किया होता, तो इन बच्चों की जान बच जाती।

## झारखंड में अभी और सताएगी सर्दी दो से तीन डिग्री तक गिरेगा तापमान



प्रातः नागपुरी संवाददाता

रांची। झारखंड में अभी और सर्दी सताएगी। 24 घंटे में तापमान में 2 से 3 डिग्री सेंटीग्रेड तक की गिरावट आएगी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी है। मौसम केंद्र रांची ने कहा है कि एक पश्चिमी विक्षोभ तैयार हो रहा है, जिसके असर से झारखंड में तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। सर्दी और बढ़ जाएगी। झारखंड में बुधवार को सुबह कुछ जगहों पर हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा छाया रहा। बाद में आसमान साफ हो गया। आने वाले 24 घंटे में तापमान में गिरावट आएगी और ठंड काफी बढ़ जाएगी। इसके बाद 2-3 दिन तक न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा।

**आज से 12 जनवरी तक सुबह में रहेगा कोहरा :** मौसम विभाग ने कहा है कि 9, 10, 11 और 12 जनवरी को कुछ जगहों पर सुबह में कोहरा या धुंध छाये रहने का अनुमान है। 11 और 12 जनवरी को आसमान में बादल छाये रहने का अनुमान भी मौसम विभाग ने जारी किया है। मौसम केंद्र ने कहा है कि पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में एक दो जगहों पर बहुत हल्के दर्जे की वर्षा हुई।

**इन जिलों में छाया रह सकता है घना कोहरा :** गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़।

## झारखंड में एयरपोर्ट व रेलवे स्टेशन पर स्क्रीनिंग के निर्देश


प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** देश में एचएमपीवी की दस्तक और केंद्र द्वारा तमाम राज्यों को अलर्ट किए जाने के बाद झारखंड सरकार भी सतर्क है। स्वास्थ्य विभाग ने गाइडलाइंस, एडवाइजरी और एसओपी जारी कर दिए हैं। तमाम डॉक्टरों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन पर स्कैनिंग भी की जा रही है।

**रिम्स में आइसोलेशन वार्ड तैयार :** इधर राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स में भी पूरी तैयारियां कर ली गई हैं।

शेष पेज 08 पर

### एचएमपीवी को लेकर सरकार सतर्क



### नया नहीं है एचएमपीवी

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार एचएमपीवी कोई नया वायरस नहीं है। इसकी पहली बार पहचान 2001 में हुई थी और यह सालों से दुनिया भर में फैल रहा है। वहीं विशेषज्ञों ने कहा कि एचएमपीवी के लिए शायद ही कभी अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत पड़ती है। इसलिए यह ज्यादा चिंताजनक नहीं है।

### मुंबई में छह महीने की बच्ची मिली संक्रमित, अबतक भारत में 9 केस

महाराष्ट्र। कोरोना वायरस जैसे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस का महाराष्ट्र में बुधवार को तीसरा केस मिला। मुंबई के हीरानंदानी अस्पताल में 6 महीने की बच्ची संक्रमित मिली है। उसे 1 जनवरी को खांसी, सीने में जकड़न और ऑक्सीजन लेवल 84% तक गिरने की वजह से अस्पताल में भर्ती किया गया था। हालांकि अब वह ठीक है। मुंबई में इस वायरस का यह पहला मामला है। मंगलवार को नागपुर में 2 केस सामने आए थे। यहां 13 साल की लड़की और 7 साल का लड़का संक्रमित मिला था। हालांकि इन्हें अस्पताल में भर्ती नहीं करना पड़ा। इलाज के बाद उनकी स्थिति कंट्रोल में है। ताजा केस मिलने के बाद देश में इस वायरस के कुल मामले 9 हो गए हैं। महाराष्ट्र से पहले सोमवार को कर्नाटक और तमिलनाडु में 2-2, पश्चिम बंगाल और गुजरात में एक-एक केस मिलाकर वायरस के कुल 6 मामले सामने आए थे।

## रघुवर दास की भाजपा में वापसी, 45 साल बाद कल लेंगे सदस्यता, झारखंड की राजनीति में बढ़ी हलचल

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** ओडिशा के राज्यपाल के पद से इस्तीफा देने वाले रघुवर दास 10 जनवरी से सक्रिय राजनीति में नई पारी का आगाज करेंगे। 10 जनवरी को वो फिर से भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता लेंगे। इस मौके पर झारखंड प्रदेश भाजपा कार्यालय में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें प्रदेश के सभी बड़े नेता उपस्थित रहेंगे। रघुवर दास एकमात्र नेता हैं, जिन्होंने झारखंड के इतिहास में मुख्यमंत्री के रूप में लगातार पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा किया है। उनकी सक्रिय राजनीति में वापसी से उनके समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। पार्टी में उनकी नई भूमिका क्या होगी, इसे लेकर सियासी गलियारे में तरह-तरह की चर्चा है।

**झारखंड की राजनीति में रघुवर दास की वापसी :** हाल के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा है। ऐसे में रघुवर दास की वापसी को भारतीय जनता पार्टी में नेताओं-कार्यकर्ताओं का बड़ा वर्ग एक नई उम्मीद के साथ देख रहा है। बुधवार को वो जमशेदपुर स्थित अपने आवास से रांची पहुंचे, तो बड़ी संख्या में भाजपा के नेता-कार्यकर्ता उनसे मिलने पहुंचे। शेष पेज 08 पर

## 13 को पीएम मोदी जेड मोड़ सुरंग का करेंगे उद्घाटन

एजेंसियां

**नई दिल्ली।** सर्दियों में भारी बर्फबारी के कारण जम्मू-कश्मीर का सोनमर्ग पूरी तरह से देश से कट जाता है, लेकिन अब कुछ ही दिनों के बाद पर्यटक सर्दियों में भी सोनमर्ग जा पाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 जनवरी को श्रीनगर-सोनमर्ग मार्ग पर जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन करेंगे। इससे सभी मौसमों में पर्यटक सोनमर्ग जा पाएंगे।

जेड मोड़ सुरंग के खुलने से सोनमर्ग पर्यटन स्थल सर्दियों के लिए भी खुला रहेगा। भारी बर्फबारी के कारण सोनमर्ग घाटी से कटा रहता है और जेड मोड़ सुरंग के खुलने से न केवल पर्यटन को लाभ होगा, बल्कि इसका सामरिक रक्षा महत्व भी होगा।

**सीएम उमर अब्दुल्ला ने एक्स पर किया ट्वीट :** सीएम उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को सोशल साइट एक्स पर ट्वीट किया और कहा कि जम्मू-कश्मीर, खास तौर पर मध्य कश्मीर, आने वाले दिनों में एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के उद्घाटन की प्रतीक्षा कर रहा है। यह घाटी में शीतकालीन पर्यटन के विस्तार के लिए एक बड़ा बदलाव साबित होगा।

शेष पेज 08 पर

### आसान होगा सर्दियों में लद्दाख जाना




### प्रधानमंत्री मोदी पहुंचे भुवनेश्वर, आज करेंगे प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का उद्घाटन



**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भुवनेश्वर पहुंचे। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने बुधवार को भुवनेश्वर हवाई अड्डे पर पीएम का भव्य स्वागत किया। ओडिशा के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ओडिशा के भुवनेश्वर हवाई अड्डे पर पीएम मोदी की अगवानी की। प्रधानमंत्री गुरुवार को ओडिशा में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। बता दें कि प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन भारत सरकार का प्रमुख कार्यक्रम है, जो भारतीय प्रवासियों से जुड़ने और उन्हें एक-दूसरे के साथ बातचीत करने में सक्षम बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। 18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन ओडिशा सरकार के साथ साझेदारी में 8-10 जनवरी को भुवनेश्वर में आयोजित किया जा रहा है। इस पीबीडी सम्मेलन का विषय है 'विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान'।



### कश्मीर में आतंकी समेत तीन गिरफ्तार

**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों ने अपने आतंकरोधी अभियान को जारी रखते हुए बुधवार को दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में आतंकियों के एक ओवरग्राउंड वर्कर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक एसॉल्ट राइफल, दो हथगोले व अन्य साजो सामान मिला है। पुलिस ने सेना और सीआरपीएफ के जवानों के साथ मिलकर कोयमू की तरफ आने जाने वाली सड़कों पर विशेष नाके लगाए थे। शेष पेज 08 पर

## मंदिर प्रकोष्ठ के 100 से अधिक कार्यकर्ता 'आप' में हुए शामिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राजनीति से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है। बीजेपी के मंदिर प्रकोष्ठ के 100 से अधिक कार्यकर्ताओं ने आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया है। बुधवार को दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल की मौजूदगी में ये सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। आम आदमी पार्टी इस बार अपने नए विंग सनातन सेवा समिति की भी घोषणा करेगी। माना जा रहा है यह बीजेपी के लिए दिल्ली चुनाव से पहले बड़ा झटका साबित हो सकता है।

**आप पहले ही कर चुकी है पुजारी सम्मान योजना का एलान :** दिल्ली चुनाव में आम आदमी पार्टी ने पहले ही पुजारी सम्मान योजना देने का एलान कर दिया था। इस योजना के तहत आप सरकार हर पुजारी को 18000 मासिक वेतन देने का ऐलान किया है। इस घोषणा के बाद दिल्ली के पुजारियों के बीच खुशी का लहर देखा गया था। अब चुनाव से ठीक पहले बीजेपी को मंदिर प्रकोष्ठ के तरफ से बड़ा झटका लगा है। शेष पेज 08 पर

### बीजेपी को लगा झटका



## संक्षिप्त

### आदेशपाल को दी गई विदाई



**सोनाहातू।** प्रखंड के राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय लांदुपडीह के आदेशपाल शिव प्रसाद महतो को सादे समारोह में विदाई दी गई। इन्होंने 25 वर्ष तक स्कूल में सेवा दिया है। वर्तमान में इनका स्थानांतरण प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय डोमनडीह में हुआ है। विद्यालय की ओर से इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए, इन्हें अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया । इस विदाई सह सम्मान समारोह में सम्मिलित शिक्षकगण रुबेल लकड़ा, सुनील कुमार, डॉ भास्कर, डॉ सोमनाथ, संतोष कु० महतो, दिलीप कु महतो, कुणाल महतो, राहुल कुमार, छाया रानी, रवीना सेठ, मनीष, उमाकांत, अशोक, सुधीर एवम अन्य शिक्षकगण मौजूद थे ।

### गलऊ पंचायत में किया गया कंबल वितरण

**सोनाहातू।** प्रखंड के गलऊ पंचायत सचिवालय में बुधवार को सभी वार्ड सदस्यों की उपस्थिति में मुखिया सावना महली ने पंचायत के120 जरूरतमंद और असहाय और वृद्ध लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। मुखिया न बताया कि प्रखंड कार्यालय से प्राप्त कंबल का वितरण पंचायत में किया गया है।

### ग्राहक अपनी सुविधानुसार बैंक से निकाल सकेंगे रुपए

**सिल्ली।** सिल्ली बैंक ऑफ इंडिया में ग्राहक अपने सुविधा अनुसार राशि की निकासी कर सकेंगे। जितने रुपए की आवश्यकता है उतने रुपया निकल सकेंगे। पूर्व में बैंक से दस हजार से कम की राशि निकासी नहीं हो रही थी। जिससे ग्राहकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इन समस्याओं को लेकर स्थानीय अखबारों में खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी। शाखा प्रबंधक ने ग्राहकों से आग्रह पुर्कक कह है कि छोटी छोटी रकम निकासी पास के सीएससी से निकाली करें ।लोगों को इतनी दूर बैंक आने की जरूरत नहीं है। वहीं उन्होंने कहा कि जिनके खाता आधार से लिंक नहीं हो पाया व जल्द से जल्द लिंक करा लें।

### बिजली की दुकान में आग दो लाख का नुकसान

**सिल्ली।** सिल्ली मेन रोड स्थित एक बिजली की दुकान में मंगलवार देर रात आग लगने से भारी नुकसान हुआ। आग लगने से दुकान में रखे सभी सामान जलकर राख हो गए। खपड़ेल छप्पर वाली दुकान में लगी लकड़ियों के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया। स्थानीय लोगों ने छतों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सके। हिंडालको की दमकल टीम को बुलाया गया, जिसने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकानदार मंगल कोइरी ने करीब दो लाख रुपये के नुकसान का दावा किया है। जानकारी के अनुसार, दुकान बंद होने के बाद आग लगी, जिसे राहगीरों ने देखा। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना पर सिल्ली पुलिस और पूर्व विधायक सुदेश महतो भी मौके पर पहुंचे।

### रामगढ़ डीसी ने की जिलास्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, कहा

# दुर्घटना को लेकर एनएचएआई नहीं है गंभीर

▸ एनएचएआई के अधिकारियों पर भी हो एफआईआर



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में सड़क सुरक्षा समिति में शामिल एनएचएआई के अधिकारी बेहद लापरवाह है। दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में ना तो उनके जरिये कोई साइन बोर्ड लगाया जा रहा है और ना ही सड़क का एलाइनमेंट सही किया जा रहा है।

यहां तक कि सड़कों पर रोशनी की भी व्यवस्था उचित तरीके से नहीं हुई है। यही वजह है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटनाएं लगातार हो रही है और लोगों की जान जा रही है। यह सारे गंभीर आरोप डीसी चंदन कुमार ने बुधवार को आयोजित जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में एनएचएआई के अधिकारियों पर लगाई। उन्होंने यहां तक कहा कि अगर दुर्घटना होती है तो दर्ज होने वाली प्राथमिकी में एनएचएआई के अधिकारियों का नाम भी शामिल किया जाए। जब तक ऐसा नहीं होगा एनएचएआई के अधिकारियों ना तो नींद खुलेगी और ना नाही वे दुर्घटनाओं के रोकथाम के लिए कोई पहल करेंगे। बैठक के दौरान उपायुक्त चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के जरिये जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निदेशों के आलोक में किए गए कार्य की समीक्षा की गई। चुट्टूपालू घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं और जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए गए निदेशों का अनुपालन नहीं करने पर उपायुक्त ने एनएचएआई पदाधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही उपायुक्त ने सड़क दुर्घटना होने पर एनएचएआई पदाधिकारियो का नाम भी प्राथमिकी में शामिल करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने वर्तमान में सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम के लिए घाटी में चिन्हित ब्लैक स्पॉट आदि पर बालू के बैग्स लगाने आदि कार्यों को तत्काल पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सड़क दुर्घटना होने के मद्देनजर पीसीआर वाहनों एवं सभी थानों में फर्स्ट एड किट की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटनाओं पर रोकथाम के लिए उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी को पेट्रोल पंप पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों का इस्तेमाल कर बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के विरुद्ध चालान करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले के अलग-अलग क्षेत्र में संचालित विद्यालयों द्वारा क्षमता से अधिक बच्चों को बसों में बैठाने पर विशेष ध्यान देने एवं उन पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इन सब के अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा वाहन जांच अभियान, जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन, ब्लैक स्पॉट चिंहितिकरण, स्पीड गन, हाई मास्ट लाइट, सड़क मरम्मती आदि को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों, एनएचएआई के अधिकारियों, कार्यपालक अभियंताओं सहित अन्य उपस्थित थे।

## अपराधियों ने विस्थापित नेता संतोष सिंह की गोली मारकर की हत्या



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** रामगढ़ और हजारीबाग जिले के सीमावर्ती इलाके उरीमारी में अपराधियों ने एक विस्थापित नेता की गोली मारकर हत्या कर दी है। बुधवार को विस्थापित नेता संतोष सिंह की मौत के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। उरीमारी क्षेत्र पोटंगा लुकैयाटांड़ में घात लगाए अपराधियों ने विस्थापित नेता सह सीसीएल कर्मी संतोष सिंह को गोली मारकर हत्या कर दी है। जानकारी अनुसार बाइक सवार हथियारबंद अपराधियों ने विस्थापित नेता को सीने, पेट और सिर में कुल तीन गोलियां मारी है। घायल संतोष सिंह को प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार उरीमारी क्षेत्र में कोयला और लोकल सेल से जुड़े संतोष सिंह को अपराधियों द्वारा पहले भी धमकी दी जा चुकी थी। आशंका जताई जा रही है कि लेवी को लेकर संतोष सिंह की हत्या कर दी गई हैं ।बरका सयाल क्षेत्र मे कई दिनों से अपराधियों की दस्तक से दहशत का माहौल बना हुआ है।

## आपराधिक गिरोह की सक्रियता को लेकर डीआईजी ने की समीक्षा



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** हजारीबाग डीआईजी संजीव कुमार बुधवार को रामगढ़ पहुंचे तो उन्होंने सीधे संगठित अपराध को ही मुख्य मुद्दा माना। यहां उन्होंने आपराधिक गिरोह के जरिये लगातार घटनाओं को अंजाम दिए जाने के मुद्दे पर चर्चा की।

उन्होंने अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजने का आदेश दिया। रामगढ़ पहुंचने पर डीआईजी का स्वागत एसपी अजय कुमार ने किया। सार्जेंट मेजर मंटू यादव के जरिये उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद डीआईजी ने परिसदन भवन में एसपी, डीएसपी, सभी पुलिस निरीक्षक एवं सभी थाना प्रभारी के साथ बैठक किया गया। जिसमें संगठित आपराधिक गिरोह के द्वारा कारित घटनाओं की समीक्षा की गई। संगठित आपराधिक गिरोह के सदस्यों की ओर से कोल व्यवसायियों, ट्रांसपोर्टर, विकास कार्यों में लगे कंपनियों के संचालकों, संवेदको से की जा रही लेवी, रंगदारी की मांग पर अंकुश लगाने और उनके सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग करने एवं कोल व्यवसायियों ट्रांसपोर्टर, विकास कार्यों में लगे कंपनियों के संचालाकों तथा संवेदकों के साथ बैठक कर थाना, ओपी प्रभारी से लेकर वरीय पदाधिकारियों तक का मोबाईल नंबर सभी को उपलब्ध कराने को कहा। किसी भी प्रकार की धमकी या अन्य कोई सूचना मिलने पर अविलम्ब पुलिस को इसकी जानकारी दे। आपकी पहचान को गोपनीय रखा जाएगा। डीआईजी ने थाना, ओपी प्रभारियों को क्षेत्र में अपने स्वयं के भ्रमण को बढ़ाने, सूचना संकलन को मजबूत करने तथा संगठित आपराधिक गिरोह के जेल से बाहर आये सदस्यों की गतिविधि पर निगरानी रखने, संदिग्ध गतिविधि पाये जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

बैठक के अंत में डीआईजी के जरिये सभी पुलिस पदाधिकारियों को संगठित अपराधिक गिरोह और वैसे अपराधकर्मी जो लेवी, रंगदारी एवं क्षेत्र में दहशत फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग, अगजनी जैसी घटनाएं कारित कर रहे है, के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

## विद्यालय की जमीन पर नजर गड़ाने वाले सुधर जाएं: विधायक




**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** कर्रा प्रखंड के डहकेला स्थित राजकीय मध्य विद्यालय के खेल मैदान को बेचने के विरोध में बुधवार को विद्यालय प्रबंधन समिति और ग्रामीणों की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि डहकेला के सरकारी स्कूल की जमीन पर नजर गड़ाने वाले दलाल सुधर जाएं, अन्यथा उन्हें परेशानी हो सकती है। उन्होंने कहा कि विद्यालय की भूमि पर अवैध कब्जा करने का प्रयास सरासर गलत है, जिसे किसी भी हाल में बर्दास्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय की जमीन है और विद्यालय की ही जमीन रहेगी। हमारी लड़ाई शुरू से जल, जंगल और जमीन की है और हमलोग हमेशा इसके लिए लड़ते रहेंगे। उन्होंने विद्यालय को जमीन दान देने वाले ठाकुर महेंद्र नाथ शाहदेव का भी आभार प्रकट किया। विधायक ने कहा कि तोरपा विधानसभा के बानो प्रखंड अंतर्गत जयपाल सिंह मुंडा खेल मैदान को भी अवैध कब्जा से मुक्त कराया गया है। उन्होंने कहा कि जनता के लिए उनका दरवाजा हमेशा खुला है। स्कूल के प्रधानाध्यापक संजय एरियल कंडुलना ने कहा कि 1949 से खेल मैदान पर स्कूल का कब्जा है। स्कूल के सभी तरह के खेलों का आयोजन उसी मैदान में किया जाता है। उन्होंने कहा कि 1990 कें बंडा पर्चा में भी इसका जिक्र है। उन्होंने कहा कि 1949 से 1975 तक विद्यालय का संचालन आदिम जाति सेवा मंडल द्वारा किया जाता था। 1975 से इसका सरकारीकरण हुआ। पिछले 74 वर्षों से मैदान पर स्कूल का कब्जा है। इस जमीन को किसी भी हाल में बेचने नहीं दिया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक एरियर संजय कंडुलना और धन्यवाद ज्ञापन मुखिया ग्लोरिया लुगुन ने किया। बैठक में शिक्षक श्याम कुमार साहू, झामुमो सोशल मीडिया प्रभारी राहूल केशरी, मुखिया पूनम बाखला, शंभू शर्मा, देवेंद्र सिंह, अभय सिंह, भोला साहू, सुनील साहू, मार्शल? होरो शोसन होरो, लच्छुवा लोहरा, सुनील धान, संजय मुंडा, मंगल पहान, ग्राम प्रधान चुडरू पहान, बिरसा पहान संजय गोप, छकिन्द्र महतो आदि मौजूद थे।

## अधिकारियों व कर्मचारियों की खाली कुर्सियों को देख भड़के प्रखंड प्रमुख

▸ उपायुक्त को लिखा शिकायत पत्र



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**सिल्ली।** सिल्ली के प्रखंड व अंचल कार्यालय में बुधवार को अधिकारियों व कर्मचारियों के खाली कुर्सियों को देख कार्यालय पहुंचे प्रखंड प्रमुख भौंचक्के रह गये।

इसको लेकर प्रमुख ने उपायुक्त रांची पत्र लिखकर बताया कि कार्यालय में अधिकांश कुसीर्यां खाली थी। कार्यालय के कई कमरों में ताला भी लटका था। प्रमुख ने बताया कि कार्यालय के बंद कमरे तथा कर्मचारियों के खाली कुसीर्यों के तस्वीरें भी उपायुक्त को भेजा गया है। वहीं उन्होंने बताया कि कार्यालय के सूचना पट्ट पर न कोई सूचना या कोई भी पुर्व सूचना नहीं दी गई है। अधिकारियों व कर्मचारियों के गैर जिम्मेदाराना रैवैया के कारण प्रखंड कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों को मायुस होकर लौटना पड़ा। प्रमुख ने उपायुक्त से अधिकारियों व कर्मचारियों के अपने ड्यूटी से नदारद रहने की प्रवृत्ति को रोकने एवं आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

**बीडीओ का पक्ष**

इस सम्बन्ध में बीडीओ अनिल कुमार से पुछे जाने पर उन्होंने बताया कि बुधवार को लोवादाग पंचायत के धरमपुर गांव में चल रहे विभिन्न योजनाओं के जांच एवं कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसके कारण प्रखंड व अंचल के अधिकारी व कर्मचारी धर्मपुर में कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## श्रद्धांजलि कार्यक्रम में विधायक ममता देवी ने देशभक्तों को किया नमन



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** चुटूपालू घाटी स्थित शेख भिखारी एवं टिकैट उमरांव के समाधि स्थल पर 8 जनवरी को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें रामगढ़ विधायक ममता देवी ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर देशभक्ति और बलिदान को नमन किया। इस अवसर पर विधायक ममता देवी ने शेख भिखारी और टिकैट उमरांव के बलिदान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी वीरता और देशप्रेम से आज की पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा, ?हमारे स्वतंत्रता संग्राम में शेख भिखारी और टिकैट उमरांव जैसे वीरों का योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की आजादी के लिए संघर्ष किया। आज हम सबको उनके बलिदान को याद करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। मौके पर पूर्व प्रत्याशी कांग्रेस बजरंग महतो, दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, सुनील करमाली,रामसेवक बेदिया, भरत महतो,हिरालाल महतो, मनोज पुझर, गौरीशंकर महतो, मनोज कोटवार,तसलीम अंसारी,सागीर अंसारी आदि उपस्थित थे ।

### आजसू कार्यकर्ता के निधन पर सुदेश ने दी श्रद्धांजलि



**राहे।** प्रखंड के होटलो पंचायत अंतर्गत फुलवार गांव निवासी आजसू पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता पंचानन यादव के श्राद्ध कर्म में घर जाकर पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो श्रद्धांजलि अर्पित किए। स्व पंचानन यादव की आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना किये। उन्होंने परिवारजनों से मिलकर ढाढस बांधया व आश्वासन दिए कि सुख-दुःख में आजसू परिवार सदैव उनके साथ खड़ा रहेगा ।मौके पर प्रभारी संजय सिद्धार्थ, बबलू खान, रंगबहादुर महतो, मीरा महतो, हलधर पांडेय ,संजय मुंडा, संतोष दास, प्रमोद लाल, बुधराम मुंडा, कमल मुंडा, देवनारायण सिंह, बासु अहीर, विजय अहीर, संतोष महतो आदि मौजूद थे।

### चैंपियन ट्रॉफी फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित



**सिल्ली।** सिल्ली के कुसुमटिकरा स्कूल मैदान में एक दिवसीय डॉ सुकराम बेदिया चैंपियन ट्रॉफी फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें 8 पुरुष टीम 8 महिला टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता में महादानी फुटबॉल टीम बिसीरिया बनाम जागरण ब्रदर्श कुसुमटिकरा के बीच खेला गया। जिसे जागरण ब्रदर्श कुसुमटिकरा ने दो एक विजय रहा। वही महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में सिल्ली स्पॉट्स अकादमी एवं स्टार वरियर्स रांची के बीच खेला गया। जिसमे स्टार वरियर्स रांची ने ट्राई ब्रेकर में बिजय रही। पुरुष फुटबॉल विजेता टीम को सिल्ली प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक एवं महिला फुटबॉल विजेता टीम को जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया ।इस मौके पर उप प्रमुख आरती देवी, मुखिया हरिपद मांझी, लक्ष्मण महतो, सुशील महतो, रामस्वरूप मंडल, अभिराम माझी, अनिल मांझी, चेतन मांझी,परशुराम महतो ,मनोहर महतो, प्रहलाद मांझी, दुर्गा चरण यादव, पिंटू कुमार, गुहीराम बेदिया, दुखी सिंह मुंडा, लच्छू महतो, सृजन लोहरा समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### कई गांवों में चलाया गया विधिक जागरुकता अभियान



**खूंटी।** झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेस कुमार के मार्गदर्शन में बुधवार को नालसा के जरिये संचालित 90 दिवसीय आउटरीच अभियान पर बरदा, (तपकरा), हारूहापा (कर्रा), राजकीय कृत उच्च विद्यालय और जरियागढ़ थाना में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अभी लगातार 90 दिनों तक चलता रहेगा। अभियान में मुख्य विषय वाहन दुर्घटना मुआवजा प्राप्त करने संबंधी, लेबर कार्ड बनाने संबंधी, जन्म प्रमाण पत्र, महिलाओं से जुड़े अधिकार एवं राशन कार्ड बनाने आदि के संबंध में जानकारी दी गई। डालसा के पीएलवियों ने कार्यक्रम में लोगों को जागरूक किया और कल्याणकारी योजनाओं के लाभ के बारे मे बताया। यह जानकारी डालसा की सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने दी। इस जागरूकता कार्यक्रम में टीम के पीएलबी उपस्थित रहे।

### खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**खूंटी।** भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के फोस्टैक कार्यक्रम के तहत खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षित करने के लिए एक्सपडाइटस वर्कर फाउंडेशन और लेजरसॉफ्ट टेक्नोलोजिस की ओर से शहर के पिपराटोली स्थित हॉल में बुधवार को खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 120 खाद्य कारोबारियों ने भाग लिया। शिविर में एफएसएसएआइ के प्रशिक्षक राकेश सिंह द्वारा खाद्य कारोबारियों के साथ फूड रजिस्ट्रेशन और लाइसेंस की अनिवार्यता, प्रक्रिया, खाद्य जनित रोग, विभिन्न प्रकार के खाद्य खतरे, गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेस, गुड हाइजेनिक, स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर , कार्यस्थल की साफ-सफाई एवं स्वच्छता, मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट, फूड सैंपल तथा टेस्ट की जरूरत, फूड पैकेजिंग एवं लेबलिंग नियम, कच्ची सामग्री की गुणवत्ता के मानक, कोविड-19 से संबंधित सावधानियों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। शिविर के आयोजन में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया। मौके पर संस्था के अजय सिंह, प्रतीक, अभिषेक, रिजवाना, रोबिन कुमार, प्रवीण कुमार सिन्हा, रवींद्र लहकार आदि उपस्थित थे।

# भाजपा ने मंडलस्तरीय शिविर का किया आयोजन

▸ कई लोगों को बनाया गया पार्टी का सदस्य



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा बुधवार को रामगढ़ कैंट मंडल में मंडल स्तरीय शिविर लगाकर कई लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया गया ।

भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव के नेतृत्व में रामगढ़ के हृदय स्थल सुभाष चौक दुर्गा मंदिर के प्रांगण में संगठन महापर्व सदस्यता अभियान 2024 मंडल स्तरीय शिविर लगाकर जनता के बीच भाजपा का सदस्य बनाया गया। 8800 20 24 में मिस कॉल कराया गया साथ ही स्वतंत्रता सेनानी शहीद शेख भिखारी और टिकट उमराव सिंह के शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि दी गई । कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष सह सदस्यता अभियान रामगढ़ कैंट मंडल के प्रवासी पदाधिकारी राकेश प्रसाद ज की उपस्थिति में सैकड़ो सदस्य बनाये गए । भाजपा का सदस्य बनते ही लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया । कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश कार्य समिति के सदस्य रणंजय कुमार कुंदू बाबू, रंजन सिंह फौजी, राजू चतुर्वेदी ,विजय जायसवाल ,अनमोल सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, रॉबिन गुप्ता, रामगढ़ कैंट मंडल के सदस्यता संयोजक ऋषिकेश सिंह, सह संयोजक कुणाल दास, रीता मानसाता, संतोष शाह, अजीत गुप्ता, अभिषेक चौधरी, मिथलेश कुमार मंडल, ब्रजेश पाठक, पिंकी कुमारी, मणिशंकर ठाकुर, संजय श्रीवास्तव, विजय पाठक, विजय खटीक , रबी सिन्हा, अमित ठाकुर, सत्यजीत चौधरी, सत्यजीत सिंह, अरविंद सिंह, सुरेंद्र शर्मा तथा सदस्य बनने वाले राजेश कुमार, संजय साहू, सुरेश केसरी,अर्जुन कुमार, सूरज कुमार, भारत राय आदित्य विद्या रंजीत कुमार मुकेश कुमार नरेश कुमार ठाकुर,द्वारिका सिंह, रवि कुमार साहू, दीपक कुमार राम, भोला कुमार राणा,छोटू कुमार राणा,संतोष कुमार आदि उपस्थित थे ।

### पिठोरिया : चौपाल का किया आयोजन



**पिठोरिया।** भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के निमित्त बुधवार को पिठोरिया गांव के अंबेडकर चौक एवं महाराणा प्रताप चौक में चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल में मुख्य अतिथि सदस्यता अभियान के प्रभारी सह राज्यसभा सांसद प्रो. आदित्य साहू थे।

श्री साहू ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई जाये। इसके लिए एकजुटता के साथ पूरे क्षेत्र में सदस्यता अभियान चलने का आह्वान किया। उन्होंने विशेष कर युवाओं और महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा सदस्यता दिलाने की बात कही। चौपाल में गोपाल महतो, अनिल केसरी, अखिलेश्वर पाठक, नसीब लाल महतो, थानो मुंडा, शंकर महतो, अभिषेक कुमार, मनोज महतो, सफदर अली, सुरेश राम, मनोज राम, अशोक राम, दीपक दास, मुन्नी मुंडा, चेतन ठाकुर, विनोद रजक एवं विकास मुंडा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### संत गेब्रियल एंड मोनिका स्कूल की खुली नई शाखा

**रांची।** सेंट गेब्रियल एंड मोनिका स्कूल एदलहातू, मोरहाबादी की निदेशक सह प्राचार्या, समाजसेवी, साहित्यकार एवं पासवा की महानगर अध्यक्ष डॉ सुषमा केरकेट्टा ने विद्यालय की नई शाखा खोलने की घोषणा की है। विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ अनुशासन, समय पाबंदी, संस्कार, शैक्षणिक, सांस्कृतिक, गतिविधियां, इंटर हाउस कंपटीशनस, शैक्षणिक भ्रमण, प्री नर्सरी से क्लास 2 तक के बच्चों के लिए एलोकेशन कार्यक्रम आदि कार्यों के कारण अपनी पहचान बन चुका है। बच्चों के बीच पेंसिल, इरेजर, स्वीट्स,स्कूल बैग्स, कलर पेंसिल और कॉपियों का वितरण भी किया गया।

### यूपी के जनशक्ति मंत्री ने संजय सेठ को महाकुंभ का दिया आमंत्रण

**रांची** : उत्तर प्रदेश के जनशक्ति मंत्री Ramkesh Nishad ने नयी दिल्ली आवास पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को तीर्थराज प्रयाग में आयोजित महाकुंभ में आने का स्नेहिल आमंत्रण दिया। इस आमंत्रण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हृदय से आभार जताया।

### वैकुण्ठोत्सव पर मंदिर की हुई भव्य सजावट

**रांची** : झारखण्ड का एकलौता दिव्यदेश श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरूपति बालाजी) मंदिर में श्रीवैकुण्ठ महोत्सव को ले बुधवार को देर रात तक मंदिर की सजावट पूरी कर ली गयी। प्राकृतिक फूलों और पत्तियों से पूरे मंदिर के साथ वैकुण्ठ द्वार को ह्वाइट डेजी,ऑर्किट ,जिप्सॉ ,चन्द्रमौलिका,कामिनी पत्ता, रेड डेजी आदि बहुतों प्रकार के प्राकृतिक फूलों और पत्तियों से दिव्य सजावट का रूप दिया गया है। श्री विनय धरनीधरका और श्री विनोद भगत के निर्देशन में कोलकाता के कारीगरों द्वारा यह सजावट हुआ। ज्ञात हो कि श्रीवैकुंठ महोत्सव को ले चार दिनी सहस्त्रनाम अर्चना अनुष्ठान का आज 09 जनवरी को पहले दिन प्रातः आठ बजे शुभारंभ होगा । यह अर्चना यजमान के समूह में चार-चार पाली में चारों दिन पूरे किए जाएंगे। यह अनुष्ठान 12 जनवरी रविवार के रात्रि में संपन्न होगा।

### गो क्रांति अग्रदूत परम पूज्य गोपाल मणि महाराज का हुआ स्वागत

**रांची** : गो माता को राष्ट्र माता के पद पर प्रतिष्ठित करवाने हेतु गो क्रांति अग्रदूत परम पूज्य गोपाल मणि जी महाराज का रांची एयरपोर्ट पर 6:00 बजे आगमन हुआ। गोपाल मणि जी देहरादून से भाया दिल्ली होकर रांची ऐयरपोर्ट पहुंचे गो भक्तों एवम धर्म प्रेमियों द्वारा अंग वस्त्र, पुष्पगुच्छ सहित माला पहनाकर उनका अभिनंदन और भव्य स्वागत किया गया। रांची एयरपोर्ट से महाराज श्री चतरा के लिए प्रस्थान किए जहां चतरा गौशाला के सानिध्य में महाराज श्री कल 9 जनवरी से 13 जनवरी 2025 तक प्रतिदिन दोपहर 1:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक धेनु मानस गो कथा का रसपान चतरा निवासियों को कराएंगे। महाराज श्री दृढ़ संकल्पित है कि गो माता को राष्ट्र माता के जल्द से जल्द सुशोभित किया जाए।

# राज्य में महुआ की एमएसपी तय करने की होगी पहल : मंत्री शिल्पी

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि झारखंड के वन उपजों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तय होगा।कृषि विभाग सब्जी सहित वन उपजों की एमएसपी तय करने की तैयारी कर रहा है। महुआ जैसे वन उपज को कृषि विभाग एमएसपी के दायरे में लाने पर चर्चा कर रही है। हालांकि, ये चर्चा प्रारंभिक है।



मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने विभागीय समीक्षा के बाद नेपाल हाउस में विभाग से संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने योजनाओं कार्य प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की। इस दौरान वो वीएलडब्ल्यू के काम को लेकर नाराज दिखीं। वीएलडब्ल्यू की नियुक्ति कृषि विभाग के द्वारा की गई है। उनके वेतन का भुगतान भी कृषि विभाग के मद से होता है लेकिन वे आवास योजना और मनरेगा के लिए जमीन का काम ज्यादा करते हैं। मंत्री ने वीएलडब्ल्यू को कृषि विभाग की योजनाओं के लिए काम करने का निर्देश दिया है। साथ ही कहा है कि बहुत जल्द वीएलडब्ल्यू के लिए एक राज्य स्तरीय सेमिनार का आयोजन कर जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

समीक्षा बैठक के दौरान ये बात भी सामने आई की जरूरतमंद लाभुकों तक कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की योजना नहीं पहुंच पा रही है। कुछ खास किसानों को ही विभाग की एक से ज्यादा योजना मिल रही है। कृषि मंत्री ने कहा कि मांडर और चान्हो में सिंचाई से संबंधित एक भी आवेदन नहीं मिला है। ये हैरान करने वाली बात है। दरअसल, किसानों को विभाग की योजनाओं की सही जानकारी तक नहीं है।

मंत्री ने कहा कि 18 जनवरी को चान्हो में प्रमंडल स्तरीय कृषि मेला का आयोजन किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को सरकार की योजनाओं को शत-प्रतिशत धरातल पर उतारने का निर्देश दिया है। साथ ही कहा कि योजनाओं को धरातल पर उतार कर पलायन को रोका जा सकता है। मंत्री ने कहा कि बिरसा ग्राम पाठशाला योजना एक अच्छी योजना है लेकिन उसका लाभ किसानों को सिर्फ इसलिए नहीं मिल पाया, क्योंकि वो सरकारी कागज तक ही सिमट कर रह गई।

# उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची** : उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने बुधवार को जनता दरबार में लोगों से मुलाकात की। उपायुक्त ने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों की समस्याओं को सुनते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि संज्ञान में आये शिकायतों की जाँच कराते हुए यथाशीघ्र समाधान किया जाएगा।



जनता दरबार के दौरान ही उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा आये शिकायत के संबंध में संबंधित अधिकारियों से फोन पर बातचीत कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया कि सभी आवेदनों की भौतिक जांच करते हुए जल्द से जल्द समाधान करें।

साथ ही शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए यथाशीघ्र प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करने का निर्देश भी उन्होंने दिया। जनता दरबार में आए लोगों से उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभ के संबंध में भी जानकारी ली गयी।

लोगों द्वारा बताया गया कि घर की महिलाओं को योजना का लाभ मिल रहा है। उपायुक्त ने कहा कि योजना के तहत मिल रही सम्मान राशि का सदुपयोग करें।

## कांग्रेस ने शेख भिखारी व उमराव सिंह के शहादत दिवस पर दी श्रद्धांजलि



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची** : पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शहिद शेख भिखारी एवं शहिद टिकैत उमराव सिंह के शहादत दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस भवन में कार्यक्रम के संजोजक शजादा अनवर की अध्यक्षता में किया गया।दोनों महान विभूतियों के चित्र पर माला अर्पण कर केशव महतो कमलेश विधायक दल नेता प्रदीप यादव ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह एवं अन्य कांग्रेसजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पूर्व चुटुपालु घाटी स्थित शहीद स्थल पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित अन्य नेताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में रांची के आदिल अख्तर एवं गुमला के आफताब आलम लाडले ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की जिन्हें नेताओं ने माला एवं अंग पट्टीका पहनाकर कांग्रेस की सदस्यता प्रदान की। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केशव महतो कमलेश ने कहा कि झारखंड की भूमि शहिद और क्रांतिकारियों की भूमि है। आजादी की लड़ाई में जिस तरह अन्य सुबे के लोगों ने अपना योगदान और कुर्बानियां दी थी उसी तरह हमारे पूर्वजों ने भी कुबार्नी दी थी। शहादत की एक लंबी श्रृंखला झारखंड से है। झारखंड के छात्रों युवाओं को उनके जीवनी से सीख लेनी चाहिए। क्रांति के इतिहास में झारखंड के वीर सपूतों के योगदान से युवा वर्ग को परिचित कराने हेतु उनके जीवनी को झारखंड के पाठ्य पुस्तकों में शामिल करने की मांग मुख्यमंत्री से मिलकर किया जाएगा। 1857 की क्रांति को धार देने हेतु जिस तरह से शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह ने सबल नेतृत्व किया उससे दिन प्रतिदिन झारखंड क्षेत्र में स्वतंत्रता आंदोलन मजबूत होता गया।

विधायक दल नेता प्रदीप यादव ने कहा कि इन दोनों महान विभूतियों का सपना आजाद भारत का था। जनता का राज आजाद भारत में होगा इसी आशा से आजादी की लड़ाई में इन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी। आजादी की लड़ाई में सर्वस्व न्यौछावर करने वालों के सपनों को हमने साकार किया लेकिन हाल के दिनों में भारत में लोकतंत्र पटरी से बेपटरी हो रहा है।केंद्र की सत्ता में बैठे लोग भारत की एकता,अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर रहे हैं।हमें संकल्प लेना होगा कि जैसे इन दो महान विभूतियों ने अंग्रेजों से आजादी की लड़ाई लड़ी हमें दूसरी आजादी की लड़ाई लड़नी होगी।

शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि संविधान बचाने की लड़ाई लड़कर ही दी जा सकती है। ग्रामीण विकास मंत्री श्रीमती दीपिका पांडे सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि अंग्रेजों से आजादी दिलाने के लिए हमारे पूर्वजों ने अपनी जिम्मेवारियों के निर्वहन किया है हमें उसे बरकरार रखना है।छोटा नागपुर संथाल परगना के इलाके में अंग्रेज सरकार से संघर्ष का गौरवमई इतिहास है। झारखंड के महान विभूतियों को सम्मान और श्रद्धांजलि देने हेतु हमारी सरकार लगातार प्रयास करती है, योजनाओं, संस्थानो का नामकरण उनके नाम पर किया जा रहा है। पाठ्यक्रम में जीवन वृत्त शामिल करने का प्रयास किया जाएगा। आज जिस आजादी की हवा में हम सांस ले रहे हैं उसके लिए लगभग 200 साल पहले इन क्रांतिकारीयों ने अपनी जान दी थी, हमारी जवाबदेही है कि उनके योगदान को याद रखें।

कार्यक्रम के आयोजन के लिए गठित समिति के संयोजक शहजादा अनवर ने कहा कि स्वतंत्रता के लिए सभी धर्म के लोगों ने बलिदान दिया। आज देश में प्रायोजित तरीके से धार्मिक उन्माद फैलाया जा रहा है। इस देश में केंद्रीय सत्ता की ऐसी हनक चल रही है कि लोगों को इंसाफ और न्याय के लिए सड़कों 7पर आना पड़ रहा है। न्यायपालिका को संवाददाता सम्मेलन करना पड़ रहा है। संवैधानिक प्रमुख लोग आर एस एस के प्रचारक के रूप में राज्यों में जाकर सामाजिक ताने-बाने को छिन्न भिन्न करने में लगे हैं।

## बहावलपुरी पंजाबी समाज एवं बहावलपुरी पंजाबी समाज महिला समिति का चुनाव 19 को

BAHAWALPURI PUNJABI SAMAJ
BPS
RANCHI

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** बहावलपुरी पंजाबी समाज एवं बहावलपुरी पंजाबी समाज महिला समिति की कार्यकारिणी का चुनाव 19 जनवरी को होगा। मुख्य चुनाव पदाधिकारी देवराज खत्री ने बताया कि नामांकन की प्रक्रिया 9 एवं 10 जनवरी को सुबह 10 से 12 बजे तक कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुनानक भवन परिसर में संपन्न होगी।

21 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति के लिए बहावलपुरी पंजाबी समाज के सदस्य जिनकी उम्र 21 वर्ष से अधिक है, नामांकन कर सकते हैं। नाम वापसी की तारीख 11 जनवरी सुबह 10 से 11 बजे तक है। नामांकन पत्रों की जांच 11 जनवरी को की जाएगी। अंतिम सूची का प्रकाशन उसी दिन दोपहर 2 बजे किया जाएगा।

समाज के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि मुख्य चुनाव पदाधिकारी देवराज खत्री की देखरेख में सारी चुनावी प्रक्रिया संपन्न होगी। सह चुनाव पदाधिकारी मोहनलाल अरोड़ा को बनाया गया है। चुनी गई कार्यकारिणी का कार्यकाल दो वर्षों का होगा।

संस्था के वर्तमान अध्यक्ष ललित किंगर एवं सचिव अश्विनी सुखीजा ने समाज के युवाओं से विशेष आग्रह किया है कि चुनाव में नामांकन कर समाज की बेहतरी में अपना योगदान दें। संस्था के मुख्य संरक्षक डॉ सतीश मिढ़ा ने समाज के सभी सदस्यों से बढ़ चढ़ कर मतदान में हिस्सा लेने का आग्रह किया है।

## चार दिनी श्रीमद् भागवत कथा का समापन

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची** : श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर मे श्रीमद् भागवत कृष्ण कथा के अंतिम दिन हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान श्री राधा कृष्ण का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। चार दिवसीय श्रीमद्भागवत कृष्ण कथा के अंतिम दिन कथा के यजमान सुनीता अग्रवाल राजू अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, विजय अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, नवल अग्रवाल, सपरिवार एवं संस्था के सदस्यों ने बड़े ही प्रेम से श्रीमद् भागवत का पूजन तथा स्वामी श्री सदानंद महाराज को माल्यार्पण चंदन-वंदन कर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं भक्तों के साथ श्रीमद् भागवत की आरती की कथा की अमृत वर्षा स्वामी सदानंद जी महाराज के मुखारविंद से भक्तों ने श्रवण किया। आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के समापन दिन व्यास पीठ पर आसीन संत श्री सदानंद महाराज ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि मन वाणी समस्त इंद्रियों के द्वारा जो जो भी करें वह सब परम पुरुष भगवान को समर्पित करते हुए करें। यही भागवत धर्म है। साधना भक्ति के द्वारा प्रेम भक्ति प्राप्त होती है और



वह भगवान के पारायण होकर माया को अनायास ही पार हो जाता है। विषयी पुरुष को वन में भी कामादि शत्रु सताते हैं जितेन्द्रिय का घर में ही पांच इंद्रियों का निग्रह करना तप है। जिसके हृदय में वैराग्य जागृति हो उसके लिए घर ही तपोवन है।

समस्त उपनिषदों का सार है ब्रह्म और आत्मा का एकत्वरूप अद्वितीय सदवस्तु। वही श्रीमद्भागवत का प्रतिपाद्य विषय है। इसके निर्माण का प्रायोजन है एक मात्र कैवल्य मोक्ष है। जो लोग विषय चिंतन में लगे रहते हैं उनकी इंद्रिय विषयों में फंस जाती है।मन को भी उन्हीं की ओर खींच लेती है जैसे जलाशय के तिर पर उगे कुशादी जल खींचते उसी प्रकार इंद्रियां शक्ति मन बुद्धि विचार शक्ति को हर लेता है। जो लोग भगवान की लीलाओं को श्रद्धा के साथ नित्य श्रवण करते हैं उनके हृदय में थोड़े ही समय में भगवान प्रकट हो जाते हैं।

कथा के दौरान कलाकारों द्वारा के प्रसंग पर जीवित अद्भुत झांकियां प्रस्तुत की। तथा संत महात्माओं द्वारा अमृत कथा, बीतक कथा तथा सुमधुर सुंदर भजनों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। तथा सभी भक्त भक्ति में भाव- विभोर होकर खूब झूमे। तथा महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ श्रीमद् भागवत कृष्ण कथा का समापन हुआ।

# जरूरतमन्दों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही उद्देश्य : कविता खाती

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची** : झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन में 90 दिवसीय जागरूकता एवं आउटरीच अभियान का शुभारम्भ दिनांक 15.12.2024 से हो गया हैं, जो कि 90 दिनों तक चलेगा। इसी कड़ी में आज दिनांक 08.01.2025 को रातू प्रखण्ड के सुण्डिल पंचायत भवन में डालसा, रांची के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर एलएडीसी अधिवक्ता, कविता खाती, पीएलवी पुष्पलता देवी, सुनिता देवी, निशांत एवं राजा उपस्थित थे। एलएडीसी अधिवक्ता कविता खाती ने कहा कि महिला के विरूद्ध अपराध संबंधित कानूनी सहायता दिलाने में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची एवं एलएडीसीएस बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने यह भी कहा कि आपराधिक मामलों के साथ-साथ दीवानी मामलों का भी निष्पादन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के एलएडीसीएस के द्वारा प्री-लिटिगेशन के माध्यम से भी किया जाता है। आगे उन्होंने उपस्थित लोगों को असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को मिलने वाले लाभ और उनके लिए सरकार के द्वारा चलाये जा रहे लाभकारी योजना के बारे में भी जानकारी दी।

सभी ब्लॉक में डालसा की ओर से पीएलवी नियुक्त किये गये है, आप सभी पीएलवी के माध्यम से अपना लेबर कार्ड बनवा सकते हैं या फिर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में आवेदन दे सकते है। डायन बिसाही पर



फोकस करते हुए कहीं कि यह एक अंधविश्वास हैं, आये दिन गांव में डायन कहकर हत्या कर की दी जाती है, जो गलत हैं। इस पर सजा का भी प्रावधान है। बाल विवाह कानून की जानकारी देते हुए कहीं कि अभिभावक अपनी लाडलियों की विवाह 18 वर्ष के बाद ही करें, उससे पूर्व उनके उचित शिक्षा पर फोकस करें।

यह भी ज्ञात हो कि पंचायत भवन में उपस्थित लोगों को झालसा प्रोजेक्ट, आत्मनिर्भरता, मानवता, शक्ति, निरोगी भवः एवं वात्सल्य, सहयोग पर जागरूकता कार्यक्रम कर लोगों को जागरूक किया गया तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची से मिलनेवाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गयी। पीएलवी पुष्पलता देवी तथा सुमन देवी ने विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी दी।

पीएलवी निशांत ने लोगों को वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन एवं दिव्याग पेंशन योजना, राशन कार्ड, मनरेगा, किसान सम्मान निधी योजना, फसल राहत योजना, बाल विवाह, बाल मजदूर, डायन प्रथा, एवं स्पॉनसरसीप के बारे लोगों को जानकारी दी गयी।

यह भी ज्ञात हो कि डालसा के पीएलवी के द्वारा आगामी दिनांक 22 फरवरी को आयोजित होनेवाली विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालत के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गयी। लोगों को मध्यस्थता एवं लोक अदालत की जानकारी दी गयी। अंत में पीएलवी के द्वारा उपस्थित लोगों के बीच पम्पलेट एवं लिफलेट का वितरण भी किया गया।

## संक्षिप्त

### ज्ञान केन्द्र व नि:शुल्क कम्प्यूटर सेंटर का उद्घाटन आज

**चौपारण** : प्रखंड पंचायत बच्छई में 9 जनवरी दिन गुरुवार को पंचायवासियों के लिए खुशी का दिन साबित होने वाला है। बच्छई पंचायत मुखिया बिरेंद्र रजक ने बताया कि दिन गुरुवार को सांसद मनीष जायसवाल एवं नवनिर्वाचित विधायक मनोज यादव जी का आगमन होगा। जिसमें बच्छई पंचायत, सिंघरावां पंचायत, गोबिन्दपुर पंचायत वासियों द्वारा नवनिर्वाचित विधायक मनोज यादव जी को सम्मानित किया जाएगा। इसके बाद नवनिर्मित भवन का दो कमरा उद्घाटन, पंचायत भवन में लगे ज्ञान केन्द्र एवं नि:शुल्क कम्प्यूटर सेन्टर का उद्घाटन, समेत कम्बल वितरण माननीय सांसद एवं माननीय विधायक के द्वारा सामूहिक रूप से किया जायेगा। इस पावन अवसर पर आप सभी सम्मानित पंचायत वासियों पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, विरसा उच्च विद्यालय के सभी प्रबंधन समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य गण, जल सहिया, स्वस्थ सहिया, आंगनबाड़ी सेविका किसान मित्र, स्वयं सेवक, जेएसपीएल कि सभी महिला दीदी, समाजिक कार्यकर्ताग सभी इस सम्मान समारोह एवं उदघाटन कार्यक्रम में शामिल होने की कृपा करेंगे।

### ठंड से बचाव के लिए चतरा सांसद ने किया कम्बल वितरण

**महुआडांड़/लातेहार** : कड़ाके की ठंड को देखते हुए चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने मानवता और सेवा का एक और उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने महुआडांड़ मंडल के सभी 14 शक्ति केंद्रों पर बुजुर्गों, महिलाओं और जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण कराया। इस कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल, जिला मंत्री शंभू प्रसाद, जिला सदस्यता प्रभारी आनंद किशोर नाथ शाह, वरिष्ठ नेता भुवनेश्वर सिंह, दिलीप गुप्ता, महामंत्री सुनील जायसवाल, प्रशांत सिंह, उपाध्यक्ष मोहन यादव, संजय राय, विनोद सिंह, अमित जायसवाल, सिम्पल कुमार और चंदन सिंह सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे। सांसद महोदय के इस प्रयास के लिए सभी उपस्थित लोगों ने उन्हें धन्यवाद और शुभकामनाएं दीं।

### उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन

**मेदिनीनगर** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से आये दर्जनों फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गयी। सभी आवेदनों के निष्पादन के लिए उपायुक्त श्री रंजन ने संबंधित विभागीय पदाधिकारी को निर्देश दिया। जनता दरबार में आये आवेदनों में मुख्य रूप से भूमि विवाद, पारिवारिक बंटवारा, अवैध कब्जा, मानदेय भुगतान, राशन संबंधित मामले, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित मामले थे। उपायुक्त ने प्राप्त सभी आवेदनों के निराकरण करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया।

### प्रतिबंधित मांस के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**लातेहार** : सदर थाना क्षेत्र के डुडंगी गांव में प्रतिबंधित मांस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। आरोपी की पहचान हाजीम हमाम के रूप में हुई है, जो लातेहार के सांसग इलाके का निवासी है। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी दुलार चौड़े ने जानकारी दी कि आरोपी व्यक्ति अपनी टीवीएस मोटरसाइकिल पर प्रतिबंधित मांस लेकर डुडंगी गांव में बिक्री के उद्देश्य से पहुंचा था। गांव के कुछ ग्रामीणों को आरोपी पर संदेह हुआ, जिसके बाद उन्होंने उसकी गाड़ी की जांच की। गाड़ी में काले रंग के प्लास्टिक में मांस पाया गया।ग्रामीणों ने तुरंत इस घटना की सूचना सदर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और मांस को जब्त कर लिया। जब्त मांस को पशु चिकित्सक की उपस्थिति में सील कर दिया गया और जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस ने इस मामले में सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि प्रतिबंधित मांस कहां से लाया गया था।

# चैनपुर-नेउरा रोड की चार करोड़ रुपए से होगी मरम्मत : वित्त मंत्री

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**पलामू**। मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर बुधवार को झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर को चैनपुर-नेउरा रोड दिखाने के लिए लेकर मौके पर पहुंची। पब्लिक को हो रही असुविधा के बारे प्रथम महापौर ने कुछ दिन पूर्व मंत्री को अवगत कराया था। बुधवार को मंत्री प्रथम महापौर के साथ स्थल पर जाकर सड़क की दुर्दशा को देखते हुए कहा कि इतनी जर्जर स्थिति शहर के नजदीक मार्ग का होना दुखद है।



मैं रोड को देखकर समझ सकता हूं कि कितनी दिक्कतों का सामना आसपास के लोगों को आवागमन में या इलाज कराने वाले मरीज को खासकर महिला मरीजों को होती होगी।

मंत्री ने बताया कि प्रथम महापौर अरुणा ने मुझे 10 दिन पूर्व इस मार्ग के बारे संज्ञान में दिया था, जिस पर मैंने संज्ञान लेते हुए मरम्मत कराने के लिए तत्काल इसका एस्टीमेट विभाग को बनाने के लिए निर्देशित किया था और दो दिन पूर्व ही एस्टीमेट प्राप्त होते मैंने योजना स्वीकृति के लिए अनुमोदित कर विभाग को भेज दिया हूं, अब जल्द टेंडर होकर इस सड़क की मरम्मत होगी।

मंत्री ने बताया कि चार किलोमीटर लंबी इस सड़क की शानदार मरम्मत होगी, जिसमें लगभग चार करोड़ की लागत आएगी। चैनपुर से नेउरा होते सेमरा माइंस तक मरम्मत कार्य शुरू कराया जाएगा।

प्रथम महापौर ने मंत्री को पुनः दीनदयाल मार्ग खुलवाने का अनुरोध किया, जिस पर उन्होंने कहा कि मैं जल्द वहां जाकर स्थल एवं स्थिति का निरीक्षण करते हुए जनहित में मार्ग को चालू कराऊंगा।

मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक, जिला पार्षद फजायल अहमद, अविनाश देव, चंदू गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, गणेश प्रसाद, दिनेश प्रसाद, बिट्टू कमलापुरी, आनंद प्रसाद, उमेश प्रसाद, श्याम रजक, ईश्वरी पांडे, भोला पांडे समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## संजीवनी सेवा कुटीर मरीजों और उनके परिजनों के लिए राहत का केन्द्र



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**हजारीबाग** : हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद द्वारा सदर अस्पताल प्रांगण में संचालित संजीवनी सेवा कुटीर का महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अवलोकन किया। इस अवसर पर उनके साथ बरकट्ठा विधायक अमित यादव भी उपस्थित थे। मंत्री ने कुटीर में उपलब्ध सुविधाओं और कार्यप्रणाली की गहनता से समीक्षा की और इसकी प्रशंसा करते हुए इसे एक अनुकरणीय पहल बताया।

अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि संजीवनी सेवा कुटीर जैसी पहलें स्वास्थ्य सुविधाओं को जनसामान्य तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाती हैं। यह हेल्प डेस्क मरीजों और उनके परिजनों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने में सक्षम है। इसके 24 घंटे सेवाएं देने से मरीजों को बड़ी राहत मिलती है। यह पहल स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नया मील का पत्थर साबित होगी।

यह सेवा कुटीर सदर अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों के लिए एक हेल्प डेस्क के रूप में कार्य करता है। यहां मरीजों को उनकी समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराया जाता है, जैसेः इलाज से जुड़ी जानकारी प्रदान करना, डॉक्टरों की उपलब्धता की जानकारी देना, दवा, टेस्ट, और अन्य मेडिकल प्रक्रियाओं में मदद करना, मरीजों और उनके परिजनों के लिए गाइड के रूप में कार्य करना संजीवनी सेवा कुटीर 24 घंटे कार्यरत है और अस्पताल में आने वाले जरूरतमंद लोगों के लिए यह सहारा बन गया है। बरकट्ठा विधायक अमित यादव ने कहा की यह सेवा न केवल मरीजों की परेशानी को कम करती है, बल्कि उनके जीवन में एक सकारात्मक बदलाव लाती है। इस तरह की पहल हर अस्पताल में होनी चाहिए।

## जिला पर्यटन संवर्धन परिषद की हुई बैठक

# अधिसूचित पर्यटक स्थलों पर सुविधा बहाली पर जोर

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**चतरा**। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्धन परिषद (समिति) के शासी निकाय की बैठक की गई। इसमें अधिसूचित पर्यटन स्थलों के विकास के लिए योजनाओं का चयन और क्रियान्वित का समीक्षा तथा नए पर्यटन स्थलों का चयन से संबंधित समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

बैठक में जिला खेल पदाधिकारी तुषार रॉय ने बताया कि चतरा जिला में विभिन्न श्रेणी में कुल 16 पर्यटक स्थल अधिसूचित है। इटखोरी प्रखंड अंतर्गत भद्रकाली मंदिर ए श्रेणी में है, वह राजकीय महोत्सव के सूची में भी शामिल है। यहां 19, 20 एवं 21 फरवरी को भव्य रूप से राजकीय इटखोरी महोत्सव का आयोजन किया जाता है। हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के कौलेश्वरी मंदिर श्रेणी ए, कान्हाचट्टी प्रखंड क्षेत्र के तमासीन जलप्रपात श्रेणी सी, गिद्धौर के बलबल दुवारी स्थित बागेश्वरी मंदिर श्रेणी सी, चतरा गोवा जलप्रपात, खैवा बंदारू श्रेणी डी, चतरा लक्ष्मणपुर भेड़ी फॉर्म डैम श्रेणी सी, कुंदा महादेव मठ पुराना राजा किला श्रेणी डी, पत्थलगडा के लम्बोइया मंदिर डी, सिमरिया भवानी मठ मंदिर डी, प्रतापपुर बरूरा शरीफ मजार डी, हंटरगंज जोरी काली मंदिर, सिमरिया दासी पहाड़ी मंदिर, चतरा मालूदा फॉल, टंडवा चुंदरू धाम मंदिर, चतरा डुमेर सुमेर फॉल डी श्रेणी में शामिल है।




तुषार रॉय ने सभी अधिसूचित पर्यटन स्थलों पर मुलभूत सुविधाएं साइनेज, डस्टबिन, सीटिंग बेंच एंड और ड्रिंकिंग वाटर , चतरा जिले के विभिन्न अधिसूचित पर्यटन स्थलों पर आवश्यकतानुसार सोलर लाईट की व्यवस्था एवं अधिष्ठापन समेत अन्य से संबंधित प्रस्ताव को क्रम वार समिति के समक्ष रखा जिसपर सर्वसम्मति से विचार विमर्श करते हुए निर्णय लिया गया।

माँ कौलेश्वरी मंदिर स्थित विभिन्न मदों और विभागों से चल रहे विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही विभिन्न पर्यटक स्थलों यथा बक्सा डेम ईटखोरी, पत्थलदास हनुमान मंदिर मेन रोड चतरा, शिव मंदिर, हेरूवा चतरा, शिव मंदिर, बेला मयुरहण्ड, पत्थलगड्डा प्रखंड के ग्राम पंचायत नावाडीह मोरशेरवा पहाड़ को अधिसूचित करने के संबंध में विचार विमर्श करते हुए सर्वसम्मति से प्रस्ताव को जिला स्तर से अनुमोदित कराते हुए विभाग को भेजने का निर्णय लिया गया। जिससे जिले के पर्यटक स्थलों का विकास किया जा सके।

# जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं की दुकानों का औचक निरीक्षण करने का निर्देश



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**पलामू**। राज्य खाद्य आयोग की सदस्य सह प्रभारी अध्यक्ष शबनम परवीन ने स्थानीय परिसदन भवन में बुधवार को जिले में आपूर्ति विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान आयोग कार्यालय से प्राप्त सभी शिकायतों की बारी-बारी से प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संग समीक्षा की।

- राज्य खाद्य आयोग की अध्यक्ष ने आपूर्ति विभाग के कार्यों की समीक्षा की

इस क्रम में जनवरी, 2025 का एनएफएसए के तहत आवंटित खाद्यान्न का उठाव, वितरण और मार्च, 2024 का ग्रीन राशनकार्डधारियों का खाद्यान्न वितरण की समीक्षा की। सभी सहायक गोदाम प्रबंधक और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को ससमय गोदाम से खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण कार्य पूर्ण करने का आदेश दिया।

सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं की दुकानों का औचक निरीक्षण करने और वितरण के संदर्भ में व्यापक जांच करने का निर्देश दिया। वितरण कार्य में पूरी पारदर्शिता लाने पर बल दिया गया। उन्होंने खाद्यान्न वितरण कार्य के दौरान सतर्कता एवं निगरानी समिति की उपस्थिति सुनिश्चित कराने की बात कही।

जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के द्वारा सभी लाभुकों का ई-केवाईसी कार्य की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में आदेश दिया गया कि ? अब तक 48.00% लाभुक सदस्यों का ई-केवाईसी कार्य पूर्ण हुआ है। ई-केवाईसी कार्य 28 फरवरी, 2024 तक पूर्ण कर लिया जाना था। सभी वितरण कार्य के समय ई-केवाईसी नहीं कराएं। प्रतिदिन 1 बजे अपराह्न के बाद ई-केवाईसी के लिए ऑप्शन डीलर के ई पॉश मशीन में ऑप्शन उपलब्ध है।

# धावा दल ने ईंट भट्ठों का किया औचक निरीक्षण



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**गढ़वा**। गढ़वा जिले के डंडई और नगर उंटारी प्रखंड में श्रम अधीक्षक संजय आनन्द की अध्यक्षता में धावा दल ने ईंट भट्ठों का औचक निरीक्षण बुधवार को किया। इस निरीक्षण में ईंट भट्ठों पर बाल श्रमिकों की तलाश की गई, लेकिन कोई बाल श्रमिक कार्यरत नहीं पाया गया।

श्रम अधीक्षक संजय आनन्द ने ईंट भट्ठों के मालिकों को कड़ी चेतावनी दी। कहा कि यदि भविष्य में किसी ईंट भट्ठे पर बाल श्रमिक पाए जाते हैं, तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि बाल श्रम करने पर नियोजकों को 6 माह से 2 वर्ष तक की सजा और 20,000 से 50,000 रुपये तक का जुमार्ना हो सकता है, या फिर दोनों दंड का प्रावधान है।

# गरीब, असहाय व जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**लोहरदगा**। जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत रघुटोली में कड़ाके की ठंड से निजात पाने के लिए गरीब, असहाय और जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार, हिंडाल्को सीएसआर प्रमुख के नीरज कुमार व हिंडाल्को लीगल विभाग के अनिल कुमार पाठक उपस्थित रहे।




डालसा सचिव राजेश कुमार ने बताया कि शहरी क्षेत्र और विभिन्न पंचायतों में हिंडाल्को लिमिटिड कंपनी के माध्यम से प्राप्त 500 कंबल का वितरण किया जा रहा है। डालसा कार्यालय अंतर्गत विभिन्न थानों, ब्लॉकों, पंचायतों, सदर अस्पताल, जेजेबी, सीडब्ल्यूसी, सखी वन स्टॉप सेंटर में प्रतिनियुक्ति पीएलवी के माध्यम से लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया जा रहा है। न्यायिक पदाधिकारियों के द्वारा भी क्षेत्र भ्रमण कर लोगों को ठंड से बचने के लिए कंबल का वितरण किया जा रहा है। डालसा सचिव ने कहा कि ठंड काफी बढ़ गई है। ऐसे में आप अपना अच्छे से ख्याल रखें। ठंड से बचने का प्रयास करें। अनावश्यक घर के बाहर नहीं निकालें। मौके पर पीएलवी गौतम लेनिन, मंजू खाखा, रोहित कुमार, शाहिद हुसैन, अजहर अहमद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### चरही के यूपी मोड़ में शुरू हुआ कार्य

**हजारीबाग** : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्रवके सांसद मनीष जायसवाल ने बीते दिनों लोकसभा सत्र के क्रम में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी जी, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव जी एवं अन्य अधिकारियों से मुलाकात कर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के तीन प्रमुख ब्लैक स्पॉट की जानकारी दी थी और तत्काल इन ब्लैक स्पॉट पर कार्य करने का आग्रह किया था । सांसद मनीष जायसवाल के पहल और संबंधित विभाग के केंद्रीय मंत्री और उच्चाधिकारी तक इस मामले के पहुंचते ही इस पर पहल शुरू हो गया। चरही के यूपी मोड़ में युद्धस्तर पर काम चल रहा है।

# 25 साल की सेवा पूरी करने वाले शिक्षक किए गए सम्मानित

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**पलामू**। झारखंड के सीमांत प्रखंड हुसैनाबाद में बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा सन् 2000 में नियुक्त शिक्षकों का 25 साल पूरे होने पर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने राजकीयकृत मध्य विद्यालय, हुसैनाबाद में सम्मान समारोह का आयोजन 8 जनवरी को किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामेश्वर मेहता, सुरेंद्र कुमार सिंह द्वय निवर्तमान निकासी व्यन पदाधिकारी व सुनील कुमार निकासी व्यन पदाधिकारी हुसैनाबाद- हैदरनगर थे।

2000 में नियुक्त शिक्षकों को गुलाब का फूल, बुके देकर सम्मानित किया गया। केक काटा गया। इसके बाद 1994 के नियुक्त शिक्षकों द्वारा इन्हें पेन व डायरी देकर सम्मानित किया गया। शिक्षक अंगद प्रसाद ने स्वरचित पुस्तक 'झारखंड में बौद्ध विरासत' नामक पुस्तक भेंट की। 25 साल सेवा पूरी करने वालों में निर्मल कुमार प्रखंड सचिव, महेंद्र प्रसाद, धुरेंद्र कुमार, दिवाकर प्रसाद, योगेंद्र पासवान, परमानंद प्रियदर्शी, विजय चौधरी, बिहारी रजक, विजय राम व आशा कुमारी शामिल हैं।



सम्मानित होनेवाले शिक्षक निर्बाध सेवा पूरी करने पर आह्लादित हो रहे थे। ससमय प्रोन्नति नहीं मिलने का दर्द भी झलक रहा था। 2000 के नियुक्त प्रखंड सचिव निर्मल कुमार व धुरेंद्र प्रसाद ने संबोधन में दर्द झलक रहा था। वे अपने को रोक नहीं पाये। कहा कि नियुक्ति के समय हमसब पेड़ के नीचे पढ़ाते थे। बिल्डिंग बन गयी। पढ़ाये हुए बच्चे विभिन्न क्षेत्रों में अच्छे पद पर सेवा दे रहे हैं, लेकिन हमसब आज वहीं हैं। रोषपूर्ण अंदाज में द्वय वक्ताओं ने कहा कि निकट भविष्य में एमएसीपी नहीं मिला तो आत्मदाह करने को बाध्य हो जायेंगे।

वक्ताओं में रामेश्वर मेहता, सुरेंद्र सिंह, सुनील कुमार,अंगद प्रसाद, राजेश कुमार गुप्ता,जितेंद्र राम,शंकर राम,विश्वनाथ प्रसाद, रविंद्र कुमार चौधरी, गिरिवर राम, रंजीत कुमार, सुरेंद्र राम, अभिषेक शर्मा अध्यक्ष सहायक अध्यापक संघ, रश्मि प्रकाश, बीआरसी कर्मियों में सन्नी कुमार, विनोद राम प्रखंड साधन सेवी, कम्प्यूटर ऑपरेटर सहित दर्जनों शिक्षक ने इन सबों के स्वस्थ, दीघार्यु व प्रसन्नचित रहने की कामना की। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड अध्यक्ष, हुसैनाबाद जुबैर अंसारी ने किया।

## संक्षिप्त

### सांसद से मिला फेडरेशन प्रतिनिधिमंडल



**बोकारो।** सेल एससी-एसटी इम्प्लाईज फेडरेशन केंद्रीय कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बोकारो यूनिट अध्यक्ष एमके अभिमन्यु के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद ढुल्लू महतो से उनके आवास पर मिला। प्रतिनिधिमंडल ने सांसद को नववर्ष की बधाई दी, साथ ही बोकारो की समस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। सांसद श्री महतो ने भी फेडरेशन के लोगों बधाई देते हुए श्रमिकों के हित में अपनी ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। मौके पर पूर्व भीष्म बैठा, सुरेश कुमार पासवान, पीयूष कुमार, इन्दिरा देवी, खुशबू कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### लक्ष्मी नारायण मंदिर का स्थापना दिवस 18 को



**बोकारो।** जरीडीह प्रखंड की तांतरी पंचायत स्थित श्री श्री सार्वजनिक लक्ष्मी नारायण मंदिर हरिश्वर धाम का 13 वां स्थापना दिवस आगामी 18 जनवरी माघ कृष्ण पक्ष पंचमी को मनाया जाएगा। मुखिया गिरिन्द्र मिश्रा व उप मुखिया नमित मिश्रा ने बताया कि मंदिर के मुख्य पुरोहित कृष्ण मुरारी पांडेय यजमान के हाथों विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करने के बाद शाम से महाप्रसाद का लंगर लगेगा। स्थापना के दिन इलाके के श्रद्धालु आकर गाजे बाजे के साथ धूमधाम से राधे राधे जागरण में हरि नाम करेंगे।

### छिनतई के दो आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल



**बोकारो।** बीते 6 जनवरी को दिन-दहाड़े एक लाख रुपए से भरा पर्स और एक लड़का व एक लड़की से उनका मोबाइल छिनतई कर भाग रहे दो आरोपियों को पुलिस ने बुधवार को तेनुघाट जेल भेज दिया। आरोपियों में रामगढ़ के कुजू थाना क्षेत्र के सांडी निवासी दीपक कुमार व बीटीपीएस थाना के कश्मीर कॉलोनी निवासी सोनू राम शामिल है। दोनों से छीना गया मोबाइल, पर्स, नकदी और चोरी की बाइक भी बरामद की गई है। बता दें कि घटना के बाद भाग रहे आरोपी दीपक को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा था। वहीं दूसरे आरोपी अमन कुमार उस समय चकमा देकर भाग गया था। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि आरोपी दीपक के निशानदेही पर दूसरे को चोरी के सामानों के पकड़ा गया था। बताया कि दीपक रामगढ़ में मोबाइल छिनतई के आरोप में जेल गया है। वहीं अमन बीटीएस थाना में चोरी व छिनतई के आरोप में वारंटी है। इससे पहले भी आरोपी चोरी व छिनतई जैसी वारदात कर जेल जा चुके हैं।

# टाटा स्टील के जमशेदपुर ब्लास्ट फर्नेस ने रचा इतिहास, 50 एमटी उत्पादन का आंकड़ा किया पार

**प्रातःनागपुरी संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने आज एक महत्वपूर्ण कीर्तिमान बनाया है, जब जमशेदपुर स्थित कंपनी के पहले बड़े पैमाने के एच-ब्लास्ट फर्नेस ने 50 मिलियन टन हॉट मेटल उत्पादन का आंकड़ा पार कर लिया।

यह उपलब्धि एच-ब्लास्ट फर्नेस को भारत का पहला ऐसा फर्नेस बनाती है, जिसने बिना किसी मध्यवर्ती मरम्मत के इस उपलब्धि को हासिल किया है, और स्टील उद्योग के लिए एक नई मिसाल

> बिना किसी मध्यवर्ती मरम्मत के 50 मिलियन टन पार करने वाला भारत का पहला ब्लास्ट फर्नेस
>
> 2008 में स्थापित यह फर्नेस हर साल अपनी निर्धारित क्षमता से 20% अधिक उत्पादन कर रहा है

कायम की है। एचब्लास्ट फर्नेस 2008 में चालू किया गया था, जिसका कार्यशील आयतन 3230ऽ है। अपनी शुरूआत के समय से ही, इस फर्नेस ने अपनी



निर्धारित क्षमता से लगभग 20% अधिक उत्पादन बरकरार रखा है और हर साल 3 मिलियन टन से अधिक उत्पादन किया है। यह उपलब्धि प्लांट की प्रक्रिया नियंत्रण, परिचालन दक्षता और क्रॉस-फंक्शनल टीमों की तत्परता का अद्वितीय प्रमाण है, जिन्होंने निरंतर चुनौतियों का सामना किया और नवाचारपूर्ण समाधानों के साथ उत्कृष्टता पर ध्यान केंद्रित किया।

चैतन्य भानु (वाइस प्रेसिडेंट - ऑपरेशंस, टाटा स्टील, जमशेदपुर) ने कहा कि 50 मिलियन टन हॉट मेटल उत्पादन बिना किसी मध्यवर्ती मरम्मत के हासिल करना टाटा स्टील के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, और यह हमारे टीमों की असाधारण इंजीनियरिंग और परिचालन क्षमता का जीवंत प्रमाण है। एच ब्लास्ट फर्नेस ने उत्पादकता और दक्षता के नए मानक स्थापित किए हैं। यह हमारे सतत और नवोन्मेषी स्टील निर्माण दृष्टिकोण के प्रति हमारी गहरी प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित करता है। यह सफलता न केवल हमें स्टील उद्योग में वैश्विक नेतृत्व की दिशा में मजबूती प्रदान करती है, बल्कि हमें उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए भी प्रेरित करती है।

वर्षों के दौरान एच ब्लास्ट फर्नेस ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण सम्मान प्राप्त किया है। यह लगातार नौ वर्षों तक भारत में सबसे उच्च कोल इंजेक्शन का रिकॉर्ड कायम रखता है और अपनी ऊर्जा-बचत नवाचारों के लिए भारत के राष्ट्रपति से सम्मानित प्राप्त कर चुका है।

इसके अलावा, इसने हॉट मेटल गुणवत्ता में उद्योग के लिए नए मानक स्थापित किए हैं, खासकर सिलिकन सामग्री पर सख्त नियंत्रण बनाए रखते हुए। वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन ने भी इस फर्नेस की प्रोसेस सेफ्टी में असाधारण अभ्यासों को दो वर्षों तक मान्यता दी है, जो इसकी निरंतर सफलता का स्पष्ट प्रमाण है।

### बोकारो में स्वास्थ्य सेवाओं के खराब प्रदर्शन को लेकर बिफरीं डीसी

# सिविल सर्जन समेत कई को शो-कॉज

- अगले आदेश तक सभी संबंधित अफसरों के वेतन भुगतान पर लगाई रोक

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में बोकारो जिले की स्थिति अच्छी नहीं है। इसे लेकर जिले की उपायुक्त विजया जाधव ने नाराजगी जताई है। न केवल नाराजगी जताई, बल्कि इसके लिए कड़ा रुख अपनाते हुए तमाम वरीय अधिकारियों को शोकॉज जारी किया, साथ ही संबंधित अफसरों के वेतन पर अगले आदेश तक के लिए रोक लगाने का भी निर्देश दे दिया है।

बुधवार को जिला समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की। मौके पर सिविल सर्जन (सीएस) डा. अभय भूषण प्रसाद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी (डीएसडब्ल्यूडी) डा. सुमन गुप्ता, सभी प्रखंडों के प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी (एमओआईसी), जिला कार्यक्रम पदाधिकारी दीपक कुमार, सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे। इस दौरान उपायुक्त ने क्रमवार गर्भवती महिलाओं का एएनसी निबंधन/एएनसी जांच, हीमोग्लोबिन जांच, कैल्शियम, एल्बेंडाजोल, फोलिक एसिड की दवाओं के वितरण, पोस्टमार्टम चेकअप, फैमिली प्लानिंग, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम (जेएसएसके) के तहत मां और बच्चों का उचित देखभाल झ भोजन उपलब्ध कराने को लेकर प्रखंडवार विस्तृत समीक्षा की। इस क्रम में लक्ष्य अनुरूप प्रदर्शन नहीं करने को लेकर नावाडीह, कसमार एवं गोमिया प्रखंड के प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी (एमओआईसी), प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (बीपीएम) एवं योजनाओं के ससमय क्रियान्वयन/प्रदर्शन बेहतर करने को लेकर निगरानी/अपने स्तर पर समीक्षा बैठक नहीं करने/क्षेत्र भ्रमण नहीं करने को लेकर सिविल सर्जन एवं डीपीएम से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। वहीं, अगले आदेश तक के लिए सभी संबंधितों का वेतन स्थगित करने को कहा। उपायुक्त ने सभी को प्रदर्शन में अविलंब सुधार लाने को कहा। उन्होंने प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारियों को अपने प्रखंड मुख्यालय में ही रहने का निर्देश दिया। कहा कि इसमें किसी तरह की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने एमओआईसी को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की निगरानी करते हुए लक्ष्य अनुरूप प्रदर्शन का निर्देश दिया। गर्भवती महिलाओं का एएनसी रजिस्ट्रेशन करने, उनकी सही समय पर एएनसी जांच करने, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) पर आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध एएनसी किट का इस्तेमाल करते हुए नियमित जांच करने, संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर के लिए निर्धारित मानक अनुरूप प्रदर्शन करने को कहा।

#### अभियान चलाकर विशेष शिविर लगाने का निर्देश



समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने समाज कल्याण विभाग के साथ समन्वय करते हुए कसमार, नावाडीह एवं गोमिया प्रखंड में अभियान चलाकर विशेष कैंप का आयोजन करने को कहा। वहीं, डीएसडब्ल्यूओ, संबंधित एमओआईसी, डीपीएम झ आईईसी इंचार्ज को शिविर में शामिल होने को कहा। समीक्षा क्रम में जिला समन्वयक एवं आईईसी इंचार्ज द्वारा विभाग के संचालित योजनाओं का सही ढंग से प्रचार झ प्रसार नहीं करने, कार्य झ दायित्व में दिलचस्पी नहीं लेने को लेकर स्पष्टीकरण पूछने एवं अगले आदेश तक वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को निजी क्लिनिकों में नि:शुल्क अल्ट्रासाउंड कराने को लेकर हुए एमओयू का व्यापक प्रचार झ प्रसार करने को भी कहा। परिवार नियोजन के दिशा में भी लक्ष्य अनुरूप कार्य नहीं होने पर उपायुक्त ने नाराजगी जताई। वहीं, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम (जेएसएसके) के तहत अस्पताल में इलाजरत महिलाओं को नाश्ता – भोजन, अस्पताल आने और जाने के लिए खर्च उपलब्ध कराने आदि का निर्देश दिया। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा करते हुए जरूरी दिशाझनिर्देश दिया गया। सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग के तहत सभी संचालित योजनाओं में जिले का प्रदर्शन बेहतर करने को लेकर कहा।

## ठंड के बावजूद स्वदेशी मेले में उमड़ने लगी खरीदारों की भीड़



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो ।** स्वदेशी जागरण मंच की ओर से नगर के सेक्टर 4 स्थित मजदूर मैदान में आयोजित इस्पतांचल स्वदेशी मेले में कड़ाके की ठंड के बावजूद खरीदारों की भीड़ उमड़ने लगी है। यूपी के सहारनपुर की हैंडीक्राफ्ट तथा गया हैंडीक्राफ्ट वस्तुएं हर उम्र के लोगों को लुभा रही है।

यहां लकड़ी के बने खिलौने मिल रहे हैं, जो बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को आकर्षित कर रहे हैं। लोग अपने परिवार के लिए लकड़ी से बने सामानों की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। इधर, मेला घूमने आए नगरवासियों के लिए आयोजित ज्ञान, ध्यान व गान संध्या में बुधवार को आर्ट ऑफ लिविंग के लोगों ने अपनी उम्दा कला के प्रदर्शन से लोगों को आनन्दित किया। मालूम हो कि स्वदेशी मेला में मंच द्वारा घूमने आए दर्शकों का विशेष ध्यान रखा जाता है। प्रत्येक दिन भांति-भांति के ज्ञानपरक और मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। मंगलवार की शाम गीत-संगीत का आयोजन हुआ था।

## हाइवा की टक्कर से युवक घायल

**बोकारो ।** जारंगडीह रेलवे स्टेशन के समीप स्थित कथारा-फुसरो मुख्य मार्ग पर बुधवार को एक हाइवा डंफर ने बोकारो थर्मल के लहरियाटांड़ गांव निवासी बाइक सवार आशीष कुमार को टक्कर मारकर फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल आशीष को रास्ते से गुजर रहे सीसीएल कथारा के अधिकारी राजीव रंजन व जारंगडीह कोलियरी के ओवरमैन सौरव कुमार ने अपने निजी वाहन से इलाज के लिए ढोरी केंद्रीय अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद आशीष को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। आशीष ने बताया कि उसका पैर टूट गया है।

## जीजीईएसटीसी ने दिल्ली की संस्था से किया समझौता

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो ।** चास के कांड्रा स्थित गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसायटीज टेक्निकल कैंपस (जीजीईएसटीसी) ने बुधवार को नई दिल्ली की लर्नेट स्किल्स लिमिटेड के साथ एमओयू (मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग) किया है।

एमओयू के तहत लर्नेट कंपनी, कॉलेज के बीबीए, बीसीए व एमबीए के छात्र-छात्राओं की 8 घंटों की एम्प्लॉयबिलिटी इन्वेस्टमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित करेगी, जो ऑफलाइन तथा ऑनलाइन मोड का होगा। साथ ही टेस्ट भी आयोजित करेगी, जो व्यक्तित्व परीक्षण होगा। लगभग 200 छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण का लाभ मिलेगा। एमओयू पर हस्ताक्षर विजय कुमार लर्नेट के ऑपरेशन हेड तथा कालेज निदेशक डॉ. प्रियदर्शी जरुहार ने किया।

इस दौरान विजय कुमार ने बताया कि संस्था, राष्ट्रीय कौशल विकास कार्पोरेशन के साथ संयुक्त पहल के तहत इन प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन करेगी। मौके पर श्रेया बनर्जी कार्यक्रम प्रमुख झारखंड, नीरज कुमार समन्वयक, श्वेता ट्रेनर मौजूद थे। कॉलेज से डॉ. एपी बर्णवाल, प्रो. विकास कुमार जैन, प्रो. सलीम अहमद, प्रो. अपूर्वा सिन्हा, प्रो. कृतिका चौधरी, प्रो. रश्मि ठाकुर और अनुवर्तित एक्का मौजूद रहे। इस पर अध्यक्ष तरसेम सिंह व सचिव सुरेंद्र पाल सिंह ने बधाई दी।

## बोकारो इस्पात संयंत्र में ग्रीनको रेटिंग सिस्टम का शुभारंभ

- पर्यावरण मैत्री उत्पादन और हरित बुनियादी ढांचे के लिए नवाचार को मिलेगा बढ़ावा
- 1000 से अधिक इकाइयां कर रहीं काम, 3500 करोड़ रुपए की वार्षिक बचत

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सी आई आई) की ओर से विकसित ग्रीनको रेटिंग सिस्टम उत्पादन कंपनियों को पर्यावरण को बेहतर बनाने में सहायता प्रदान करता है।



ग्रीनको रेटिंग सिस्टम ऊर्जा के क्षेत्र में दस मुख्य कारकों दक्षता, नवीकरणीय ऊर्जा, जल संरक्षण, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी, अपशिष्ट प्रबंधन, सामग्री संरक्षण, पुनर्चक्रण हरित आपूर्ति श्रृंखला, उत्पाद भण्डारण, जीवन चक्र मूल्यांकन, पर्यावरण और हरित बुनियादी ढांचे के लिए नवाचार और पारिस्थितिकी जैसे प्रथाओं के मूल्यांकन और उन्हें बढ़ाने के लिए एक रूपरेखा प्रदान करता है। बुधवार को बीएसएल के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में ग्रीनको रेटिंग सिस्टम पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकारी निदेशक प्रभारी एवं अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी ने परंपरागत तरीके से दीप प्रज्वलित कर इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सीआर मिश्रा, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी, बीजीएच के प्रभारी डॉ. बी बी करुणामय, भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सी. शिवानंद, विवेक कुमार सिंह एवं रवि कुमार के साथ मुख्य महाप्रन्धक, विभागाध्यक्ष तथा वरीय अधिशासीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन बिजनेस एक्सीलेंस विभाग के विभागाध्यक्ष एके के सिन्हा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का संचालन बिजनेस एक्सीलेंस विभाग की वरीय प्रबंधक देवयानी चक्रवर्ती ने किया तथा कार्यक्रम का समापन अनुपमा तिवारी, महाप्रबंधक (बिजनेस एक्सीलेंस) के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

#### सेल में ट्रेनिंग के लिए पहली इकाई बनी बीएसएल

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, बोकारो स्टील प्लांट को सेल की पहली इकाई के रूप में ग्रीनको रेटिंग सिस्टम के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए चुना गया है। बीएसएल में इसके परिचालन और कार्यान्वयन के आधार पर इस सिस्टम को सेल के अन्य इकाइयों में लागू करने का निर्णय लिया जाएगा। वर्तमान में, 1000 से अधिक इकाइयां अपनी वृद्धि के लिए ग्रीनको रेटिंग को लागू करने पर काम कर रही हैं। ग्रीनको को अपनाने के बाद कंपनियों को 3500 करोड़ रुपये की वार्षिक बचत हुई है। एनपी श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (ईसीएस) ने सभी लोगों का स्वागत किया। नितेश रंजन, सहायक महाप्रबंधक (ईसीएस) के द्वारा बोकारो स्टील में अपनायी गयी प्रक्रियाओं पर एक प्रस्तुतीकरण किया गया। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के ग्रीनको टीम के द्वारा भी एक प्रस्तुतीकरण किया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्रॉस फंक्शनल टीमों का गठन किया गया है, जो मिलकर ग्रीनको रेटिंग प्रणाली के लागू करने के बारे में काम करेंगी।

## टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में ब्लैकबक और नीलगाय के बाड़े का उद्घाटन

**प्रातःनागपुरी संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क ने आज एक और नई उपलब्धि के साथ इतिहास रचते हुए मृगों (ब्लैकबक और नीलगाय) के लिए विशेष बाड़े का उद्घाटन किया।

इस आधुनिक बाड़े का शुभारंभ टाटा स्टील के कॉरपोरेट सर्विसेज के वाइस प्रेसिडेंट और टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क के डायरेक्टर चाणक्य चौधरी ने किया। नव निर्मित बाड़ा टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क की उस प्रतिबद्धता का हिस्सा है, जो पशुओं के लिए समृद्ध और प्राकृतिक आवास उपलब्ध कराने, वन्यजीव संरक्षण को



बढ़ावा देने और आगंतुकों को अनूठा अनुभव प्रदान करने पर केंद्रित है। यह बाड़ा विस्तृत क्षेत्र में फैला हुआ है और इसे ब्लैकबक और नीलगाय के प्राकृतिक आवास की तर्ज पर बेहद सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया है। इसमें हरे-भरे मैदान, छायादार स्थान, और खुला लेकिन सुरक्षित वातावरण शामिल है, जो जानवरों को आराम और सुरक्षा देता है। साथ ही, आगंतुकों के लिए यह एक अद्भुत अवसर प्रदान करता है, जहां वे शांत और प्राकृतिक माहौल में इन सुंदर जीवों को निहार सकते हैं। इस अवसर पर चाणक्य चौधरी ने कहा, ह्यटाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क वन्यजीव संरक्षण और जागरूकता को बढ़ावा देने में सदैव अग्रणी रहा है। ब्लैकबक और नीलगाय के बाड़े का उद्घाटन हमारी इस प्रतिबद्धता का एक और महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल न केवल वन्यजीव संरक्षण के महत्व को उजागर करती है, बल्कि पर्यावरणीय सस्टेनेबिलिटी के प्रति टाटा स्टील की वर्षों से चली आ रही प्रतिबद्धता को भी सुदृढ़ करती है। इस प्रकार, टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क (टीएसजेडपी) मानव और वन्यजीवों के बीच सामंजस्य को बढ़ावा देने के अपने दृष्टिकोण की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। मृगों के नए आवास के उद्घाटन जैसी पहल इसके प्रकृति और उसके जीवों के प्रति गहरी समझ विकसित करने की प्रतिबद्धता को और मजबूती प्रदान करती है।

#### भोपाल में झारखंड के बाल वैज्ञानिकों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

## राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में बोकारो के छह बच्चों सहित 14 बाल वैज्ञानिक हुए शामिल




**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** झारखंड के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का परिचय देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपना लोहा मनवाया है। भोपाल (म.प्र.) के रवीन्द्र भवन कन्वेंशनल हॉल में 03-06 जनवरी 2025 को आयोजित 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में राज्य के 14 बाल वैज्ञानिकों ने अपने वैज्ञानिक कौशल का परिचय दिया।

इनमें बोकारो की 6 टीमें शामिल रहीं। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार की ओर से आयोजित इस 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में भारत सहित विदेशों से भी कुल 680 बाल वैज्ञानिकों की प्रस्तुति रही। सभी टीमों ने कार्यक्रम के मुख्य विषय - 'स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए पारिस्थितिकी तंत्र को समझना' पर अपने प्रदर्श प्रस्तुत किए। इनमें झारखंड टीम में शामिल विद्यार्थियों ने अपनी कुशल रचनात्मकता और नवोन्मेषता की बदौलत सबकी भरपूर सराहना पाई।

साइंस फॉर सोसाइटी, झारखंड एवं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के शैक्षणिक समन्वयक राजेन्द्र कुमार ने इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि पूरे देश में राज्य स्तरीय आयोजन के लिए हरेक राज्य में एक-एक नोडल संस्था है। झारखंड में इस आयोजन के लिए साइंस फॉर सोसाइटी को अधिकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस में 14 जिले से चयनित 84 बाल वैज्ञानिकों में से 14 बाल वैज्ञानिकों का चयन राष्ट्रीय प्रतिभागिता के लिए हुई थी।

# श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन ध्रुव चरित्र प्रसंग का हुआ बखान

### ईश्वरीय कृपा से ही मानव जीवन की सफलता संभव : सांसद ढुल्लू

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो ।** जीवन में आध्यात्मिकता अत्यंत आवश्यक है। बिना भगवान की कृपा के कुछ भी पाना संभव नहीं है। ईश्वर की कृपा से ही मानव जीवन को सफल बनाया जा सकता है। ये बातें धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद ढुल्लू महतो ने कही। बुधवार को नगर के सेक्टर- 9 स्थित वैशाली मैदान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान-यज्ञ के दूसरे दिन वह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

धर्म जनजागरण समिति की ओर से इस आठदिवसीय अनुष्ठान का दीप प्रज्जवित कर उद्घाटन करते हुए इस



प्रकार के आयोजन को महत्वपूर्ण बताया। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति झारखंड कुमार अमित, मंटू राय, ब्रज दुबे, योगेन्द्र कुमार आदि भी मुख्य रूप से उपस्थित थे। कथा में आचार्य वशिष्ठ देशमुख महाराजजी ने ध्रुव के चरित्र की चर्चा की। महाराज जी ने कहा कि ध्रुवजी को यह नहीं पता था कि कहां जाना हैं, लेकिन वह पूरे दृढ़ निश्चय के साथ वन में चलते गए। भगवान की ओर बढ़ते समय ध्रुव को देवर्षि नारद मिले। नारद जी ने ध्रुव की पूरी बात सुनी और कहा- बेटा, तुम अभी बहुत छोटे हो, इस उम्र में क्या मान अपमान? तुम प्रसन्न रहो और भगवान के द्वारा जैसा निर्धारित होता है, उसमें संतोष करो। भगवान से मिलना कठिन होता , और बड़े योगी और मुनि बहुत लंबे समय तक तपस्या करने के बावजूद भगवान के दर्शन को अनेक जन्मों के बाद ही प्राप्त कर पाते हैं।

देवर्षि की बातों के बावजूद, ध्रुव के निश्चय में कोई बदलाव नहीं हुआ। देवर्षि ने ध्रुव की पूरी आस्था को देखकर उन्हें भगवत प्राप्ति का मंत्र देने का निश्चय किया। ध्रुवजी पर सन्त कृपा हुई देवर्षि ने उन्हें आशीर्वाद दिया- बेटा! तेरा कल्याण होगा। अब तुम श्री यमुना जी के तट पर जाओ। वहां पर निरंतर ॐ नमो भगवते वासुदेवायह्न इस द्वादश मंत्र का जाप करो। इस कार्यक्रम में आयोजन समिति के सदस्यों के रूप में गौरांग चंद्र, गणेश अग्रवाल, रवि शंकर, मनीष कुमार पाण्डेय, कुलदीप कुमार, रामनरेश प्रसाद, सुजीत कुमार, गगन दास, अशोक महली, मनोज कुमार, गणेश महतो, नरेश कंधवे, अनमोल, बीरेंद्र कुमार, अमित गिरि, आशीष कुमार, जयंत दत्ता, विजय कुमार, यशराज आदि सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# नये भारत के निर्माण में प्रवासी भारतीयों की शक्ति लगे

प्रवासी भारतीय दिवस



ललित गर्ग

**दुनिया में सर्वाधिक प्रवासी भारतीय हैं। वर्तमान में खाड़ी देशों में लगभग 8.5 मिलियन भारतीय रहते हैं जो दुनिया में प्रवासियों की सबसे बड़ी आबादी है। संयुक्त राज्य अमेरिका में लगभग 4 मिलियन भारतीय हैं। यहाँ मैक्सिको के बाद भारतीयों की दूसरी सबसे अधिक आबादी है। इसके अतिरिक्त कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, मलेशिया, मॉरीशस, श्रीलंका, सिंगापुर, नेपाल सहित अन्य देशों में प्रवासी भारतीयों की बड़ी आबादी रहती है।**

प्रवासी भारतीय दिवस भारत के विकास में प्रवासी भारतीय समुदाय के योगदान को चिह्नित करने के लिए हर साल 9 जनवरी को मनाया जाता है। 1915 में इसी दिन महात्मा गांधी, सबसे बड़े प्रवासी के रूप में दक्षिण अफ्रीका से भारत लौट थे और भारत के स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया। यह दिवस भारत सरकार का एक प्रमुख, दूरगामी एवं उद्देश्यपूर्ण कार्यक्रम है, जो विदेशों में बसे भारतीयों को भारत के साथ जोड़ने और आपस में संवाद करने का एक मंच प्रदान करता है। इस वर्ष का 18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन 8 से 10 जनवरी 2025 के बीच ओडिशा राज्य सरकार के सहयोग से भुवनेश्वर में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष के इस दिवस की थीम है ह्यविकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदानह्न। यह थीम भारत को आत्मनिर्भर और विश्वस्तरीय विकसित राष्ट्र बनाने में प्रवासी भारतीयों के योगदान को रेखांकित करती है। क्योंकि प्रवासी भारतीय आज वैश्विक व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण और विशिष्ट शक्ति बन गया है, जो हर क्षेत्र में एक ऊर्जावान और आत्मविश्वासी समुदाय के रूप में विकसित होकर भारत का गौरव बढ़ा रहा है और विभिन्न देशों में उच्च पदों पर स्थापित होकर विश्व मामलों में शानदार योगदान दे रहा है। प्रवासी भारतीयों ने असाधारण समर्पण, प्रतिभा कौशल, लगन और कड़ी मेहनत का प्रदर्शन करते हुए कला, साहित्य, संस्कृति, राजनीति, खेल, व्यवसाय, शिक्षा, फिल्म परोपकार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहित जीवन के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट बनने के लिए कई चुनौतियों को पार किया है।

दुनिया में सर्वाधिक प्रवासी भारतीय हैं। वर्तमान में खाड़ी देशों में लगभग 8.5 मिलियन भारतीय रहते हैं जो दुनिया में प्रवासियों की सबसे बड़ी आबादी है। संयुक्त राज्य अमेरिका में लगभग 4 मिलियन भारतीय हैं। यहाँ मैक्सिको के बाद भारतीयों की दूसरी सबसे अधिक आबादी है। इसके अतिरिक्त कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, मलेशिया, मॉरीशस, श्रीलंका, सिंगापुर, नेपाल सहित अन्य देशों में प्रवासी भारतीयों की बड़ी आबादी रहती है। विदेशों में रहते हुए भी प्रवासी भारतीय अपने देश, अपनी माटी, अपनी संस्कृति एवं अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं। आज की तारीख में भारतीय नई शक्ति के तौर पर अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर अपना लोहा मनवा चुके हैं। विश्व बैंक की रिपोर्ट में बताया गया है कि पूरी दुनिया में सबसे अधिक पैसा भारतीयों ने अपने देश भेजा है। विश्व बैंक के आंकड़ों से पता चला है कि 2024 में भारत को प्रवासी भारतीयों से 129 बिलियन



डॉलर का धन मिला है। यह अब तक का सबसे ज्यादा है। भारत की विकास गाथा लिखने के साथ परोपकारी कार्य करने के लिए प्रवासी भारतीयों द्वारा भेजे गए धन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रवासी भारतीयों को अपनी सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने के कारण ही साझा पहचान मिली है। उनकी सफलता का श्रेय उनकी परम्परागत सोच, सांस्कृतिक मूल्य, शैक्षणिक योग्यता एवं प्रतिभा को दिया जाना चाहिए। वैश्विक स्तर पर सूचना तकनीक के क्षेत्र में क्रांति में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रवासी भारतीयों की ताकत को देखते हुए और उन्हें अपनी जड़ों से जोड़ने के लिए 2002 में एनडीए की अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने हर वर्ष 9 जनवरी को प्रवासी भारतीय दिवस मनाने का निर्णय किया था।

नौकरी, उद्योग, व्यापार और दूसरे कई कारणों से अपना देश छोड़कर दूसरे देशों में रहने वालों में भारतीयों की आबादी दुनिया में सर्वाधिक है। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और कई अन्य देशों में भारतीय वहां की सरकारों में मंत्री और सांसद तो निर्वाचित हुए ही हैं बल्कि नीति निर्धारक विभागों में उच्च पदों पर आसीन हैं। भारतीयों की खासियत है कि वे जिस भी देश में गए उन्होंने वहां की संस्कृति और संविधान को आत्मसात कर लिया। वहां के व्यापार, उद्योग, चिकित्सा क्षेत्र आदि में महत्वपूर्ण योगदान दिया। भले ही प्रवासी भारतीयों ने वहां का सब कुछ आत्मसात कर लिया है लेकिन वह भारत माता की माटी की सुगन्ध को नहीं भूले। उनकी रगों में भारत की संस्कृति एवं संस्कार रचे-बसे हैं। प्रवासी भारतीयों के समर्थन से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता एक वास्तविकता बन सकती है। भारत ने नवंबर 2017 में अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में न्यायमूर्ति दलवीर भंडारी की पुनर्नियुक्ति के लिए संयुक्त राष्ट्र में दो-तिहाई मत हासिल कर अपने राजनयिक प्रभाव का प्रदर्शन किया। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया के कोने-कोने में भारतवंशी और प्रवासी भारतीयों की राजनीतिक, आर्थिक और कारोबारी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती ऊंचाइयां भारत के तेज विकास के मद्देनजर महत्वपूर्ण हो गई हैं।

दुनिया के अनेक देशों में कई और भारतवंशी राजनेता अपने-अपने देशों को आगे बढ़ाते हुए विश्व के समक्ष भारत के चमकते हुए चेहरे हैं। साथ ही ये विश्व मंच पर भारत के हितों के हिमायती भी हैं और हरसंभव तरीके से भारत के विकास में अपना अहम योगदान देते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। इतना ही नहीं, दुनिया के विभिन्न देशों में राजनीति की ऊंचाइयों पर पहुंचने के साथ-साथ भारतवंशी व प्रवासी भारतीय वैश्विक आर्थिक व वित्तीय संस्थानों आईटी, कम्प्यूटर, मैनेजमेंट, बैंकिंग, वित्त आदि के क्षेत्र में भी बहुत आगे हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि भारतवंशियों और प्रवासी भारतीयों के लिए विदेशों की नई संस्कृति में ढलकर इस तरह की सफलता हासिल करना आसान नहीं होता है। ऐसे विभिन्न क्षेत्रों के चमकते सितारे अपनी चमक का लाभ मातृभूमि भारत के लिए भी विस्तारित कर रहे हैं। गौरतलब है कि अमेरिका सहित दुनिया के विभिन्न देशों में भारत को विकास की डगर पर आगे बढ़ाने के लिए भारत हितैषी संगठन काम कर रहे हैं। पिछले वर्ष 2023 में भारत की जी-20 की अध्यक्षता और विगत 9-10 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन को सफल बनाने में प्रवासी भारतीयों के संगठन ह्यइंडियास्पोराह्न का अभूतपूर्व योगदान रहा है।

विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार, इस वर्ष प्रवासी भारतीय दिवस पर भुवनेश्वर में आयोजित सम्मेलन में 50 से अधिक देशों के प्रवासी भारतीय भाग ले रहे हैं। निश्चित ही प्रवासी भारतीयों की सामूहिक शक्ति और क्षमता राष्ट्र के समावेशी विकास को और बल प्रदान करेगी। सशक्त भारत-नया भारती एवं आत्मनिर्भर भारत के विजन को प्राप्त करने हेतु हमारी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए वे अपनी ऊर्जा, अनुभव, विचारों, व्यापार कौशल, निवेश, तकनीकी विशेषज्ञता और नॉलेज शेयरिंग में योगदान देंगे। मातृभूमि की माटी की पुकार ऐसी होती है जो समय और दूरी की बाधाओं को नहीं देखती है। प्रवासी भारतीयों ने दुनिया के विभिन्न कोनों में अपने निवास के देशों में समृद्ध और उत्पादनशील जीवन का निर्माण किया है। इस सम्मेलन में असाधारण योग्यता के व्यक्तियों के भारत के विकास में उनकी भूमिका की सराहना करने के लिए प्रतिष्ठित प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार से सम्मानित करने की प्रोत्साहन योजना भी है। 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण के साथ, यह सम्मेलन भारत और उसके प्रवासी समुदाय के बीच आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक प्रभावी मंच है। भारतीय प्रवासी समुदाय को भारत की विकास यात्रा में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरणा का एक सशक्त माध्यम है।


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी विदेश यात्राओं में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए भरोसा दिलाना चाहा है कि भारत आर्थिक सुधारों की राह पर चल रहा है और भारत में निवेश करना तथा व्यापार करना पहले से कहीं आसान हो गया है, इसलिए भारत में पूंजी लगाने में वे तनिक न हिचकें।' भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के साथ विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है, इन सुखद स्थितियों में विदेशों में प्रवासी भारतीयों की स्थिति का मजबूत बनाना अच्छी बात है, लेकिन देश में बदलते हालातों एवं नये बनते भारत में प्रवासी भारतीयों की भूमिका भी महत्वपूर्ण होना अपेक्षित है।

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)

## संपादकीय

### दहशत न फैलाएं

कर्नाटक में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस यानी एचएमपीवी के दो मामलों की पुष्टि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा की गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार तीन महीने की बच्ची को ब्रोंकोन्यूमोनिया की शिकायत थी, जांच में एचएमपीवी संक्रमित होने का पता चला। दूसरा आठ महीने का शिशु इससे संक्रमित पाया गया। हालांकि दोनों मरीजों की अंतरराष्ट्रीय यात्रा का कोई इतिहास नहीं है।




मंत्रालय ने कहा कि वर्तमान आंकड़ों से पता चला गंभीर तीव्र श्वसन बीमारी के मामले में कोई असामान्य वृद्धि नहीं पाई गई। सरकार की संक्रमण के मामलों पर गंभीर नजर बताई जा रही है। कोविड़-19 महामारी के विश्व को चपेट में लेने के पांच सालों बाद एचएमपीवी वायरस के चीन में तेजी से फैलने की खबरों की दहशत के असर का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि शेयर बाजार में जबरदस्त गिरावट आ गई। एचएमपीवी संक्रमित मरीजों के संपर्क में आने से यह वायरस फैल रहा है। संक्रमित के खांसने-छींकने- छूने और हाथ मिलाने से यह बढ़ रहा है। इस संक्रमण की खोज 2001 में की जा चुकी है। यह रेस्पेरेटरी संकाइटियल वायरस के साथ न्यूमोविरिडे.का भी हिस्सा बताई जा रही है। चीन समेत नीदरलैंड़, फिनलैंड़, ब्रिटेन, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में 2023 में इसके संक्रमित मिल चुके हैं। भारत सरकार का कहना है कि मौसम को देखते हुए यह स्थिति असामान्य नहीं है। सरकार ने वायरस की गंभीरता को भांपते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन से चीन की स्थिति के विषय में अपडेट देने को भी कहा है। विशेषज्ञ इसे अभी जानलेवा वायरस नहीं बता रहे हैं जो छोटे बच्चों में आम है। जिन्हें अस्थमा है या फेफड़ों से संबंधी कोई गंभीर बीमारी है, उन्हें चेतावनी दी गई है। इससे बचाव के लिए लगातार हाथ धोने, मास्क पहनने तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थों के सेवन की सलाह दी जा रही है। एंटी वायरल दवाएं बगैर चिकित्सकीय सलाह के लेने के प्रति चेतावनी भी दी गई है। कोविड़ संक्रमण से खौफजदा लोगों में आकस्मिक भय व्याप्त है, जिसे दूर करने की जिम्मेदारी मीड़िया और चिकित्सकों को गंभीरता से निभानी चाहिए। शेयर बाजार का गिरना और कोविड़ की पुरानी तस्वीरों/वीड़ियो को वायरल कर दहशत फैलाने वालों को भी चेतावनी दी जानी चाहिए। जब तक स्थिति स्पष्ट नहीं हो जाती, बेवजह लॉकड़ाउन लगाने या रोजमर्रा की जरूरी चीजों को जमा करने की सलाह जैसी दहशत फैलाना कतई अनुचित है।

## चिंतन-मनन

### प्रेम और दया से ही प्रसन्न होंगे ईश्वर

ईश्वर को खुश करने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय करते हैं। मंत्र साधक लाखों बार मंत्र जप करते हैं, भक्ति मार्ग पर चलने वाले लोग मंदिर जाकर ईश्वर की पूजा करते हैं। धूप-दीप आरती से भगवान को प्रसन्न करने की भी कोशिश करते हैं। इतना करने के बाद भी यह पता नहीं होता कि ईश्वर हमें प्यार करता है या नहीं। प्रेम में सफलता तभी मिलती है जब हमें जिसे प्यार करते हैं वह हमें प्यार करे। इसलिए हमेशा ऐसा काम करें जिससे ईश्वर आपको प्यार करे। यह काम पूजा-पाठ और मंत्र जप से भी आसान है। सभी धर्म एक बात पर सहमत है कि प्रेम और दया यह दो ऐसे साधन है जिसकी बदलौत हम ईश्वर को मजबूर कर सकते हैं कि वह हमें प्यार करे। प्रेम और दया ऐसी चीज है जिसके लिए न तो धन की जरूरत पड़ती है और न ही किसी दूसरे साधनों की। यह अपने आप में पूर्ण और पवित्र है।

हम किसी के प्रति प्रेमपूर्ण व्यवहार करते हैं तो बदले में हमें भी प्रेम मिलता है। इसका कारण यह है कि जिसके प्रति हम प्रेम दशार्ते हैं उसके हृदय में मौजूद आत्मा जो ईश्वर का स्वरूप होता है वह प्रसन्न होता है और बदले में हमें अपने प्रेम की अनुभूति कराता है। गीता, कुरान अथवा बाइबल सभी में दया को ईश्वर को पाने का माध्यम बताया गया है। ईश्वर को फूल, फल अथवा मंत्र से ध्यान करने का उद्देश्य भी यही है कि हमारा मन निर्मल हो और मन में दया की भावना बढ़े। जिसने दया करना सीख लिया वह ईश्वर का पुत्र हो जाता है। ईसा मसीह, भगवान राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर, साईं सभी ने अपने जीवन में दया का अनुपम परिचय दिया। अपने इसी गुण के कारण ईश्वर ने इन्हें प्यार किया और ईश्वरीय शक्ति इनमें समाहित हो गयी।

# आज ही है हमारा सबसे अच्छा दिन



डॉ मयंक मुरारी

इस जगत में कुछ भी रुकता नही है। हमारे जीने के वर्षों की गणना संभव है, लेकिन जीवन उन वर्ष में सिमटा नहीं होता है। जीवन बस अभी के पल को अर्थपूर्ण जीने और बनाने में है। यह क्षण ही जीवन है। जीवन प्रतिपल है। हमने अगर उस पल को खो दिया, तो पल-पल के साथ दिन, साल और अंततः जीवन भी खो देते हैं। यही प्रकृति का नियम है कि जो अभी है वह कुछ देर बाद नहीं होगा। सुबह का फूल शाम को मुरझा जाता है, यद्यपि वह पेड़ से जुड़ा होता है। इसी प्रकार जीवन में बूंद-बूंद सुख आते हैं, इकटठा सुख कभी नहीं बरसता है। सब कुछ बूंद-बूंद मिलता है। बस उसको ही स्वीकार करना होता है। एक पल ही अपना है, वहीं हमारे हाथ में आता है, फिर वह हमारे साथ नहीं रहता है। सुख बस उस क्षण को पूर्णतः में जीना है। उस पल को पीना है। हम विराट की आशा करते है, और लघुता से असहमति जताते हैं। हमारी चाहत शाश्वत सुख की होती है और उस सुख के क्षण में स्थिर होना नहीं चाहते हैं। हम हर पल को नष्ट करते हुए शाश्वत को दूर करते जाते हैं।


सुख क्षणिक है। उस पल की स्थिरता में ही शाश्वत का दर्शन है, उसमें ही विराट की अनुभूति है। कल जो बीत गया, वहीं श्रेष्ठ था। हमने उसे क्षणिकता में छोड़ दिया। सुख प्रतिपल है। जो सुख मैंने बीते कालखंड में बिताया, उसे अब दुबारा कहां पाया जा सकता है ? समय का सवाल उस सुख को अब सपना बना दिया है। उन सुनहरे पल के साथ सुख की धारा चली थी, संगीत की लहर बही थीं और परिवेश में एक मादक प्यास का आलम था। आज सब खत्म हो गया। ऐसे पल में एक पंक्ति याद आती है-कभी कभी दो लम्हों का साथ जिंदगी का प्रेम दे जाता है। और कभी-कभी जिंदगी भर का साथ भी दो लम्हों का सुकून नहीं दे पाता है। हमारी सुख हमारी इंद्रियों का मोहताज है। हमारी तार्किक बुद्धि हरेक सुख को दुखद अंत में बदल डालती है। हम अपने सुख की निंदा करते हैं। प्रेम की, मित्रता की, भोजन की और अपने शरीर की भी निंदा से नहीं चुकते हैं। वर्तमान का जीवन दुखी जीवन है जिसमें सुख के कोई पल नहीं है। बगीचा में ओस की बूंदों के कारण चमकने वाले फूल की पंखुड़ियां सदैव वैसी नहीं रहती है। इस कारण हम फूल के सौंदर्य को इंकार नहीं कर सकते हैं। ऐसा फूल नहीं मिलेगा, जो खिला रहे।

शक्ति क्षण में ही नीहित है। इस पर प्रख्यात लेखक द्वय स्विच और मेड टू स्टिक ने एक किताब लिखी है, जिसका नाम है- दी पावर ऑफ मोमेंट। इसमें उन्होने इस का पता लगाया है कि कुछ संक्षिप्त अनुभव हमें कैसे झकझोर सकते हैं, हमें ऊपर उठा सकते हैं और हमें बदल सकते हैं - और हम अपने जीवन और काम में ऐसे असाधारण क्षणों का निर्माण कैसे कर सकते हैं। जबकि मानव जीवन अंतहीन रूप से परिवर्तनशील है। हमारे जीवन में क्षण भी निर्णायक हो सकते है। इस किताब में बताया गया है कि हमारे सबसे यादगार सकारात्मक क्षणों में चार तत्व हावी होते हैं- उत्थान, अंतर्दृष्टि, गर्व और संबंध। यदि हम इन तत्वों को अपनाते हैं, तो हम और अधिक महत्वपूर्ण क्षणों को याद कर सकते हैं। क्यों हम किसी अनुभव के सबसे अच्छे या सबसे बुरे पल को याद रखते हैं, साथ ही अंतिम पल को भी, और बाकी को भूल जाते हैं ? क्यों जब चीजें निश्चित होती हैं तो हम सबसे अधिक सहज महसूस करते हैं, लेकिन जब वे निश्चित नहीं होती हैं तो हम सबसे अधिक जीवंत महसूस करते हैं। और क्यों हमारी सबसे प्रिय यादें हमारी युवावस्था के दौरान एक संक्षिप्त अवधि में एकत्रित होती हैं ? हममें से अधिकतर लोग जीवन को अपने से दूर जाने देते हैं। हम जीते नहीं। हम बस मौजूद रहते हैं, लेकिन सवाल जरूर करते है कि समय नहीं मिलता है ! काफी व्यस्त जिंदगी है। अगर हम हर पल का सबसे अच्छा उपयोग करते हैं तो ही जीवन सफल बनता है।

हमारे जीवन में कई निर्णायक क्षण संयोग या दुर्भाग्य के परिणाम होते हैं - लेकिन हम अपने सबसे सार्थक, यादगार और ऊर्वर क्षणों को संयोग पर क्यों छोड़ना चाहेंगे ! सभी क्षण समान नहीं होते हैं तो सभी क्षण में से कुछेक की यादें हमारे साथ चलती है। हमारी स्मृति उन्हीं क्षण को याद रखती है जो हमारे जीवन में अर्थपूर्ण होते हैं, ऊंचाई की ओर ले जाते है या हमका दुख का कारण बन जाते हैं। हम किसी क्षण को तभी अर्थपूर्ण बना पायेंगे, जब हमारी अंतर्दृष्टि सहज रहेगी। अंतर्दृष्टि सहज होने पर हमारा नजरिया बदल जाता है और जीवन जीने के तरीके में भी बदलाव आ जाता है। ऐसी स्थिति में हम खुद सत्य को जानते हैं उसके साथ रहना पसंद करते हैं। यह सकारात्मकता को बढ़ता है और दूसरों की पहचान में मदद करता है। कभी-कभी मोमेंट के कुछेक शब्द ही जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। परिवर्तन उसी क्षण संभव है जब हम चीजों की वास्तविकता को उसी रूप में स्वीकार कर लेते हैं, जैसी वे हैं। भविष्य चिंता, पछतावा, योजना, दिवास्वप्न आदि चरित्रगत बातों को छोड़ना सीख सकं तो हमारी दुनिया अधिक सरल, दयालु और आकर्षक बन जायेगी।

वर्तमान क्षण से हमारा क्या तात्पर्य है ? हम पहले से ही मान लेते हैं कि हमें पता है कि क्या होना है, जबकि यह ऐसा नहीं है। वर्तमान क्षण पर ध्यान देने का एक तरीका है अतीत और भविष्य को छोड़ देना। हरिवंश राय बच्चन की कविता है- जो बीत गईं सो बात गईं...। इस बात पर चिंतन करते हुए ज्ञान बोध के साथ स्वयं आगे बढ़े, न कि हम अतीत की ओर देखें ? टेरेसा अमाबिले और स्टीवन क्रेमर ने द प्रोग्रेस प्रिंसिपल में बताया है कि कार्य के दौरान खुशी, जुड़ाव और रचनात्मकता को उर्वर बनाने के लिए छोटी जीत या खुशी का उपयोग करना चाहिए। प्रगति को सक्षम करने वाली दो शक्तियों को सक्रिय करना होता है। पहली शक्ति उत्प्रेरक है, जो सीधे कार्य को सुविधाजनक बनाती हैं। दूसर तत्व पोषक है। पारस्परिक घटनाएँ जो लोगों का उत्थान करती हैं, जिसमें प्रोत्साहन और सम्मान और सहकारिता का प्रदर्शन शामिल है। दूसरों को पहचानें, तो कभी-कभी कुछ सकारात्मक शब्द ही प्राप्तकर्ता के लिए गर्व का बड़ा क्षण बन सकते हैं। समय में रिश्तों को मजबूत करने की शक्ति होती हैं। एक सार्थक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक साथ काम करना शक्तिशाली हो सकता है। इसमें रोचक कहानी, प्रेरणा और खट्टे मीठे अनुभव होते हैं, जो जीवन में शक्तिशाली क्षणों को बार-बार लाते हैं।

# ऑनलाइन गेमिंग गंभीर चिंता का विषय



विनीत पाण्डेय

आज के डिजिटल युग में इंटरनेट और स्मार्टफोन ने दुनिया को एक वैश्विक गांव में बदल दिया है। इन तकनीकों के चलते मनोरंजन के नए तरीके भी उभरकर सामने आए हैं, जिनमें ऑनलाइन गेमिंग का प्रचलन सबसे तेजी से बढ़ा है। यह प्लेटफॉर्म न केवल युवाओं के लिए मनोरंजन का एक प्रमुख स्रोत बन गए हैं, बल्कि इसने सट्टेबाजी के रूप में एक नए और खतरनाक उद्योग को भी जन्म दिया है। ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी का मिलाजुला रूप युवाओं के लिए बेहद आकर्षक और नुकसानदायक साबित हो रहा है।

ऑनलाइन गेमिंग का क्षेत्र आज बहुत विस्तृत हो चुका है हालांकि, कुछ ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म्स और ऐप्स ने इन खेलों को एक नए रूप में पेश किया है, जिसमें सट्टेबाजी की सुविधा जोड़ी गई है। यानी खिलाड़ी अपनी गेमिंग क्षमताओं के आधार पर पैसे दांव पर लगाते हैं और यदि वे जीतते हैं, तो वे पैसे जीतते हैं, और यदि हारते हैं तो पैसा गंवा बैठते हैं। सट्टेबाजी की प्रवृत्ति धीरे-धीरे पारंपरिक खेलों से होते हुए ऑनलाइन गेमिंग की दुनिया में भी प्रवेश कर चुकी है। इस तरह के स्वरुप में मैच से पहले क्रिकेट की टीम बनाना, ताश खेलना और दूसरे अंजान लोगों के साथ खेलने के लिए लूडो जैसे खेल शामिल हो चुके हैं। खिलाड़ियों को अपनी गेमिंग क्षमता के अनुसार पैसे जीतने का मौका मिलता है, जिससे उनकी संलिप्तता और जोश दोनों बढ़ जाते हैं। समय के साथ गेमिंग का यह रूप सट्टेबाजी में बदलने लगता है, जो अंततः वित्तीय नुकसान और मानसिक तनाव का कारण बनता है। ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी का मिलाजुला रूप युवाओं को इस कदर आकर्षित करता है कि वे धीरे-धीरे जुए की लत में फंसने लगते हैं। युवा, जो पहले केवल मनोरंजन के लिए गेमिंग करते थे, अब इन खेलों को जीतने के लिए बड़े पैमाने पर पैसे दांव पर लगाने लगते हैं। यह आदत इतनी गंभीर हो सकती है कि युवा अपनी पढ़ाई, काम, और पारिवारिक संबंधों को नजरअंदाज कर देते हैं। सट्टेबाजी का सबसे बड़ा और स्पष्ट प्रभाव आर्थिक नुकसान के रूप में सामने आता है। कई युवा खिलाड़ियों की मानसिकता यह हो जाती है कि वे खेल में जीतने के लिए पैसे दांव पर लगाएंगे। लेकिन यह प्रक्रिया अक्सर उनकी हार की स्थिति में परिणत होती है, और वे अपनी जमा पूंजी, या यहां तक कि अपने परिवार का पैसा भी खो सकते हैं। आर्थिक संकट के कारण कई बार यह युवा आत्महत्या जैसे गंभीर कदम उठाने तक पहुंच सकते हैं। हाल ही में समाचार चैनलों और सोशल मीडिया पर एक ऐसे ही युवा की आपबीती काफी चर्चा में रही जिस पर ऑनलाइन गेमिंग में पैसे लगाने और हारने की वजह से करीब 96 लाख का कर्ज हो गया। सट्टेबाजी की लत मानसिक स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव डाल सकती है लगातार हारने के कारण मानसिक अवसाद और चिंता जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसके अलावा, ऑनलाइन गेम्स के लिए घंटों तक बैठने से शारीरिक समस्याएं, जैसे आंखों की समस्या, सिरदर्द, गर्दन और कमर दर्द, भी हो सकता हैं। अधिक समय तक स्क्रीन के सामने बैठने से युवा शारीरिक गतिविधियों से वंचित हो जाते हैं, जिससे उनका स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। सट्टेबाजी में संलिप्त लोगों को सामाजिक और पारिवारिक समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है और इस तरह की आदत विकसित होने से वे अपने परिवार और मित्रों से भी दूर हो सकते हैं। वे अपने परिवार के खर्चों के लिए पैसे चुराने, उधार लेने या जुए के लिए गलत रास्ते अपनाने तक पहुंच सकते हैं। इस प्रकार, यह न केवल उनके व्यक्तिगत जीवन को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि पारिवारिक और सामाजिक रिश्तों में भी खटास पैदा करता है। इसके परिणामस्वरूप परिवारों में विवाद और टूटन हो सकती है। इस तरह के प्लेटफॉर्म्स पर अक्सर धोखाधड़ी भी होती है कई फर्जी वेबसाइट्स और ऐप्स खिलाड़ियों को धोखा देती हैं, जहां वे जीतने के बाद भी पैसे नहीं प्राप्त कर पाते। इसके अलावा, सट्टेबाजी के दौरान व्यक्तिगत डेटा चोरी होने का खतरा भी रहता है, जिससे साइबर अपराधों की संभावना बढ़ जाती है।

भारत में अधिकांश राज्यों में जुआ और सट्टेबाजी अवैध है हालांकि, ऑनलाइन सट्टेबाजी के मामले में कानूनी ढांचा पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है। कई प्लेटफॉर्म्स विदेशों से संचालित होते हैं, जिससे उन्हें भारतीय कानूनों का सामना नहीं करना पड़ता। इसके कारण ऐसे वेबसाइट्स पर सट्टेबाजी की गतिविधियां अवैध होने के बावजूद कानून के दायरे से बाहर होती हैं, जिससे युवाओं को धोखा देना आसान हो जाता है। ऑनलाइन गेमिंग से होने वाले नुकसान को रोकने के लिए सरकार को इस मामले में कड़े कानून बनाने और लागू करने की आवश्यकता है साथ ही सक्षम सरकारी एजेंसियों को ऐसे प्लेटफॉर्म्स के खिलाफ ठोस कार्रवाई करनी चाहिए, जो अवैध सट्टेबाजी की पेशकश कर रहे हैं साथ ही, इन प्लेटफॉर्म्स की निगरानी भी आवश्यक है। इसके अलावा नागरिकों को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझते हुए सट्टेबाजी के खिलाफ सिर्फ कानूनी उपायों के भरोसे न रह कर सामूहिक जागरूकता और व्यक्तिगत सजगता का रास्ता भी अपनाना होगा। सबसे पहले, युवाओं और उनके अभिभावकों को इस खतरे के बारे में जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। स्कूलों, कॉलेजों और समुदायों में इस मुद्दे पर विशेष जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए। बच्चों को यह बताया जाना चाहिए कि ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर सट्टेबाजी कितनी खतरनाक हो सकती है और इसके क्या दुष्परिणाम हो सकते हैं। इसका ये मतलब नहीं की इसे बिल्कुल बंद ही कर देना चाहिए पर ऑनलाइन गेमिंग को सुरक्षित रूप से खेलने के लिए सुरक्षित और अनुशासित तरीके अपनाए जाने चाहिए। गेमिंग कंपनियों को जिम्मेदार बनाना चाहिए ताकि वे खिलाड़ियों को सट्टेबाजी से बचाने के लिए उचित नियम और प्रोटोकॉल लागू करें।

इसके अलावा, बच्चों और युवाओं को यह सिखाना चाहिए कि गेमिंग केवल मनोरंजन के लिए किया जाए, न कि पैसों की कमाई का एक तरीका बनाया लिया जाए। अलग-अलग जगहों पर विभिन्न गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा अनेक स्तर पर इसके खिलाफ मुहीम भी चलाई जा रही है। पर विडम्बना यह है कि इस मुहीम में इनका साथ देने के बजाए कई नामी गिरामी चेहरे अपने निजी लाभ के लिए इसका प्रचार करते दिख जाते हैं। हमें इस बात का ध्यान रखना होगा कि ऑनलाइन गेमिंग मनोरंजन का एक माध्यम हो सकता है, लेकिन इसके दुष्प्रभावों को नजरअंदाज करना किसी के लिए भी सुरक्षित नहीं है। यह समाज और परिवारों के लिए एक गंभीर चिंता का विषय बन चुका है, और इसे नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। यदि हम इस मुद्दे पर समय रहते सचेत नहीं होते हैं, तो यह न केवल नयी पीढ़ी के व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करेगा, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में भी बाधा उत्पन्न करेगा।

# आंखों के नीचे पड़े काले घेरों को हटाती है घर की यह चीज

2 या 3 बार लगाने पर ही दिखने लगेगा असर

अगर आपकी आंखों के नीचे भी काले घेरे पड़ गए हैं तो यहां जानिए किस तरह इस दिक्कत से घर बैठे छुटकारा पाया जा सकता है. इन नुस्खों का कमाल का असर नजर आता है.

आंखों के नीचे काले घेरे पड़ना ऐसी दिक्कत है जिससे अक्सर ही लोगों को दोचार होना पड़ता है. पूरी नींद ना लेना, सही समय पर ना सोना, एलर्जी, हाइपरपिग्मेंटेशन, आंखों के आस-पास की स्किन का पतला पड़ना, आंखें जरूरत से ज्यादा रगड़ना, एजिंग, स्मोकिंग और जेनेटिक्स जैसे कारणों से डार्क सर्कल्स (ष्ड्डह्म ष्द्बह्म्ष्यद्गह्य) नजर आ सकते हैं. ऐसे में इन डार्क सर्कल्स को कम करने के लिए बाजार में कई तरह की क्रीम मिलती हैं मगर इनका कुछ खासा असर नजर नहीं आता है. लेकिन, कुछ घरेलू नुस्खे इन डार्क सर्कल्स को दूर करने में असरदार साबित होते हैं. यहां जानिए घर की कौनसी चीजें हैं जो डार्क सर्कल्स को हल्का करती हैं.

### आलू का रस

आलू के रस के ब्लीचिंग गुण डार्क सर्कल्स को कम करने में मदद करते हैं. आलू के रस को डार्क सर्कल्स पर सादा ही लगा सकते हैं. इसके लिए आलू को घिसकर उसे निचोड़ें और फिर रूई की मदद से आंखों के चारों तरफ लगा लें. कुछ दिन नियमित इस्तेमाल से ही इसका असर दिखने लगेगा. आप चाहे तो आलू के रस में नींबू का रस मिलाकर भी लगा सकते हैं.

### नारियल का तेल

रूखेपन के कारण डार्क सर्कल्स होने लगे हैं तो नारियल के तेल का इस्तेमाल किया जा सकता है. नारियल के तेल के हेल्दी फैटी एसिड्स स्किन को हाइड्रेशन देते हैं और त्वचा की डार्कनेस को कम करते हैं सो अलग. नारियल तेल को रोजाना रात में डार्क सर्कल्स पर लगाकर सोया जा सकता है.

### काम आएगी कॉफी

शहद और कॉफी को साथ मिलाकर पेस्ट तैयार करें. इस पेस्ट को डार्क सर्कल्स पर 10 से 15 मिनट लगाकर रखने के बाद धोकर हटा लें. इस बात का ध्यान रखें कि जब आप कॉफी के इस पेस्ट को आंखों से धोकर साफ कर रहे हों तो इसे रगड़े नहीं. आंखों के आस-पास की त्वचा पतली होती है इसीलिए इस पेस्ट को ध्यान से हटाने की जरूरत होती है.

### दूध और हल्दी लगाएं

हल्दी के औषधीय गुण त्वचा से टैनिंग, मैल और डेड स्किन सेल्स को हटाने का काम करते हैं. ऐसे में डार्क सर्कल्स पर भी हल्दीको लगया जा सकता है. हल्दी से त्वचा पीली ना पड़ जाए इसके लिए हल्दी में दूध डालकर इसे रूई से डार्क सर्कल्स पर लगा लें. 15 मिनट बाद स्किन को धोकर साफ किया जा सकता है.

### विटामिन ई कैप्सूल भी है असरदार

विटामिन ई की कैप्सूल को त्वचा पर लगाया जा सकता है. इसे सादा लगा सकते हैं या फिर नारियल के तेल में मिलाकर इसे डार्क सर्कल्स पर लगा लें. इससे स्किन पर चमक आती है और डार्क सर्कल्स की दिक्कत दूर हो जाती है. डार्क सर्कल्स को हल्का करने में यह नुस्खा कारगर होता है.



# दांत में लगे कीड़े का रामबाण इलाज है यह एक मसाला

दांतों की सड़न को ही दांतों में कीड़ा लगना कहते हैं. जब दांतों में सड़न होती है तो दांत खराब होने लगते हैं और सड़न वाला हिस्सा काला नजर आने लगता है. इसीलिए इसे दांत में कीड़ा लगना कहते हैं. इससे दांत कमजोर पड़ने लगते हैं और दांतों के टूटकर गिरने की संभावना बढ़ जाती है. ऐसे में समय रहते इस सड़न को दूर करने की कोशिश की जाती है. यहां ऐसे ही कुछ घरेलू नुस्खों का जिक्र किया जा रहा है जो दांतों की सड़न को दूर करने में असरदार होते हैं. इन नुस्खों को आजमाना आसान होने के साथ-साथ असरदार भी होता है.

### लौंग का पाउडर

एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर लौंग का पाउडर दांतों की सड़न को कम करने में फायदेमंद साबित होता है. इसके इस्तेमाल के लिए लौंग के पाउडर को पीसकर पानी, नारियल तेल या लौंग के तेल के साथ ही पेस्ट बना लें. इसे सड़न वाले दांत पर लगाकर कुछ देर रखें और फिर धोकर साफ कर लें. आप चाहे तो सिर्फ नारियल के तेल को ही सड़न वाले दांत पर लगा सकते हैं. इस तेल को रूई में डालकर दांत पर लगाया जा सकता है. इसे दांतों के बीच में दबाकर रखें और कुछ देर बाद मुंह से निकालकर कुल्ला कर लें. इस बात का ध्यान रखें कि आप लौंग के तेल को निगलें नहीं.

### हल्दी का पेस्ट

सरसों के तेल और हल्दी को मिलाकर पेस्ट तैयार करें. इस पेस्ट को दांतों की सड़न कम करने के लिए लगाया जा सकता है. हल्दी में एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटीमाइक्रोबियल और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं जो दांतों की सड़न कम करने में असरदार होते हैं. हल्दी के पेस्ट को दांतों पर आधा घंटा लगाकर रखने के बाद धोकर हटाया जा सकता है.

### नीम आएगी काम

नीम को सदियों से औषधी की तरह इस्तेमाल किया जाता है. नीम की डंडी ही नहीं बल्कि नीम की पत्तियां भी दांतों के लिए फायदेमंद होती हैं. नीम को पीसकर इसके पेस्ट को दांतों पर रखा जा सकता है. नीम की पत्तियों को पानी में उबालकर इस पानी से रोजाना मुंह कुल्ला कर सकते हैं. इसके अलावा, नीम की दातुन का इस्तेमाल किया जा सकता है.

### लहसुन

बैक्टीरिया से लड़ने और दांत के कीड़े यानी सड़न को कम करने के लिए लहसुन का इस्तेमाल किया जा सकता है. कच्चे लहसुन को कूटकर दांतों पर लगाएं. इसे कुछ देर लगाकर रखने के बाद मुंह से निकाल लें. दांतों के सड़न की दिक्कत कम होती है.

### अमरूद के पत्ते

सड़न वाले दांत को ठीक करने के लिए अमरूद के पत्ते इस्तेमाल में लाए जा सकते हैं. अमरूद के पत्ते एंटी-ऑक्सीडेंट्स, एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों और एंटीमाइक्रोबियल गुणों से भरपूर होते हैं और मुंह के बैक्टीरिया से लड़कर मसूड़ों की सेहत को अच्छा रखते हैं. इससे ना केवल दांतों की सड़न कम होती है बल्कि दांतों के दर्द से भी छुटकारा मिलता है. अमरूद के पत्ते पीसकर दांतों के बीच रखे जा सकते हैं.

# बेजान बालों में जान डाल देगा मेथी का यह हेयर मास्क

डैंड्रफ से लेकर हेयर फॉल तक की दिक्कत को रोकने में असर दिखाते हैं मेथी के दाने. यहां जानिए बालों पर कैसे लगाएं मेथी कि बाल मुलायम बनने लगें. मेथी का हेयर मास्क बालों पर कमाल का असर दिखाता है. रसोई के मसालों में एक नहीं बल्कि कई गुण पाए जाते हैं जो ना सिर्फ त्वचा बल्कि बालों के लिए भी फायदेमंद होते हैं. इन्हीं चीजों की गिनती में आते हैं मेथी के दाने. बालों पर मेथी के दाने लगाने पर ना सिर्फ बालों का टूटना और झड़ना कम होता है बल्कि स्कैल्प की अच्छी सफाई हो जाती है, स्कैल्प पर जमी डेड स्किन सेल्स हटती हैं, बालों का बेजानपन दूर होता है और साथ ही बाल सिल्की और सॉफ्ट होने लगते हैं. मेथी के दाने विटामिन सी, आयरन, पौटेशियम, निकोटिनिक एसिड और आयुर्वेदिक गुणों से भरपूर होते हैं. ऐसे में यहां जानिए बालों पर किस तरह से मेथी के दाने लगाए जा सकते हैं.

मुलायम बालों के लिए मेथी के दाने

रात में 2 से 3 चम्मच मेथी के दाने पानी में भिगोकर रख दें. आप बालों की लंबाई के



अनुसार भी मेथी के दाने ले सकते हैं. इन दानों को अगली सुबह पीसें और पेस्ट तैयार कर लें. यह पेस्ट बालों की जड़ों से लेकर सिरों तक लगाया जा सकता है. इसे बालों पर आधे से एक घंटे लगाकर रखें और फिर धोकर हटा लें. बालों में चमक आ जाती है.

सिर की खुजली के लिए - अगर डैंड्रफ या ड्राइनेस के कारण स्कैल्प पर खुजली होती है तो इसके लिए मेथी के दानों के पेस्ट में अंडे मिलाकर लगाए जा सकते हैं. आपको पूरा अंडा नहीं लेना है बल्कि अंडे के पीले हिस्से को मेथी के दानों में मिलाकर सिर पर लगाना है. इसे आधा घंटा लगाकर रखें और फिर धोकर हटा लें.

बाल बढ़ाने के लिए - मेथी के गुण बालों को बढ़ने में मदद करते हैं. ऐसे में एक कटोरी नारियल के तेल में एक चम्मच मेथी के दाने डालकर पकाएं. जब मेथी के दाने अच्छी तरह पक जाएं तो इस तेल को ठंडा होने के लिए रख दें. बालों पर हफ्ते में 2 से 3 बार इस तेल को हल्का गर्म करके लगाया जा सकता है. मेथी का यह तेल बालों को मजबूती देता है और हेयर ग्रोथ बूस्ट करता है.

हेयर फॉल रोकने के लिए - लगातार झड़ रहे बालों को मजबूत बनाने के लिए मेथी को रातभर भिगोकर रखें और अगली सुबह पीसकर पेस्ट बनाकर सिर पर लगाएं. इस पेस्ट में नींबू का रस मिलाया जा सकता है. इसे सिर पर 20-30 मिनट लगाकर रखने के बाद धोकर हटा लें. बालों को जड़ों से सिरों तक मजबूती मिलती है.

डैंड्रफ हटाने के लिए

सिर पर जमे डैंड्रफ को कम करने के लिए मेथी के पेस्ट में दही मिलाकर हेयर मास्क बना लें. इस हेयर मास्क को सिर पर आधा घंटा लगाकर रखने के बाद धोकर हटाएं. हफ्ते में 3 बार इस नुस्खे को आजमाया जाए तो सिर से डैंड्रफ पूरी तरह हट जाता है.



# फैट बर्नर कहलाती हैं खानपान की ये 7 चीजें

## डाइट में कर लिया शामिल तो पतला होने लगेगा पेट

लगातार बढ़ती शरीर की चर्बी मोटापे की वजह बनती है. ऐसे में खानपान में उन फूड्स को शामिल करना असरदार होता है जो फैट बर्निंग गुणों से भरपूर होते हैं और पेट अंदर करने का काम करते हैं.

हेल्दी फूड्स को खानपान का हिस्सा बनाया जाए तो सेहत दुरुस्त रहती है. लेकिन, आजकल की डाइट में घर के खाने से ज्यादा बाहर की चीजें शामिल की जाने लगी हैं. इन फूड्स से ना सिर्फ मोटापा बढ़ता है बल्कि स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें भी बढ़ने लगती हैं. ऐसे में यहां जानिए वो कौनसे फूड्स हैं जो फैट बर्न करने में मदद करते हैं. इन फैट बर्निंग फूड्स को खाने पर बाहर निकला पेट अंदर होने में मदद मिलती है. साथ ही, इन फूड्स से मोटापा कम होने लगता है और शरीर फिट रहता है सो अलग.

### जानिए कौनसे हैं ये फूड्स

### कद्दू

सीताफल या कद्दू को फैट बर्निंग फूड्स की गिनती में रखा जाता है. इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं, पौटेशियम होता है और साथ ही यह फाइबर से भरपूर है. ऐसे में कद्दू के सेवन से वजन कम होने में असर दिखता है. कद्दू में प्रोटीन की भी अच्छीखासी मात्रा होती है जो मसल्स के लिए भी फायदेमंद है.

### ओट्स

फाइबर से भरपूर ओट्स फैट लॉस में मददगार होते हैं. ओट्स को रोजाना नाश्ते में खाया जा सकता है. इसमें प्रोटीन भी होता है और यह गट हेल्थ को भी अच्छा रखता है. ऐसे में ओट्स का सेवन करना फायदेमंद है. ओट्स को दही के साथ, दूध के साथ या फिर चटपटा बनाकर भी खा सकते हैं.

### अंडे

अंडे सिर्फ स्वादिष्ट ही नहीं होते बल्कि वजन कम करने में असरदार भी होते हैं. अंडों में प्रोटीन की भरपूर मात्रा होती है और इन्हें खाने पर वजन कम होने में असर दिखने लगता है. अंडे सुबह नाश्ते में उबालकर, ऑमलेट बनाकर या भुजिया की तरह भी खाए जा सकते हैं.

### ग्रीन टी

ग्रीन टी को डाइट का हिस्सा बनाया जा सकता है. ग्रीन टी लो कैलोरी ड्रिंक है जिसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं जो फैट बर्न करने में मदद करते हैं. सादा ग्रीन टी पीने के बजाय ग्रीन टी में नींबू का रस निचोड़कर पिया जा सकता है.

### सेब

फाइबर से भरपूर सेब खानपान में शामिल किया जाए तो वजन कम करने का काम करता है. सेब के अलावा नाशपाती और अमरूद भी फाइबर से भरपूर होते हैं और स्वाद के साथ-साथ सेहत के लिए भी फायदेमंद हैं. ऐसे में मिड मील में स्नैक्स की तरह इन फलों को खाया जा सकता है.

### बेरीज

एंटी-ऑक्सीडेंट्स और फाइबर से भरपूर बेरीज पेट कम करने में असरदार हैं. इन बेरीज में ब्लूबेरीज, स्ट्रॉबेरीज और ब्लैकबेरीज हैं जो खानपान का हिस्सा बनाई जा सकती हैं. बेरीज शरीर को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से भी बचाती हैं.

### शकरकंदी

खानपान में अगर शकरकंदी शामिल की जाए तो इससे भी शरीर को फैट बर्निंग गुण मिल जाते हैं. शकरकंदी पौटेशियम, विटामिन सी और फाइबर से भरपूर होती है. इसे उबालकर खाया जा सकता है या इससे सूप भी बना सकते हैं.

# बाल हो गए हैं रुखे और बेजान तो लगाना शुरू कर दें ये हेयर ऑयल

### बालों में आ जाएगी चमक

ठंड के मौसम में बालों की ज्यादा देखभाल की जरूरत होती है. इस मौसम में ठंडी हवाओं के कारण बाल रुखे ओर बेजान हो जाते हैं. इस मौसम में बढ़ते ड्राइनेस की वजह से स्कैल्प के ड्राई होने से हेयर फॉल की समस्या भी बढ़ने लगती है. अक्सर हेयर वॉश के लिए गर्म पानी का यूज करने से भी बाल रफ और डैमेज हो जाते हैं और बेजान नजर आने लगते हैं. इन सभी समस्याओं से बचने के लिए बालों की देखभाल में ऑयलिंग को शामिल करना जरूरी होता है. कुछ खास तरह के ऑयल से इन समस्याओं से बचने में काफी मदद मिल सकती है. ये ऑयल न सिर्फ बालों को डैमेज होने से बचाते हैं बल्कि उनके ग्रोथ को भी तेज करते हैं.

### नारियल का तेल

कोकोनट ऑयल बालों में नैचुरल मॉश्चराइजर को बनाए रखने में मदद करता है. इससे इस मौसम में बालों के रुखेपन और उलझने की समस्या कम होती है. ठंड के मौसम में नारियल तेल से हेयर रूट्स में मसाज करनी चाहिए. इससे रूसी की समस्या में भी कमी आती है. कोकोनट ऑयल को हल्का सा गर्म कर अप्लाई करना ज्यादा फायदेमंद साबित होगा. इसमें मौजूद आयरन, पोटिशयम जैसे जरूरी तत?व बालों को को हेल?दी बनाए रखते हैं.

### बादाम का तेल

बादाम के तेल में विटामिन ई पाया जाता है. इससे ठंड के मौसम में स्कैल्प को स्मूथ रखने में मदद मिलती है बालों के रुखेपन में कमी आती है. ठंड के मौसम में आल्मंड ऑयल से मसाज करने से हेयर हेल्थ के जरूरी विटामिन ई और विटामिन डी मिलने के कारण हेयरफॉल में कमी आती है और बालों में नैचुरल चमक बनी रहती है.

### ऑर्गन ऑयल

मोरक्को में ऑर्गन की गुठलियों से निकाला जाने वाला यह ऑयल स्किन और हेयर के लिए बहुत फायदेमंद होता है. यह बालों को ठंडी हवाओं, धूप और पौल्युशन से होने वाले नुकसान से बचाता है. ठंड के मौसम में ऑर्गन ऑयल से हेयर मसाज करने से बाल सॉफ्ट और शाइनी बने रहते हैं.

### जैतून का तेल

ऑलिव ऑयल बालों में मॉश्चराइजर को लॉक करने में मदद करता है. इससे ठंड के मौसम में बालों के रुखे और बेजान होने की समस्या में कमी आती है. जैतून के तेल को हल?का गुनगुना करके स?कैल?प पर अप?लाई करना चाहिए. इससे बालों को मिलने वाला पोषण बालों को मुलायम रखता है. मसाज के कारण स?कैल?प के ब?लड सर्कुलेशन बढ़ता है जिससे हेयर फॉल की समस्या में कमी आती है.

### आंवले का तेल

आंवले का तेल बालों में अप्लाई करने से हेयरफॉल, रूसी, पतले बाल, सफेद बाल जैसी समस्याएं कम होती हैं. आंवले में मौजूद विटामिन सी और आयरन से बालों भरपूर पोषण मिलता है और हेयर हेल्थ बेहतर होती है.

### ठंड के मौसम में बालों को रुखेपन और उलझने से बचाने के लिए ऐसे करें ऑयलिंग

ऑयल को हमेशा गुनगुना करने के बाद अप्लाई करें. स?कैल?प पर मसाज करते समय उंगुलि?यों की मदद से प्रेशर दें और सर्कुलर मोशन में मसाज करें. तेल की मात्रा का ध्यान रखें बहुत ज्यादा तेल लगाने की जगह अच्छी तरह से मसाज पर फोकस करें. स?कैल?प को अच?छी तरह से मसाज करने के बाद गरम पानी में तौलिया भिगोकर बालों पर लपेट ने से फायदा होगा.



संक्षिप्त खबरें

## मैट्रिक वार्षिक परीक्षा का एडमिट कार्ड जारी

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने बुधवार को मैट्रिक वार्षिक परीक्षा 2025 का एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। इंटरनल एसेसमेंट व प्रैक्टिकल परीक्षा 21 से 23 जनवरी तक व सैद्धांतिक परीक्षा 17 से 25 फरवरी तक आयोजित की जायेगी। दोनों परीक्षा के लिए यही एडमिट कार्ड मान्य होगा। एडमिट कार्ड समिति की वेबसाइट http://secondary.biharboardonline.com पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं। सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधान समिति की वेबसाइट पर जाकर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

## इनामी हिस्ट्रीशीटर बेलाल मियां गिरफ्तार

**आरा (भोजपुर)।** नगर थाना पुलिस एवं डीआइयू की संयुक्त टीम ने एक लाख के इनामी कुख्यात अपराधी बेलाल मियां को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान उसके एक साथी को भी दबोच लिया गया। दोनों की गिरफ्तारी पटना के करबिगहिया इलाके से की गयी है। गिरफ्तार बेलाल मियां पर रंगदारी, आर्म्स एक्ट, हत्या एवं हत्या के प्रयास समेत 15 मामले दर्ज हैं। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक ने बुधवार की दोपहर दी।

## हाइवा-ऑटो के बीच टक्कर में तीन लोगों की मौत

**राजगीर (नालंदा)।** छबिलापुर थाना क्षेत्र के प्रगति पेट्रोल पंप के पास देर शाम को ऑटो और हाइवा की सीधी टक्कर में तीन की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी, जिसमें प्रखंड के बरनौसा पंचायत सह गांव निवासी गौतम पासवान की 45 वर्षीया पत्नी कंचन देवी, छपेरा पंडारक निवासी दंगल प्रसाद के 30 वर्षीय पुत्र दिलीप कुमार तथा किशोरी प्रसाद के 50 वर्षीय पुत्र बिंदी प्रसाद शामिल हैं।

## एक ही ट्रैक पर आ गयीं दो ट्रेनें, यात्री हैरान



**नरकटियागंज (पचं)।** नरकटियागंज जंक्शन पर बुधवार को अजीबो गरीब स्थिति उत्पन्न हो गयी। एक ही ट्रैक पर दो ट्रेनें आमने सामने आ गयीं। प्लेटफार्म संख्या दो पर पहले से खड़ी 15215 नरकटियागंज-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस के सामने ही गोरखपुर से आने वाली 55096 सवारी गाड़ी आकर खड़ी हो गयी। सवारी गाड़ी यहां 12 ।33 बजे पहुंची, जबकि 15215 एक्सप्रेस ट्रेन 11 ।30 बजे यहां पहुंची हुई थी। प्लेटफार्म संख्या दो पर सबसे पीछे ट्रेन खड़ी किये जाने से यात्री परेशान रहे।

## शराब माफियाओं ने पुलिस पर की फायरिंग

**सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)।** बख्तियारपुर थाना पुलिस पर स्कॉर्पियो सवार शराब माफिया ने गाड़ी का पीछा करने के दौरान गोली चला दी। हालांकि पुलिस की जवाबी फायरिंग कर स्कार्पियो के टायर में गोलीमार गाड़ी को रोकने में सफल रही। इस दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर शराब माफिया भागने में सफल रहा। वहीं गाड़ी से 576 बोतल अंग्रेजी अवैध शराब बरामद किया गया। बुधवार को बख्तियारपुर थाना में एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर ने प्रेस वार्ता आयोजित कर शराब बरामद करने के संबंध में जानकारी साझा की है। उन्होंने बताया कि सोनवर्षा राज थाना पुलिस द्वारा गुप्त सूचना दी गयी कि एक स्कॉर्पियो से अवैध समान ले जाया जा रहा है। मिली सूचना के बाद एसआई बालदेव राम व एसआई सुधीर कुमार पुलिस बलों के साथ रंगीनिया चौक के समीप नाकेबंदी कर गाड़ी जांच करनी शुरू कर दी। इसी क्रम में एक स्कॉर्पियो सवार पुलिस जांच टीम को चकमा देकर गाड़ी लेकर भागने लगा। पुलिस टीम अपनी गाड़ी से भाग रहे स्कॉर्पियो का पीछा करने लगी। इस दौरान स्कॉर्पियो लेकर चालक रानीबाग नहर रोड के रास्ते बनमा ईटहरी थाना क्षेत्र के घोरदौर गांव की ओर चल गया।

# सीएम ने सारण जिले को 985 करोड़ की दी सौगात

- 52 योजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**छपरा (सारण)।** प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री ने सारण जिला अंतर्गत छपरा सदर प्रखंड के (एन०एच०-19) बिसेन टोला में बिशुनपुरा बाईपास पर (एन०एच०-19) लेफ्ट आउट छपरा पथ के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण तथा डोरीगंज बाजार से बिशुनपुरा तक प्रस्तावित एलिवेटेड पथ निर्माण का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने 89.95 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित एन०एच०-19 लेफ्ट आउट छपरा सेक्शन पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य, 40.53 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित खेरा बीनटोलिया पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य, सारण एवं सीवान जिला अंतर्गत 701.26 करोड़ रुपये की लागत से छपरा, एन०एच०-31, बलिया मोड़ मांझी-दरौली-गुठनी, (एन0एच0-227ए) पथ का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इन सभी पथों के कार्यों में तेजी लाकर जल्द से जल्द पूर्ण करें। यह काफी महत्वपूर्ण पथ हैं। इनके बन जाने से आवागमन सुचारु होगा, लोगों को जाम की समस्या से निजात मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने 655 करोड़ रुपये की लागत से राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल छपरा, सारण का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के शैक्षणिक भवन का निरीक्षण कर व्यवहारिक प्रयोगशाला, कौशल प्रयोगशाला आदि का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने अस्पताल के ओ०पी०डी०, रजिस्ट्रेशन काउंटर और परामर्श कक्ष का भी जायजा लिया। जायजा के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि काफी अच्छे ढंग से यहां अस्पताल का निर्माण हो गया है। इससे छपरा एवं आसपास के लोगों को इलाज कराने में काफी सहूलियत मिलेगी। इस राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में पढ़ाई के साथ-साथ मरीजों का इलाज भी किया जायेगा। इसके फंक्शनल हो जाने से मुझे बहुत खुशी हो रही है। राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल प्रांगण में मुख्यमंत्री ने सारण जिला के विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने 6326 जीविका स्वयं सहायता समूहों के 75912 परिवारों को बैंक ऋण के रूप में प्रदत्त राशि का सांकेतिक चेक, सतत् जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत 661 लाभार्थियों को 3 करोड़ 2 लाख 18 हजार 722 रुपये का सांकेतिक चेक, 1571 जीविका स्वयं सहायता समूहों को प्रदत्त सामुदायिक निवेश निधि अंतर्गत 15 करोड़ 73 लाख 95 हजार रुपये का सांकेतिक चेक, ग्रामीण हाट मोहमदा की चाभी, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का सांकेतिक चेक, कुशल युवा कार्यक्रम, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री बाल हृदय सुरक्षा योजना, आयुष्मान कार्ड, आयुष्मान वय वंदना कार्ड, कृषि यांत्रिकीकरण राज्य योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री समेकित चौर विकास योजना का सांकेतिक चेक, समेकित विकास योजना के तहत व्यॉलर पॉल्ट्री फॉर्म का सांकेतिक चेक, समेकित बकरी एवं भेड़ विकास योजना, बिहार शताब्दी असंगठित कार्य कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना के अन्तर्गत 'मृत्यु लाभ' का सांकेतिक चेक, बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत पुरस्कार का सांकेतिक चेक, बासगीत पर्चा, अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना का सांकेतिक चेक एवं दिव्यांगजनों के लिये बैट्री चालित ट्राई साइकिल की चाबी लाभुकों को प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने महमदा गांव में 7 लाख 50 हजार रुपये की लागत से आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-199, मंगला टोला के जीर्णोद्धार कार्य, स्कूल के सामने पेवर ब्लॉक कार्य तथा सौंदर्गीकरण कार्य का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया।

## घोषणाओं के लिए सांसद राजीव प्रताप रुडी ने व्यक्त किया आभार



**छपरा।** सारण जिले में ३प्रगति यात्रा३ के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा की गई महत्वपूर्ण घोषणाओं और विकास योजनाओं के लिए स्थानीय सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री व जल संसाधन संबंधी संसद की स्थायी समिति के अध्यक्ष राजीव प्रताप रुडी ने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया है। सांसद श्री रुडी ने कहा कि ३इन सभी योजनाओं पर दिशा समिति की बैठकों में चर्चा और विमर्श किया गया था। इनकी स्वीकृति और क्रियान्वयन से सारण जिले के नागरिकों को महत्वपूर्ण लाभ मिलेगा। मैं मुख्यमंत्री का धन्यवाद करता हू कि उन्होंने इन योजनाओं को प्राथमिकता दी।३ जिले में सड़क और आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए की गई ये घोषणाएं क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांगों को पूरा करेंगी। उन्होंने मुख्यमंत्री के साथ कई बैठकों और विमर्शों के दौरान इन मुद्दों को उठाया था, और आज इन योजनाओं को मूर्त रूप मिलता देखकर उन्हें अत्यंत संतोष हुआ है। सांसद श्री रुडी ने आशा व्यक्त की कि इन योजनाओं का क्रियान्वयन शीघ्र होगा, जिससे जिले के विकास में गति आएगी। सांसद श्री रुडी ने कहा, ३ये सभी घोषणाएं सारण जिले के विकास के लिए ऐतिहासि कदम है।

# गया में पुलिस ने नक्सली के ठिकाने से 20 किलो विस्फोटक और हथियार किये बरामद



**डुमरिया (गया)।** गया व औरंगाबाद जिले की सीमा पर स्थित छकरबंधा थाना क्षेत्र के तारचुआ जंगल में पुलिस टीम ने मंगलवार को छापेमारी कर हथियार व बम बनाने का जखीरा बरामद किया। सिटी एसपी रामानंद कुमार कौशल की मॉनीटरिंग में एएसपी ऑपरेशन मुकेश सेवरिया, इमामगंज डीएसपी अमित कुमार, छकरबंधा थानाध्यक्ष अजय बहादुर सिंह सहित सीआरपीएफ व एसएसबी के संयुक्त नेतृत्व में हुई कार्रवाई में तारचुआ जंगल में चट्टानों के बीच स्थित एक गुफा में बनाये गये तहखाने से हथियार व बम बनाने से संबंधित 45 प्रकार के उपकरण के साथ 20 किलो विस्फोटक जब्त किया गया। बुधवार को सिटी एसपी ने बताया कि बरामद सामान में प्लास्टिक के तीन पीस तिरपाल, चार पीस पांच किलो वाला रसोई गैस सिलिंडर, चार पीस दो किलो वाला रसोई गैस सिलिंडर, चार पीस 12 लीटर की क्षमता वाला प्रेशर कुकर, 11 पीस 10 लीटर क्षमता वाला प्रेशर कुकर, एक पीस 10 किलो का स्टील कंटेनर, एक पीस एल्युमिनियम का कठौत, तीन पीस एल्युमिनियम की कड़ाही, करोसिन तेल से जलनेवाले दो स्टोव, एक तराजू, एक पीस इलेक्ट्रिक एक्सप्लोडर, एक पी इलेक्ट्रॉनिक कैमरा फ्लैश, एक पीस क्षारीय बैटरी, 34 पीस नौ वोल्ट बैटरी, 22 पीस छोटा टिफिन बॉक्स, 20 पीस टिन कटर, 20 पीस ड्रील मशीन, 10 पीस छेनी, दो पीस आयरन हैमर, 24 बंडल वायर, एक पीस रेशम धागा का बंडल, 110 पीस डिस्पोजल सिरिंज सहित अन्य सामान बरामद किया गया।

सिटी एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि छकरबधा थाना क्षेत्र के तारचुआं व सागरपुर के बीच जंगलों में पहाडों के अंदर गुफा में सुरक्षा बलों पर हमला करने की नीयत से नक्सलियों के द्वारा बम और आइइडी बनाने का सामान इकट्ठा किया गया है। सुरक्षा बलों को जानकारी मिली कि कुछ नक्सली वहां पहुंचे हैं। इसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया।

## 'इंडिया' केवल लोकसभा चुनाव के लिए था : तेजस्वी



**पटना।** तेजस्वी यादव ने कहा है कि इंडिया एलाइंस केवल लोकसभा चुनाव के लिए ही था। उनका यह बयान दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आया है। इस बयान से वहां आप और कांग्रेस दोनों को झटका लगा है। बुधवार को मीडिया को दिये बयान में उन्होंने दो टूक कहा कि यह पहले से ही तय था कि इंडिया एलाइंस लोकसभा चुनाव के लिए है।

**बिहार में महागठबंधन बना रहेगा** : तेजस्वी यादव ने एक सवाल के जवाब में साफ तौर पर कहा कि बिहार में महागठबंधन बना रहेगा। यहां हम शुरू से एक हैं। दिल्ली चुनाव के संदर्भ में उन्होंने कहा कि वहां चुनाव लड़ने के बार में अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। बिहार की जनता बदलाव चाहती है। इस बार हमने सरकार बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। 2020 के चुनाव में ही हम सरकार बनाते-बनाते रह गये थे।

# प्रैक्टिस में हवलदार से मिस फायर दो महिला सिपाही को लगी गोली



**मुजफ्फरपुर।** अहियापुर थाना क्षेत्र के झपहां स्थित सीआरपीएफ केंद्र के अंदर बुधवार को फायरिंग प्रैक्टिस के दौरान बिहार पुलिस की दो महिला सिपाही को गोली लग गयी। दोनों को आननफानन में एसकेएमसीएच में भर्ती कराया गया। दोनों के दायें पैर के जांघ में गोली लगी है। प्रारंभिक चिकित्सा के बाद डॉक्टरों ने कहा कि उनकी हालत खतरे से बाहर है।

मौके पर मौजूद मुजफ्फरपुर नगर अनुमंडल दो की एसडीपीओ विनीता सिन्हा ने बताया कि चार दिवसीय फायरिंग ट्रेनिंग में गोपालगंज जिला बल पुलिस के जवान आये हुए हैं। इन जवानों का सीआरपीएफ कैंप झपहां में फायरिंग प्रैक्टिस चल रहा है। इसी क्रम में बुधवार को फायरिंग के दौरान एक हवलदार से मिस फायर हो गया। जिसमें दो महिला सिपाही गोली लगने से जख्मी हो गयी। उनकी पहचान ज्योति कुमारी और सविता कुमारी के रूप में हुई है। दोनों का इलाज एसकेएमसीएच में किया जा रहा है। इसकी सूचना गोपालगंज पुलिस को दे दी गयी है। दोनों महिला सिपाही को गोली लगने से महकमे में हड़कंप मच गया।एसकेएमसीएच में ऑपरेशन के बाद गोली निकाल दिया गया है। दोनों को सर्जरी वार्ड के आइसीयू में भर्ती किया गया है। डॉक्टर अरुण कुमार ने बताया कि दोनों खतरे से बाहर है।

## पेज एक का शेष

### झारखंड के...

उसके बाद वे साइबर अपराधी के संपर्क में आ गए। साइबर अपराधियों ने कम समय में अधिक रुपए कमाने का लालच देकर उन्हें अपने झांसे में ले लिया। उन्होंने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर तीन माह से रुपए लगाना शुरू किया था। शुरू में साइबर ठगों ने रुपए के बदले में उन्हें ज्यादा रुपए लौटाए। इससे वह साइबर अपराधियों के चंगुल में फंसते चले गए। फिर उन्होंने एक-एक बार में 20-30 लाख रुपए की शेयर ट्रेडिंग करनी शुरू कर दी। ठग गिरोह ने ऐसा कर उनसे पांच-छह बार में 1.24 करोड़ रुपए ट्रेडिंग के नाम पर ठग लिया।

साइबर थाने में प्राथमिकी का दिया है आवेदन : कुछ समय होने के बाद जब वैज्ञानिक आर लोकेश्वर पटनायक ने रुपए वापस लेने के लिए संपर्क किया, तो ठग गिरोह से संपर्क नहीं हो पाया। उन्होंने अपने स्तर से संपर्क करने का हर संभव प्रयास किया, लेकिन साइबर अपराधियों के गिरोह में से किसी से संपर्क नहीं हो पाया। उसके बाद उन्होंने साइबर थाना बिष्टुपुर में केस दर्ज करवाने के लिए आवेदन दिया है।

### रामगढ़ में...

**सरकारी आदेशों की अवहेलना पर सवाल** : सरकार के आदेश के बावजूद स्कूलों का खुलना एक गंभीर मुद्दा बन चुका है। ठंड के मौसम में बच्चों की सुरक्षा बेहद अहम होती है, लेकिन प्रशासन और स्कूल प्रशासन की लापरवाही ने कई सवाल खड़े किए हैं। जब सरकारी आदेश बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया था, तो स्कूलों ने इसे क्यों नजरअंदाज किया? क्या इस लापरवाही के लिए स्कूल प्रशासन जिम्मेदार है या फिर जिला प्रशासन ने आदेशों को सही तरीके से लागू नहीं किया?

**अधिकारियों ने शुरू की हादसे की जांच** : घटना के बाद, रामगढ़ जिले के अधिकारियों ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों और परिवारों ने सरकार और प्रशासन पर दबाव डालते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### झारखंड में एयरपोर्ट...

माइक्रोबायोलॉजी के एचओडी डॉ मनोज ने आजतक से खास बातचीत में बताया कि यहां आइसोलेशन वार्ड तैयार है। स्वास्थ्य विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी और आला अधिकारियों के साथ लगातार बैठकें की जा रही हैं।

**एक्सपर्ट्स की पूरी टीम तैयार** : उन्होंने कहा कि मैनपावर और एक्सपर्ट्स की पूरी टीम तैयार है। किसी उपकरण की कोई कमी नहीं है और टेस्टिंग किट भी मंगवा ली गई हैं। उन्होंने झारखंड के लोगों से कहा कि उसी एसओपी का पालन करना है जिसका कोरोना के वक्त किया गया था, ताकि संक्रामक वायरस की चेन को तोड़ा जा सके। डॉ. मनोज ने कहा कि लोगों को हाथ धोने और मास्क लगाने जैसी प्रैक्टिस को शुरू कर देना चाहिए। पैनिक होने की जरूरत तो नहीं है, लेकिन किसी तरह के लक्षण दिखने पर चिकित्सीय सलाह जरूर लेनी है। खासकर वृद्ध और बच्चों का खास ख्याल रखना है। वैसे ये वायरस पहले भी देश में था और करोना जैसे गंभीर नेचर का नहीं है।

सामान्य जुकाम और फ्लू जैसे होते हैं लक्षण : ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस या एचएमपीवी एक श्वसन वायरस है जो मानव फेफड़ों और श्वसन नली में इंफेक्शन पैदा करता है। यह सामान्य तौर पर ऐसी स्थितियां पैदा करती है जो सामान्य सर्दी या फ्लू में होता है। पहले से ऐसी बीमारियों या एलर्जी से ग्रस्त लोगों में इस वायरस का संक्रमण आम बात है।

### रघुवर दास की...

भाजपा में वापसी पर खुद रघुवर दास कहते हैं, 'राजनीति में मेरी भूमिका क्या होगी, यह भारतीय जनता पार्टी तय करेगी। मैं कार्यकर्ता के रूप में खुद को धन्य समझता हूं। 1980 में जब मैंने भाजपा की सदस्यता ली थी, तब भी पार्टी के सामने अपनी कोई अपेक्षा नहीं रखी थी और आज भी खुद को साधारण कार्यकर्ता मानता हूं। मुझे जो भी दायित्व मिलेगा, उसका निर्वाह समर्पण के साथ करूंगा।'

**45 साल बाद फिर से लेंगे बीजेपी की सदस्यता** : राजनीति में रघुवर दास की नई सक्रिय पारी उस वक्त शुरू हो रही है, जब भाजपा के भीतर राज्य में सशक्त नेतृत्व के विकल्पों पर मंथन चल रहा है। फरवरी महीने में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष का नाम तय होना है। कयास लगाया जा रहा है कि प्रदेश नेतृत्व संभालने के लिए रघुवर दास को एक बार फिर से आगे किया जा सकता है। वह पहले भी दो बार झारखंड प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष रह चुके हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में भी वह संगठन में सक्रिय रहे हैं। उनकी पहचान राज्य में पार्टी के सबसे बड़े ओबीसी लीडर के तौर पर रही है। एक चर्चा यह भी है कि पार्टी उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर संगठन में बड़ा दायित्व दे सकती है। रघुवर दास राज्य में चल रहे विधानसभा चुनाव के दौरान ही राज्यपाल पद छोड़कर झारखंड लौटना चाहते थे। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर अपनी इच्छा जाहिर की थी। हालांकि, तत्कालीन परिस्थितियों में पार्टी नेतृत्व ने उन्हें पद पर बने रहने को कहा था।

### 13 को पीएम...

**6.5 किलोमीटर लंबी है जेड मोड़ सुरंग** : आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री 13 जनवरी को यहां जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन करेंगे। यह जेड मोड़ सुरंग गगनगीर से सोनमर्ग तक सड़क को बाईपास करेगी, जिससे लोग पूरे साल हिल स्टेशन का दौरा कर सकेंगे। वर्तमान में, सड़क का गगनगीर-सोनमर्ग खंड भारी बर्फबारी और हिमस्खलन के कारण अवरुद्ध हो जाता है। जेड-मोड़ सुरंग जम्मू और कश्मीर के गंदेरबल जिले में गगनगीर और सोनमर्ग के बीच 6.5 किलोमीटर लंबी 2-लेन वाली सड़क सुरंग है। इसका नाम सड़क के जेड-आकार के खंड के नाम पर रखा गया है, जिसे सुरंग ने बदल दिया है।

**सुरंग से जाने में लगेंगे केवल 15 मिनट** : वर्तमान में सर्दियों में सड़कों पर हिमस्खलन की आशंका रहती थी। अक्सर कई महीनों तक अवरुद्ध हो जाती थी, लेकिन जेड-मोड़ सुरंग सोनमर्ग पर्यटन शहर को हर मौसम में संपर्क प्रदान करती है। पहाड़ियों पर ऊपर-नीचे टेढ़ी-मेढ़ी सड़क पर घंटों की तुलना में 6.5 किलोमीटर लंबी सुरंग की यात्रा करने में केवल 15 मिनट लगते हैं।

जोजी-ला सुरंग के साथ, श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर यह भू-रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सुरंग बालटाल (अमरनाथ गुफा), कारगिल और लद्दाख क्षेत्र के अन्य स्थानों को साल भर मौसम-प्रूफ कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। यह सैन्य रसद को भी बढ़ाएगा और पर्यटन और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा। सोनमर्ग को हर मौसम में संपर्क प्रदान करने के अलावा, सुरंग स्थानीय युवाओं को रोजगार में मदद करेगी और क्षेत्र में पर्यटन और संबद्ध गतिविधियों को बढ़ावा देगी।

### कश्मीर में...

कोयमू में ठोकरपोरा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर नाका पार्टी ने वहां से गुजरने वाले एक संदिग्ध युवक को पकड़ा। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक एसाल्ट राइफल, एसाल्ट राइफल के चार मैगजीन व 120 कारतूस, दो हथगोले और एक एम्यूनिशन पाउच भी मिला। उसकी पहचान उबैद खुर्शीद के रूप में हुई है। इस बीच, कुलगाम पुलिस ने एक अन्य अभियान में दो और ओवरग्राउंड वर्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक एसाल्ट राइफल और भारी मात्रा में कारतूस व दो हथगोले बरामद किए हैं। इन दोनों से पूछताछ जारी है। अलबत्ता, पुलिस ने इनकी गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं की है।

### मंदिर प्रकोष्ठ के...

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम जानते हैं कि पुजारी हमारे सुख-दुख सबमें काम आता है। पुजारी बच्चे के जन्म से किसी की मौत तक में हमारे साथ होते हैं। ये वो तबका है, जिसने सदियों से हमारी परंपराओं को पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ाया है। इस तबके ने कभी अपने परिवार की ओर ध्यान नहीं दिया। हमलोगों ने भी कभी अनकी ओर ध्यान नहीं दिया। आज हम इनके सम्मान करने के लिए योजना की घोषणा कर रहे हैं।

कार्यकर्ताओं के शामिल होने पर बोले अरविंद केजरीवाल : रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाए पर वचन ना जाई। जो लोग सनातन धर्म और परमात्मा की सेवा में हर समय जुटे रहते हैं, उनका सम्मान और सत्कार करने का सौभाग्य हमें और आम आदमी पार्टी को मिला है। हमने संतों और पुजारियों को हर महीने 18,000 सम्मान राशि देने का एलान किया है और हम इसे पूरा करेंगे।

### कार के लिए हैवान...

मृतका की मां गिरीश देवी ने कहा कि उनकी इकलौटी बेटी को ससुरालवालों ने दहेज के लिए मार डाला।

**दहेज में कार के लिए करते थे प्रताड़ितः मृतका की मां-** मृतका अपराजिता कुमारी पिछले 25 दिनों से लापता थी। उसका मायके बिहार के बेगूसराय जिले के शोखारा उच्च टोला में है। गिरीश देवी ने अपनी इकलौती पुत्री अपराजिता कुमारी को दहेज के लिए प्रताड़ित करने और हत्या कर शव छिपाने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था, जबकि मृतका के पति नीरज झा ने पुलिस को गुमराह करने के लिए 15 दिसंबर को घर से लापता होने का थाने में सनहा दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने महिला की खोजबीन शुरू कर दी थी।

**दो साल पहले हुई थी शादी** : मृतका का डेढ़ साल का बच्चा रहने और उसके लापता होने की सूचना पर पुलिस ने महिला के पति, सास और ननद को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। उसके बाद मौत की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली। पति ने पुलिस के समक्ष कबूल किया कि शव को झोले में रखकर उसने कतरी पुल के पास फेंक दिया था। इसके बाद पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। मृतका के डेढ़ साल के बच्चे को पुलिस ने नानी के हवाले कर दिया है। मृतका की मां गिरीश देवी ने कहा कि उनकी इकलौती पुत्री को ससुरालवाले दहेज में स्विफ्ट डिजायर कार के लिए हमेशा प्रताड़ित करते थे। उनकी बेटी की शादी 13 मई 2022 में हुई थी।

### जाने माने कवि,...

हमेशा बड़े दिल और बड़े सपने देखा करते थे। मुझे भी उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला है। हाल के दिनों में हमारी मुलाकातें कम हो गई थीं, लेकिन कभी हम साथ में खूब समय बिताया करते थे। एक यादगार पर जब उन्होनवे मुझे सरप्राइज देते हुए फिल्मफेयर और सबसे खास, द इलस्ट्रेटेड वीकली के कवर पर जगह दी। मैं उन्हें कभी नहीं भुला पाऊंगा।'

**कौन थे प्रीतिश नंदी?** : प्रीतिश नंदी एक कवि, लेखक, पत्रकार, फिल्म निर्माता और संपादक के तौर पर पहचाने जाते थे। 15 जनवरी 1951 में जन्मे प्रीतिश नंदी ने अपनी पत्रकारिता के जरिए समाज की सच्चाई को उजागर करने का काम किया। वह 'द इलस्ट्रेटेड वीकली ऑफ इंडिया' के संपादक रहे। वह अपने खुले विचारों के लिए मशहूर थे। साहित्य और पत्रकारिता के अलावा, उन्हें फिल्म निर्माण में भी महारथ हासिल था। बता दें कि अपने फिल्मी करियर में उन्होंने कई यादगार फिल्मों का निर्माण किया है। उन्हें कई पुरस्कारों से भी सम्मानित किया जा चुका था। उनकी कंपनी प्रीतिश नंदी कम्युनिकेशंस ने भारत में मल्टीप्लेक्स फिल्म शैली का नेतृत्व किया था।

## विविध

# भारत और मालदीव ने की समुद्री सुरक्षा साझेदारी बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त



- भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर हैं मालदीव के रक्षा मंत्री

एजेंसियां

**नई दिल्ली।** भारत और मालदीव ने व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी की दिशा में द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मालदीव के रक्षा मंत्री मोहम्मद घासन मौमून ने बुधवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के दौरान रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं की व्यापक समीक्षा की।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने भारत-मालदीव व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी के लिए संयुक्त दृष्टिकोण को साकार करने में मिलकर काम करने की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई। रक्षा मंत्री ने राष्ट्रीय प्राथमिकताओं, भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति तथा सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) के दृष्टिकोण के अनुरूप, अपनी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए रक्षा प्लेटफार्मों और परिसंपत्तियों के प्रावधान सहित रक्षा तैयारियों में क्षमता वृद्धि में मालदीव का समर्थन करने के लिए भारत की तत्परता की पुष्टि की।

श्री मौमून ने मालदीव के लिए जरूरत के समय 'प्रथम प्रतिक्रिया' के रूप में भारत की ऐतिहासिक भूमिका की सराहना की और रक्षा एवं सुरक्षा कर्मियों की आधुनिक अवसंरचना क्षमताओं तथा प्रशिक्षण को बढ़ाने में मालदीव की सहायता के लिए भारत को धन्यवाद दिया। मालदीव सरकार के अनुरोध पर भारत ने मालदीव को रक्षा उपकरण और सैन्य साजो सामान दिया।

बता दें कि, मालदीव के रक्षा मंत्री भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर हैं। यह यात्रा दोनों पक्षों के बीच निरंतर उच्च-स्तरीय संपर्कों का हिस्सा है। इस यात्रा से दोनों देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के पारस्परिक लाभ के लिए द्विपक्षीय रक्षा तथा सुरक्षा संबंधों को अधिक मजबूत करने का अवसर मिला है।

# सीमाओं में बढ़ता सैन्यीकरण भारत के लिए चिंताजनक : वायुसेना प्रमुख



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल एपी सिंह ने मंगलवार को कहा कि वर्ष 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के विजन को पूरा करने में एयरोस्पेस क्षेत्र बहुत बड़ा योगदानकर्ता होगा। विवादों और संघर्षों की वजह से वर्तमान में दुनिया में अस्थिरता का माहौल है। लेकिन देश की उत्तरी और पश्चिमी सीमा पर चीन और पाकिस्तान के बढ़ते सैन्यकरण की वजह से भारत की अपनी सुरक्षा चिंताएं हैं। चीन बड़ी तादाद में अपनी वायुसेना पर खर्च कर रहा है। इसमें उसके द्वारा हालिया उद्घाटित स्टेल्थ विमान भी शामिल है। वायुसेनाप्रमुख ने राजधानी में आयोजित एसआईडीएम के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी।

उन्होंने सी-295 परिवहन विमान निर्माण सुविधा के उद्घाटन पर दिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का उल्लेख करते हुए कहा कि पीएम ने कहा था कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र दो महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। वायुसेना इनमें शामिल प्राथमिक क्षेत्र है और वह हमेशा आत्मनिर्भरता को लेकर बड़े पैमाने पर निवेश करने में आगे रहती है। एयर चीफ मार्शल ए.पी.सिंह ने बल द्वारा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कई कदमों के बारे में जानकारी दी।

**आत्मनिर्भरता की कीमत चुकानी पड़ती है**

वायुसेना प्रमुख ने कहा कि आत्मनिर्भरता के लिए कीमत चुकानी पड़ती है और हमें इसे स्वीकार करना चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर हमें अधिक मात्रा में चीजें खरीदनी होती हैं। इसमें शोध-अनुसंधान के भाग में सीमित संख्या की वजह से कीमत बढ़ती है। लेकिन हमें आत्मनिर्भरता की बेहद आवश्यकता है। समय सीमा को पूरा न करने की स्थिति में शोध-अनुसंधान का कोई महत्व नहीं रहता है। लेकिन इससे किसी भी शोध के विफल होने पर उसमें शामिल जोखिम को स्वीकार करने की क्षमता बढ़ती है।

## रामलला के दर्शन करने के लिए यूकेजी का छात्र पंजाब से दौड़ा अयोध्या पहुंचा



अयोध्या। श्रीरामलला का दर्शन करने के लिए पंजाब से दौड़ लगाते एक 6 वर्षीय बालक मंगलवार को अयोध्या पहुंचा। एक महीने तेईस दिन में हजार किलोमीटर से अधिक दौड़ पूरी करने वाला यह बालक मंगलवार को भाजपा नेता भूपेंद्र सिंह बल्ले के अयोध्या फेमिली रेस्टोरेंट लखनऊ मार्ग पर पहुंचा है। बताया जाता है कि मोहब्बत नाम वाले इस बच्चे की रास्ते भर खूब स्वागत व सराहना हुई। छह वर्षीय मोहब्बत ग्राम किलियांवाली पोस्ट अबोहर, तहसील हबोर जिला फाजिल्का, पंजाब का रहने वाला है। वहां बालाजी धाम से एक सैन्य अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर मोहब्बत के दौड़ की शुरुआत कराई। पूरे रास्ते बालक के अभिभावक श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय के सम्पर्क में रहे। यह भी पता चला है कि प्रतिष्ठा द्वादशी के दिन इस नन्हे धावक की मुख्यमंत्री से भेंट भी होनी है।

## प्रियंका गांधी से मिलकर बोलीं कंगना रनौत : आपको 'इमरजेंसी' देखनी चाहिए



मुंबई । अभियन में जलवा बिखेर चुकीं बॉलीवुड 'क्वीन' कंगना रनौत इन दिनों राजनीति में सक्रिय हैं। इस बीच कंगना अपनी अपकमिंग फिल्म 'इमरजेंसी' की रिलीज की तैयारी में जुटी हुई हैं। पंगा क्वीन' की फिल्म 1970 में इंदिरा गांधी के कार्यकाल के दौरान लागू हुई इमरजेंसी पर आधारित है। पिछले साल से कंगना की फिल्म विवादों में घिरी हुई है। दो बार रिलीज टलने के बाद अब फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक को तैयार है। कंगना ने बताया कि उन्होंने संसद में प्रियंका गांधी वाड्रा से मुलाकात कर उन्हें फिल्म देखने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा, मैं संसद में प्रियंका गांधी वाड्रा से मिली थी और मैंने उनसे कहा कि 'आपको 'इमरजेंसी' देखनी चाहिए। इस पर उन्होंने कहा, 'हां हो सकता है', तब देखते हैं कि क्या वह फिल्म देखना चाहेंगी। कंगना कहती हैं, जब मैंने इंदिरा गांधी के बारे में रिसर्च करना शुरू किया, तब मैंने पाया कि उनके निजी जीवन के बारे में जानने के लिए बहुत सी चाजें थीं। चाहे उनके पति, दोस्तों या विवादास्पद समीकरणों के साथ उनका रिश्ता हो। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा के बारे में कंगना कहती हैं, मैंने खुद से सोचा कि हर व्यक्ति में बहुत कुछ है। लेकिन मैंने इंदिरा गांधी को बहुत गरिमा और संवेदनशीलता के साथ चित्रित किया है और मुझे लगता है कि सभी को यह फिल्म देखनी चाहिए।

## बहू से प्रताड़ित बुजुर्ग ने राष्ट्रपति से लगाई इच्छामृत्यु की गुहार

दमोह। यहां बेहद शर्मनाक और हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां पर 75 वर्षीय एक बुजुर्ग ने बहू की प्रताड़ना से तंग आकर राष्ट्रपति से इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी है। दरअसल, मध्य प्रदेश के दमोह में 75 वर्षीय बुजुर्ग अपनी पत्नी के साथ दमोह कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनसुनवाई में पंहुचा और राष्ट्रपति के नाम डीएम सुधीर कुमार कोचर को लिखित आवेदन देकर इच्छा मृत्यु के लिए गिड़गिड़ाते हुये अनुमति मांगने लगा। 75 वर्षीय चमन लाल रैकवार जबेरा तहसील के बनवार गांव का रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि 16 साल पहले उसके बेटे जयंत की शादी अनीता से हुई थी। लेकिन साल 2009 में तालाब में डूबने से बेटे जयंत की मौत हो गई। बेटे की मौत हो जाने के बाद बहू अनीता अपनी सास दुर्गा बाई के करीब दो लाख रुपये के जेवरात लेकर मायके चली गई और दमोह में अपनी मां के साथ रहने लगी। बुजुर्ग चमन लाल ने आरोप लगाते हुए कहा, कुछ समय बाद बहू अनीता मुझसे पैसों की मांग करने लगी और पैसे ना देने पर मुझे और मेरी पत्नी को जेल भेजने की धमकी देने लगी। बहू अनीता की प्रताड़ना से तंग आकर अब मैं जीना नहीं चाहता, बहुत मुश्किल से मैं अपनी व पत्नी का जीवन यापन कर रहा हूं। इस उम्र में अब मजदूरी भी नहीं होती, ऐसे में फिर कहां से लाखों रुपये लाकर बहु को दूं। उन्होंने बताया, डेढ़ एकड़ जमीन जो मेरे पिता से मुझे मिली थी, वह मैं अपने दोनों बेटों को बराबरी से देने के लिए तैयार हूं। इसके बाद भी बहू अनीता हम दोनों को लगातार प्रताड़ित कर रही है। इसलिए अब मैं जीना नहीं चाहता महामहिम से विनती है कि मेरा आवेदन पत्र स्वीकार कर मुझे इच्छा मृत्यु की अनुमति दें।

## संभल सर्वे पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक, 25 फरवरी को होगी सुनवाई

संभल। यूपी के संभल में विवादित स्थल के सर्वे को लेकर हाईकोर्ट ने बड़ी कार्रवाई करते हुए निचली अदालत के आदेश पर रोक लगा दी है। इससे हिंदू पक्ष को झटका लगा है। यह फैसला मुस्लिम पक्ष द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के बाद आया है। मुस्लिम पक्ष ने सर्वे के खिलाफ अदालत का रुख करते हुए तर्क दिया कि यह सर्वे अनावश्यक है और इससे धार्मिक सौहार्द्र बिगड़ने की आशंका है। हाईकोर्ट ने इन दलीलों को गंभीरता से लेते हुए निचली अदालत के सर्वे कराने के आदेश पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का निर्देश दिया है। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई के लिए 25 फरवरी तय की है। इस दौरान दोनों पक्षों को अपनी-अपनी दलीलें प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

## गुस्साए हाथी ने शख्स को 4 बार लहराया और फिर 10 फीट दूर उठाकर फेंका


कोच्चि ।केरल के मलप्पुरम में एक हाथी ने शख्स को सूंड़ से उठा लिया। फिर हवा में 4 बार लहराकर 10 फीट दूर उठाकर फेंक दिया। पीड़ित को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती किया गया है।



हादसा स्थानीय उत्सव के दौरान हुआ, इस नेरचा कहते हैं। उत्सव में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए थे। तभी वहां मौजूद 4 हाथियों में एक हाथी भड़क गया। भगदड़ में 17 घायल हैं। मलप्पुरम के तिरूर में हर साल नेरचा उत्सव मनाया जाता है। पलक्कड़ जिले में पट्टांबी मस्जिद में हजारों की संख्या में लोग उत्सव में भाग लेते हैं। बुधवार को भी भीड़ ज्यादा थी। उत्सव के दौरान चार हाथी मंगाए गए थे। चारों हाथी एक लाइन में खड़े थे, हालांकि उनके ऊपर महावत भी था। तभी एक हाथी अचानक आगे की ओर भागने लगा। हाथी के बेकाबू होते ही भगदड़ की स्थिति बन गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। एक शख्स हाथी की सूंड़ की पकड़ में आ गया। हाथी ने शख्य को उठाया और हवा में लहराने लगा। लोग जब तक कुछ समझ पाते, हाथी ने शख्स को कई फीट दूर उठाकर फेंक दिया। हालांकि बाद में महावत ने हाथी पर काबू पा लिया।

## गडकरी ने दिये अपनी बनवाई सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे करने के सुझाव

**नई दिल्ली (एजेंसी )।** नई दिल्ली(ईएमएस)। देशभर में कुल 1,46,145 किमी नेशनल हाईवे हैं। इसके अलावा कई एक्सप्रेसवे भी हैं, जिनसे सफर आसान हो गया है। यही वजह है कि जब चमचमाती सड़कों की बात होती है तो पहला नाम केन्द्रीय सड़क एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आता है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक हाईवे और एक्सप्रेसवे का नेटवर्क बिछाने का काम गडकरी ने किया है। लेकिन लोग उस वक्त हैरान हो गए जब गडकरी ने कह दिया इन सड़कों को खुदवा दीजिए।



गडकरी ने बताया कि सरकार सड़क हादसों और इससे होने वाली मौतों को कम करने का लगातार प्रयास कर रही है। लेकिन उम्मीदों के अनुसार सफलता नहीं मिल रही है। इसके लिए सड़क परिवहन मंत्रालय योजनाएं भी लांच कर चुका है। हादसों को कम करने के मंथन के दौरान एक जानकार ने उनसे कहा कि सड़क हादसों की वजह आप ही है। यह सुनकर गडकरी स्तब्ध रह गए, क्योंकि वे हादसों को कम करने का प्रयास कर रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री ने इसकी वजह पूछी तो सज्जन ने बताया कि आपके सड़कें इतनी अच्छी बनवा दी हैं, इस वजह से वाहन चालक स्पीड से गाड़ी चलाते हैं और हादसा की चपेट में आ जाते हैं। इस तरह गडकरी ने उन्हें हंसते हुए सुझाव दिया कि आप जगह-जगह सड़कों पर गड्ढ करवा दो, जिससे वाहनों की स्पीड और पैदल चलने वालों की स्पीड एक जैसी हो जाए और इस तरह हादसे कम हो जाएंगे।

दिल्ली -मुंबई (1386 किमी।), अहमदाबाद -धोलेरा ( 109 किमी।), बेंगलुरू-चेन्नई (262 किमी।), लखनऊ कानपुर (63 किमी।) और दिल्ली -अमृतसर- कटरा ( 669 किमी।) हैं। इनमें से तीन एक्सप्रेसवे दिल्ली -मुंबई, अहमदाबाद -धोलेरा, बेंगलुरू चेन्नई इस साल तैयार हो जाएंगे, जबकि लखनऊ कानपुर और दिल्ली -अमृतसर- कटरा 2026 तैयार होंगे। इन एक्सप्रेसवे की कुल लंबाई 2489 किमी। है।

# अगर किसी महिला के शरीर की बनावट पर 'फाइन' कहा तो आपको हो सकती है जेल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अगर आप किसी महिला के शरीर को देखकर 'फाइन' कहते हैं, तब आप जेल जा सकते है। जी हां, केरल हाईकोर्ट ने कहा कि किसी महिला के शरीर की बनावट पर 'फाइन' कहकर टिप्पणी करते हैं, तब पहली नजर में यौन उत्पीड़न माना जाएगा। इसी आधार पर हाईकोर्ट ने एक याचिकाकर्ता के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर को भी रद्द करने से मना कर दिया।




केरल हाईकोर्ट के जस्टिस ए. बदरुद्दीन ने याचिकाकर्ता के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा और केरल पुलिस अधिनियम, 2011 (अधिनियम) की धारा 120 सहित अपराधों के लिए शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने से मना कर दिया। वहीं धारा 509 में महिला की लज्जा का अपमान करने के इरादे से किए गए कृत्यों का जिक्र है।

रिपोर्ट के मुताबिक, महिला ने बताया कि जब वे केरल राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड के इलेक्ट्रिकल सेक्शन में काम कर रही थी, तब आरोपी ने उसकी बॉडी को देखकर फाइन कहा था। उसकी यह टिप्पणी यौन कुंठा से भरी थी। आरोपी की इस टिप्पणी ने उन्हें परेशान किया था। महिला ने आरोप लगाया गया कि आरोपी ने उसके मोबाइल नंबर पर यौन इशारों वाले मैसेज भेजे थे।

हालांकि, आरोपी ने इसका विरोध किया। आरोपी का तर्क था कि किसी व्यक्ति के शरीर की संरचना की तारीफ करना यौन उत्पीड़न वाली टिप्पणी नहीं है। इसके बाद हाईकोर्ट ने पहले इन अपराधों पर विस्तार से चर्चा की। फिर धारा 509 का जिक्र कर अदालत ने अपने पिछले फैसले का हवाला दिया। इस मामले में अदालत ने धारा 509 के तहत आने वाले अपराधों पर चर्चा की थी। अदालत ने बताया कि किसी भी महिला पर यौन रंगीन टिप्पणी करने वाला पुरुष यौन उत्पीड़न के अपराध का दोषी है। इस पर अदालत ने याचिकाकर्ता की दलील को खारिज करते हुए कहा, 'मामले के तथ्यों को देखने के बाद यह स्पष्ट है कि अभियोजन पक्ष का मामला पहली नज़र में कथित अपराधों को आकर्षित करने के लिए बनाया गया है।

## मिजोरम के नए राज्यपाल वीके सिंह का शपथ ग्रहण समारोह टला, अब 15 को होगा

आइजोल। पूर्व केंद्रीय मंत्री और सेना प्रमुख (सेवानिवृत्त) जनरल विजय कुमार सिंह का मिजोरम के नए राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण समारोह, जो 9 जनवरी को निर्धारित था, उसे स्थगित कर दिया गया है। अब यह समारोह 15 जनवरी को होगा। इससे पहले, मिजोरम सरकार के अधिकारियों ने कहा था कि जनरल वीके सिंह 8 जनवरी को आइजोल पहुंचेंगे और शपथ ग्रहण समारोह अगले दिन यानी 9 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। वीके सिंह अब 15 जनवरी को आइजोल पहुंचेंगे और शपथ ग्रहण समारोह अगले दिन आयोजित किया जाएगा। मिजोरम में वर्तमान में कोई राज्यपाल नहीं है, क्योंकि मौजूदा राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति जो तीन साल और पांच महीने से अधिक समय तक इस पद पर रहे वह दो जनवरी को राज्य छोड़कर चले गए और अगले दिन ओडिशा में राज्यपाल का कार्यभार संभाल लिया। अधिकारियों ने कहा कि नए राज्यपाल पदभार संभालने के बाद अपने शपथ ग्रहण समारोह के बाद बजट सत्र बुलाने की संभावना है। राजभवन और मिजोरम सरकार के अधिकारियों ने आधिकारिक तौर पर नए राज्यपाल के शपथ ग्रहण समारोह को स्थगित करने के कारणों का खुलासा नहीं किया। एक अधिकारी ने कहा कि जनरल वीके सिंह ने मिजोरम में अपने आगमन और राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण समारोह को स्थगित कर दिया है। सूत्रों के हवाले से एक अन्य अधिकारी ने कहा कि यह स्थगन उनके परिवार के किसी सदस्य के चिकित्सा उपचार के कारण हो सकता है।

# साइबर फ्रॉड में रोजगार के नाम पर विदेश जाकर फंसे बिहार के कई युवा

**अब खुद और परिजन सरकार से कर रहे गुजारिश**

**गोपालगंज (एजेंसी)।** बिहार के युवाओं को टूरिस्ट वीजा पर कंबोडिया, थाईलैंड, म्यांमार और लाओस भेजकर उन लोगों से साइबर फ्रॉड कराया जा रहा है। गोपालगंज जिले के करीब 47 युवक विदेशों में फंसे हैं। आरोप है कि इन युवकों को विदेश में रोजगार दिलाने के नाम पर एजेंट ने भेजा था। इस पूरे खेल में पाकिस्तान और चीन के साइबर अपराधियों का हाथ होने की बात सामने आई है, जिसकी जांच एनआइए और ईओयू की टीम कर रही है।



फतेहपुर गांव निवासी रौशन अली का बेटा वाहिद रौशन और भतीजा मो. साउद अली को प्रयागराज के एजेंट सुदरजीत यादव ने दिल्ली से थाईलैंड भेजा था। दोनों युवकों को मॉल में काम दिलाने के नाम पर 26 अक्टूबर 2024 को भेजा था। इसके बाद थाईलैंड में एयरपोर्ट पर उतरते ही दोनों को एक एजेंट ने रिसीव कर नदी के रास्ते मोटरबोट से म्यांमार पहुंचा दिया, जहां पहले से पाकिस्तान, चीन, नेपाल और दूसरे देश के युवा साइबर फ्रॉड में लगे हुए थे। आरोप है कि एजेंट ने 7 हजार यूएस डॉलर (छह लाख से ज्यादा भारतीय रुपये) में इन युवकों को चीन और पाकिस्तान के साइबर अपराधियों को बेच दिया है।

रौशन और साउद ने किसी तरह से छिपकर वीडियो बनाकर सरकार और प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। युवकों ने वीडियो में लोकेशन दिखाया और कहा कि कंप्यूटर के काम को लेकर यूपी के एजेंट ने भेजा था, लेकिन यहां साइबर फ्रॉड में लगाया है। वीडियो में युवक कहते हैं कि विरोध करने पर यातना दी जा रही है। प्लीज, मुझे यहां से भारत वापस बुला लें।

रौशन और वाहिद की तरह शुभम कुमार भी कंबोडिया जाकर फंस गया था। साइबर फ्रॉड के लिए दबाव बनाया गया, लेकिन वह भागकर भारतीय दूतावास पहुंच गया। फिर दूतावास की मदद से वापस घर आ गया है।

शुभम कुमार ने मामले में साइबर थाने में पांच लोगों पर केस दर्ज कराया है, जिसमें पुलिस को बताया कि एजेंट ने 70 हजार रुपये प्रतिमाह की सैलरी पर मॉल में काम करने के लिए भेजा था, लेकिन थाईलैंड जाने के बाद वहां से कंबोडिया ले जाया गया, जहां साइबर फ्रॉड के काम में लगा दिया गया। विरोध करने पर बिजली करंट के झटके दिए जा रहे थे। किसी तरह से भागकर दूतावास पहुंचा, जिसके बाद वापस घर लौट पाया।

म्यामांर में फंसे युवक के पिता रौशन अली ने कहा कि मेरे लड़के के अलावा कई युवक वहां फंसे हुए हैं। जब भी फोन आता है, रोते हुए कहता है कि जल्द बुलवा लीजिए। पूरा परिवार आहत है। मोदी सरकार से गुजारिश है कि मदद करे।

# बांग्लादेश की मांग ठुकराई- भारत में ही रहेंगी शेख हसीना

**नई दिल्ली (एजेंसी )।** बांगलादेश के अंतरिम सरकार ने शेख हसीना के प्रत्यर्पण के लिए 23 दिसंबर को एक डिप्लोमैटिक नोट भारत के विदेश मंत्रालय को भेजा था। हालांकि, भारत सरकार ने अब तक इस पर कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी है। भारतीय अधिकारियों का कहना है कि ढाका ने प्रत्यर्पण के लिए आवश्यक औपचारिकताएं पूरी नहीं की हैं। भारत ने बांगलादेश की निर्वासित प्रधानमंत्री शेख हसीना की वीजा बढ़ा दिया है। यह कदम उस समय उठाया गया है जब ढाका में उनकी प्रत्यर्पण की मांग तेज हो रही है। शेख हसीना पिछले अगस्त में देश छोड़कर भारत आई थीं।



बांगलादेश में उनके खिलाफ छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया था। सूत्रों के मुताबिक, उनका वीजा हाल ही में बढ़ाया गया है, ताकि वह भारत में पहले की तरह रह सकें। सूत्रों ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत ने उन्हें शरण नहीं दी है क्योंकि भारत में शरणार्थियों के लिए कोई विशेष कानून नहीं है।

इस बीच बांगलादेश की सरकार ने 97 लोगों के पासपोर्ट रद्द करने का निर्णय लिया है, जिनमें शेख हसीना का नाम भी शामिल है। इन लोगों पर जुलाई में हुए प्रदर्शनों में कथित रूप से लोगों को जबरन गायब कराने और हत्याओं में शामिल होने के आरोप हैं। बांगलादेश के इमिग्रेशन और पासपोर्ट विभाग ने यह घोषणा की है कि शेख हसीना और अन्य 75 व्यक्तियों के पासपोर्ट रद्द किए गए हैं।

वहीं, 6 जनवरी को बांगलादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने शेख हसीना के खिलाफ दूसरा गिरफ्तारी वारंट जारी किया। न्यायाधिकरण ने बांगलादेशी पुलिस को शेख हसीना और 11 अन्य लोगों को गिरफ्तार करने और उन्हें 12 फरवरी को न्यायाधिकरण के सामने पेश करने का आदेश दिया है।

**भारत में शेख हसीना का भविष्य**

भारत में शेख हसीना के भविष्य को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। भारत सरकार का विदेश मंत्रालय ने पहले ही यह कह चुका है कि शेख हसीना को अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में खुद निर्णय लेना है। इस बीच, बांगलादेश के राष्ट्रीय स्वतंत्र जांच आयोग के प्रमुख ने कहा है कि आयोग के सदस्य भारत जाने की योजना बना रहे हैं ताकि शेख हसीना से 2009 में बांगलादेश राइफल्स द्वारा 74 लोगों की हत्या के मामले में पूछताछ की जा सके।

# चार युद्ध लड़ने वाले बलदेव सिंह की बहादुरी को नेहरू से लेकर मोदी तक ने सराहा!

**राजौरी (एजेंसी)।** बलदेव सिंह एक ऐसे वीर सिपाही जो अपने साहस और देशभक्ति के लिए इतिहास में हमेशा के लिए अमर हो गए। जिन्होंने पाकिस्तान के खिलाफचार युद्ध लड़े और भारतीय सेना में तीन दशकों तक अपनी सेवाएं दीं, उनकी सोमवार को सांसे थम गई। बलदेव सिंह 14 नवंबर 1950 को सेना में भर्ती हुए। उन्होंने करीब तीन दशक तक देश की सेवा की और 1961, 1962 और 1965 के भारत-पाक युद्धों में हिस्सा लिया। 1969 में रिटायर होने के बाद, उन्हें 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान फिर से बुलाया गया। इस दौरान उन्होंने 11 जाट बटालियन (25 इन्फैंट्री डिवीजन) के साथ आठ महीने तक सेवा की। अपने लंबे करियर के दौरान, बलदेव सिंह को कई सम्मानों से नवाजा गया। उनकी बहादुरी को देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से लेकर वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक ने सराहा। सोमवार को उनके गांव नौनिहाल में पूरे सैन्य सम्मान और प्रोटोकॉल के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।

हवलदार बलदेव सिंह (रिटायर्ड) का उनके गृह नगर राजौरी जिले के नौशेरा में निधन हो गया। वह 93 साल के थे। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने बताया कि उनकी नेचुरल डेथ हुई।

बता दें कि हवलदार बलदेव सिंह का जन्म 27 सितंबर 1931 को नौशेरा के नौनिहाल गांव में हुआ था। केवल 16 साल की उम्र में, उन्होंने ब्रिगेडियर उस्मान की अगुवाई में 'बाल सेना' में शामिल हो गए। 1947-48 के नौशेरा और झांगर की लड़ाई के दौरान, बाल सेना के लड़कों (12-16 साल की उम्र) ने भारतीय सेना के लिए महत्वपूर्ण समय पर संदेशवाहक के रूप में काम किया था। उनके इस योगदान के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें ग्रामोफोन, घड़ियां और भारतीय सेना में शामिल होने का मौका दिया था।



# अब कैमरे की निगरानी में होंगे सभी खेलों की राष्ट्रीय स्पर्धाओं के ट्रायल, विभाग का फैसला

**शिमला, एजेंसी।** अब खेल विभाग की ओर से सभी खेलों की राष्ट्रीय स्पर्धाओं के ट्रायल में वीडियोग्राफी करवाने का फैसला लिया है। इसको लेकर युवा सेवा एवं खेल विभाग ने सरकार को प्रस्ताव भेज दिया है और जल्द इसकी अधिसूचना जारी होगी।



नेशनल वॉलीबाल टूर्नामेंट के लिए टीम के चयन पर उठे विवाद के बाद अब खेल विभाग की ओर से सभी खेलों की राष्ट्रीय स्पर्धाओं के ट्रायल में वीडियोग्राफी करवाने का फैसला लिया है। इसको लेकर युवा सेवा एवं खेल विभाग ने सरकार को प्रस्ताव भेज दिया है और जल्द इसकी अधिसूचना जारी होगी। जयपुर में मंगलवार से शुरू हुए नेशनल वॉलीबाल टूर्नामेंट के लिए 26 दिसंबर को शिमला के इंदिरा गांधी खेल परिसर में ट्रायल हुए थे। ट्रायल के बाद खिलाड़ियों की सूचना जारी होने के बाद कुछेक खिलाड़ियों ने चयन पर सवाल उठाए और योग्य खिलाड़ियों को बाहर करने का आरोप लगाया। मामला मुख्यमंत्री के पास पहुंचा तो उन्होंने ट्रायल नए सिरे से करवाने के निर्देश दिए।

खेल विभाग ने ट्रायल रद्द किए और रविवार को नए सिरे से खिलाड़ियों के ट्रायल लिए गए। चयन समिति ने चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता के लिए ट्रायल के दौरान वीडियोग्राफी भी करवाई। इसी तर्ज पर अब खेल विभाग ने अन्य खेलों की राष्ट्रीय स्पर्धाओं के ट्रायल के दौरान वीडियोग्राफी करवाने का प्रस्ताव तैयार कर सरकार को भेजा है, ताकि चयन समिति पर किसी तरह के आरोप न लगे। युवा सेवा एवं खेल विभाग के अतिरिक्त निदेशक हितेश आजाद ने बताया कि कैमरे से चयनकर्ताओं के निर्णय को रिकॉर्ड किया जा सकेगा।

यदि कोई विवाद उत्पन्न होता है, तो यह दस्तावेज के रूप में प्रमाणित किया जा सकेगा। इसके साथ ही खिलाड़ियों को भी विश्वास होगा कि उनका प्रदर्शन निष्पक्ष तरीके से मूल्यांकित किया गया। राज्य में सभी खेलों की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए ट्रायल के दौरान वीडियोग्राफी करवाने की व्यवस्था को लागू किया जाएगा। इस प्रक्रिया के बाद ट्रायल में शामिल खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और चयन प्रक्रिया पर भी किसी तरह के सवाल नहीं उठेंगे। जल्द से जल्द इसे लागू करने का प्रयास किया जाएगा।

**अंडर-23 वनडे क्रिकेट ट्रॉफी**

## सेमीफाइनल में गुजरात ने रोका हिमाचल का रथ, खिताब की दौड़ से बाहर

**शिमला, एजेंसी।** बीसीसीआई की ओर से आयोजित अंडर-23 वनडे क्रिकेट ट्रॉफी में गुजरात ने हिमाचल का फाइनल में खेलने का सपना तोड़ दिया। मंगलवार को कोलकाता में हुए सेमीफाइनल में गुजरात ने हिमाचल को पांच विकेट से हराकर न केवल फाइनल में अपनी जगह पक्की की। वर्ष 2017-18 के बाद हिमाचल पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचा था।




सेमीफाइनल में हिमाचल ने पहले खेलते हुए 241 रन बनाए। लक्ष्य गुजरात ने पांच विकेट खोकर 43वें ओवर में ही पूरा कर लिया। सेमीफाइनल में गुजरात ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी को उतरी हिमाचल की टीम 48वें ओवर में 240 रनों पर आलआउट हो गई। हिमाचल की ओर टीम के कप्तान मृदुल सरोच ने 61 रन की अर्धशतकीय पारी खेली।

वहीं, कुशल पाल ने 33 और इनेश महाजन ने 32 रन बनाए। इस मैच में हिमाचल के बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर पाए। क्वार्टर फाइनल मैच में चार विकेट लेने वाले गेंदबाज अनिकेत को सेमीफाइनल में एक भी विकेट नहीं मिला। वहीं, गुजरात की टीम से गेंदबाज शेन पटेल ने चार विकेट चटकाए जबकि जयमीत पटेल ने 89 रन की पारी खेलकर हिमाचल के फाइनल के सपने को तोड़ने में अहम भूमिका निभाई । एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने कहा कि हिमाचल ने अंडर-23 ट्रॉफी में बेहतर प्रदर्शन करते हुए पहली बार सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। लेकिन, सेमीफाइनल में गुजरात ने हिमाचल को हराकर टीम के सफर को रोक दिया।

## विजय हजारे ट्रॉफी के नॉकआउट में खेलेंगे प्रसिद्ध, अभिमन्यु और पडिक्कल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टेस्ट टीम का हिस्सा रहे देवदत्त पडिक्कल, प्रसिद्ध कृष्णा और अभिमन्यु ईश्वरन विजय हजारे ट्रॉफी के नॉकआउट चरण में तथा वॉशिंगटन सुंदर सेमीफाइनल से तमिलनाडु की टीम से खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। पडिक्कल और प्रसिद्ध सिडनी से बुधवार को भारतीय टीम के साथ प्रस्थान करेंगे लेकिन अभिमन्यु को एक दिन पहले ही भारत आने की अनुमति मिल गई थी। क्रिकेट एसोशिएशन ऑफ बंगाल ने उनकी उड़ान का टिकट एक दिन पहले ही बुक कर दिया था। वह ऑस्ट्रेलिया से पहले सिंगापुर और फिर अहमदाबाद आएंगे, इसके बाद वहां से बड़ौदा आकर अपनी टीम के साथ जुड़ेंगे। अभिमन्यु के लिए ऐसा पहली बार होगा कि वह दो महीनों के बाद किसी मैच का हिस्सा बनेंगे। उन्हें ऑस्ट्रेलिया में किसी भी टेस्ट मैच में खेलने का अवसर नहीं मिला। केएल राहुल ने ब्रेक का अनुरोध किया है।

प्री-क्वार्टरफाइनल में बंगाल का मुकाबला हरियाणा के साथ है। अभिमन्यु आज टीम के साथ अभ्यास भी करेंगे। बंगाल की टीम के एक और सदस्य आकाशदीप पीठ में लगी हल्की चोट के कारण विजय हजारे ट्रॉफी में नहीं खेल रहे हैं। इसी चोट के कारण वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफा अंतिम टेस्ट का हिस्सा नहीं ले पाये थे। स्वदेश लौटने के बाद वह सीधे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बेंगलुरू जाएंगे।

## बीजीटी नहीं, न्यूजीलैंड से घर में हारना ज्यादा पीड़ादायक : युवराज सिंह

**दुबई, एजेंसी।** विश्व कप विजेता पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह का मानना है कि न्यूजीलैंड के हाथों घरेलू मैदान पर सूपड़ा साफ होना भारतीय टीम के लिए बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की हार से भी बड़ी असफलता है। भारत को पिछले कुछ महीनों में टेस्ट क्रिकेट में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। उसे घरेलू मैदान पर कमजोर न्यूजीलैंड से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा, जो टीम के टेस्ट इतिहास में पहली बार हुआ था। इसके बाद उसे पांच मैच की बॉर्डर गावस्कर श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया से उसकी धरती पर 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। बहरहाल, युवराज ने कहा कि मुझे लगता है कि न्यूजीलैंड से हारना अधिक पीड़ादायक है। क्योंकि वे घरेलू मैदान पर 3-0 से हार गए। आप जानते हैं, यह स्वीकार्य नहीं है। इसे (बीजीटी हारना) तब भी स्वीकार किया जा सकता है क्योंकि आप ऑस्ट्रेलिया में दो बार इस जीत चुके हैं और इस बार आपको हार का सामना करना पड़ा।

## अफगानिस्तान टीम में मेंटर के पद पर शामिल होंगे यूनिस खान, चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर लिया फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) के सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तान के पूर्व कप्तान यूनिस खान 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अफगानिस्तान टीम में मेंटर के तौर पर शामिल होंगे। यूनिस इससे पहले 2022 में एक अल्पकालिक अनुबंध पर अफगानिस्तान के बल्लेबाजी कोच के तौर पर काम कर चुके हैं। यह पुष्टि हो गई है कि 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए यूनिस अफगानिस्तान टीम के मेंटर के तौर पर टीम के साथ होंगे। वह पाकिस्तान में होने वाले टूर्नामेंट से पहले अफगानिस्तान टीम के तैयारी और कंडीशनिंग कैंप में शामिल होंगे और चैंपियंस ट्रॉफी के अंत तक टीम के साथ रहेंगे। यूनिस ने 118 टेस्ट मैचों में 10,099 रन बनाने के बाद 2017 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया जिसमें 313 का करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी शामिल है। पूर्व दाएं हाथ के बल्लेबाज ने पाकिस्तान के लिए 246 एकदिवसीय मैचों में 31.24 की औसत से 7249 रन बनाए जिसमें सात शतक और 48 अर्द्धशतक शामिल हैं। उन्होंने 2009 में इंग्लैंड में अपने पहले पुरुष टी 20 विश्व कप जीत में पाकिस्तान की कप्तानी भी की।



अपने कोचिंग करियर में यूनिस ने पाकिस्तान की सीनियर पुरुष टीम के साथ उनके बल्लेबाजी कोच के रूप में काम किया, लेकिन 2021 के मध्य में सिर्फ छह महीने बाद इस्तीफा दे दिया। फ्रैंचाइजी क्रिकेट में यूनिस ने पाकिस्तान सुपर लीग में पेशावर जालमी के साथ कोचिंग की और अबू धाबी टी10 लीग में बांग्ला टाइगर्स के मुख्य कोच के रूप में काम किया। 19 फरवरी से 9 मार्च तक पाकिस्तान और दुबई में आयोजित होने वाली 2025 चैंपियंस ट्रॉफी पहली बार होगी जब अफग़ानिस्तान आठ टीमों के इस टूर्नामेंट में खेलेगा। उन्हें ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के साथ ग्रुप बी में रखा गया है, जबकि ग्रुप ए में पाकिस्तान, भारत, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश शामिल हैं। अफगानिस्तान के साथ पहले काम कर चुके एक भारतीय कोच ने बताया कि 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए यूनिस को मेंटर नियुक्त करना टीम की उस अनूठी प्रवृत्ति का हिस्सा है जिसमें वे उन देशों से मेंटर या सलाहकार नियुक्त करते हैं जहां वे अपने आईसीसी टूर्नामेंट खेलने जाते हैं। पिछले आईसीसी टूर्नामेंट इस बात का सबूत हैं कि यह नीति अब तक अफगानिस्तान के लिए काफी कारगर साबित हुई है। 2023 में उन्होंने भारत के पूर्व बल्लेबाज अजय जडेजा को वनडे विश्व कप के लिए अपना मेंटर बनाया, जहां उन्होंने अपनी खेल शैली से सभी को प्रभावित किया और अपने लीग चरण में चार जीत हासिल की, जिसमें नई दिल्ली में गत चैंपियन इंग्लैंड पर शानदार जीत हासिल करना भी शामिल है।

2024 में अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले जाने वाले पुरुष टी20 विश्व कप में उन्होंने दिग्गज तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो को अपने गेंदबाजी सलाहकार के रूप में शामिल किया। इस कदम से उन्हें बहुत फायदा हुआ क्योंकि अफगानिस्तान ने न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश को हराकर पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यह देखना दिलचस्प होगा कि 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में यूनिस की भागीदारी अफगानिस्तान के लिए समान सकारात्मक परिणाम लाती है या नहीं।

**फुटबॉलः**

## अगले फीफा विश्वकप के बाद फ्रांस का साथ छोड़ेंगे कोच डेशॉ

● **टीम को विश्व कप और यूरो कप जिता चुके**

**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांसीसी मीडिया की रिपोर्ट्स के मुताबिक, फ्रांस के महान कोच दिदिएर डेशॉ अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप के बाद फ्रांस टीम का साथ छोड़ देंगे। वह बुधवार को इसकी घोषणा कर सकते हैं कि वह अगले विश्व कप के बाद अपने पद पर बने नहीं रहेंगे।



डेशॉ न सिर्फ फ्रांस को बतौर कोच फीफा विश्व कप जिता चुके हैं, बल्कि फ्रांस के एक खिलाड़ी के तौर पर भी विश्व कप जीत चुके हैं। उनका पद छोड़ना फ्रांस के लिए बड़ा झटका साबित हो सकता है। ला-इक्विपे और आरएमसी स्पोर्ट उन आउटलेट्स में से है, जिन्होंने बताया कि 56 वर्षीय डेशॉ का अनुबंध 2026 के फीफा विश्व कप के बाद समाप्त हो जाएगा। एक खिलाड़ी के रूप में विश्व कप जीत चुके डेशॉ ने जुलाई 2012 में फ्रांस फुटबॉल टीम के कोच के रूप में पदभार संभाला था और 2018 में फाइनल में क्रोएशिया को हराकर फ्रांस को विश्व कप खिताब दिलाया था। कतर में 2022 विश्व कप में फ्रांस फाइनल में पहुंच गया था और उसे अर्जेंटीना से ऐतिहासिक खिताबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था। अगला फीफा विश्व कप संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की सह-मेजबानी में होना है। इसमें कुल 48-टीमें हिस्सा लेंगी। इनमें से 16 टीमें यूरोप की होंगी।

## आईसीसी रैंकिंग में बाबर आजम की दमदार वापसी, विराट कोहली को छोड़ा काफी पीछे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया को हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई टेस्ट सीरीज में करारी हार का सामना करना पड़ा. इस सीरीज में विराट कोहली का बल्ला पूरी तरह शांत रहा. दूसरी ओर पाकिस्तान को भी साउथ अफ्रीका में हार झेलनी पड़ी. लेकिन इस सीरीज में बाबर आजम बतौर बल्लेबाज काफी कामयाब रहे. इस दमदार प्रदर्शन के चलते उन्हें आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में काफी फायदा हुआ है. बाबर टेस्ट में बल्लेबाजों की रैंकिंग में विराट कोहली से काफी आगे निकल गए हैं. दूसरी ओर विराट को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है.



**आईसीसी रैंकिंग में बाबर आजम की दमदार वापसी** - बाबर आजम ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेली गई दो मैचों की टेस्ट सीरीज की 4 पारियों में 48.25 की औसत से 193 रन बनाए थे. इस दौरान उन्होंने 3 अर्धशतक भी जड़े थे. जिसके चलते वह आईसीसी टेस्ट रैंकिंग 5 स्थानों की छलांग लगाकर 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं. इससे पहले वह 17वें स्थान पर थे. इसके अलावा बाबर आजम की रेटिंग अब 697 हो गई है. बता दें, इस सीरीज से पहले बाबर टॉप-20 बल्लेबाजों की लिस्ट में भी शामिल नहीं थे. लेकिन उन्होंने इस सीरीज में दमदार वापसी की.

**विराट कोहली को हुआ भारी नुकसान** - विराट कोहली के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरा काफी खराब रहा. वह 5 टेस्ट मैचों की 9 पारियों में एक ही शतक जड़ सके, इसके अलावा किसी भी पारी में वह 50 रन का आंकड़ा नहीं छू सके. उन्होंने इस दौरान सिर्फ 190 रन ही बनाए. इस खराब प्रदर्शन के चलते विराट अब आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में तीन स्थान नीचे खिसक गए हैं. वह अब 27वें स्थान पर पहुंच गए हैं, उनकी रेटिंग 614 हो गए हैं. ऐसे में अब विराट कोहली पर टॉप-30 से बाहर होने का भी खतरा मंडरा रहा है.

दूसरी ओर, जो रूट पहले स्थान पर बने हुए हैं. दूसरे स्थान पर इंग्लैंड के हैरी ब्रूक, तीसरे नंबर पर न्यूजीलैंड के केन विलियमसन, चौथे स्थान पर यशस्वी जायसवाल और 5वें स्थान पर ट्रेविस हेड हैं. इनके अलावा साउथ अफ्रीका के टेस्ट कप्तान टेम्बा बावुमा छठे नंबर पर पहुंच गए हैं. ये उनकी ऑलटाइम हाई रैंकिंग. उनकी रेटिंग भी 769 हो गए हैं, जो उनकी ऑलटाइम हाई रेटिंग है ।

**पाकिस्तान की चैंपियंस ट्रॉफी टीम**

## चोट के बाद भी सैम अयूब का होगा चयन, 14 महीने बाद वापसी कर सकता है यह खिलाड़ी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के चयनकर्ताओं ने चोटिल बल्लेबाज सैम अयूब को प्रोविजनल टीम में चुनने का फैसला किया है, जिसे 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल को भेजा जाएगा। पीटीआई के अनुसार राष्ट्रीय चयनकर्ताओं के एक करीबी सूत्र ने कहा कि हाल के महीनों में सैम का फॉर्म और विशेष रूप से 50 ओवर के प्रारूप में ओपनर बल्लेबाज के रूप में उनके सुधार ने चयनकर्ताओं को आश्वस्त किया है कि दुर्भाग्यपूर्ण चोट के बावजूद उन्हें प्रोविजनल टीम में होना चाहिए। फखर जमां की 14 महीने बाद वापसी हो सकती है। सूत्र ने बताया, चयनकर्ता उन्हें प्रोविजनल टीम में रखेंगे क्योंकि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सैम को टखने की चोट पर मेडिकल एडवाइस लेने के लिए लंदन भेजा है ताकि पता चल सके कि वह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए समय पर फिट हो सकते हैं या नहीं। पिछले सप्ताह साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन सैम का टखना फ्रैक्चर हो गया था, उन्हें रिहैब के लिए छह सप्ताह का समय दिया गया है और उनके पैर में एंकल मेडिकल मून बूट लगाया गया है।

**12 फरवरी तक करनी है टीम घोषित** - सूत्र ने बताया, पीसीबी को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए प्रोविजनल टीम की घोषणा 12 फरवरी तक करनी है, लेकिन इसके लिए उसे टूर्नामेंट तकनीकी समिति से मंजूरी की आवश्यकता नहीं है।÷ उन्होंने कहा कि चयनकर्ताओं को लगता है कि अगर चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सैम समय पर फिट नहीं हो पाते हैं, तो उनकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को शामिल किया जा सकता है।

**फखर जमां को 15 सदस्यीय प्रोविजनल टीम में चुनने की योजना** - चयनकर्ताओं ने सैम के साथ ओपनर बल्लेबाज के तौर पर फखर जमां को 15 सदस्यीय प्रोविजनल टीम में चुनने की योजना बनाई है, लेकिन अगर सैम समय पर फिट नहीं होते हैं तो उनकी जगह अब्दुल्ला शफीक या इमाम उल हक को शामिल किए जाने की संभावना है। हाल के सीमित ओवरों के मैचों में फखर की अनुपस्थिति में सैम ने खूब रन बनाए हैं।

**ऑस्ट्रेलिया, जिम्बाब्वे और साउथ अफ्रीका के दौरों पर प्रभावित किया** - अयूब ने ऑस्ट्रेलिया, जिम्बाब्वे और साउथ अफ्रीका के दौरों पर प्रभावित किया है। उन्होंने एकदिवसीय सीरीज में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2 शतक बनाए, जिससे पाकिस्तान 3-0 से जीत दर्ज करने में सफल रहा। फखर ने भारत में 2023 के अंत में होने वाले विश्व कप के बाद से पाकिस्तान के लिए 50 ओवर का कोई मैच नहीं खेला है क्योंकि वह फिटनेस, चोट और अन्य समस्याओं से जूझ रहे हैं।

## आईसीसी बैटर्स रैंकिंग में पंत को तीन स्थान का फायदा

**जायसवाल चौथे नंबर पर, बुमराह टॉप पर, ऑस्ट्रेलियाई बोलैंड की 29 पायदान की छलांग**



**नईदिल्ली, एजेंसी।** बुधवार को बैटर्स रैंकिंग में पंत के अलावा ओपनर यशस्वी जायसवाल चौथे स्थान पर काबिज है। वहीं बॉलर्स टॉप-10 रैंकिंग में स्पिनर रवींद्र जडेजा को एक स्थान का फायदा हुआ है। वह अब नौवें स्थान पर आ गए हैं। बुमराह पहले पायदान पर मौजूद है। ऑस्ट्रेलियाई पेसर स्कॉट बोलैंड ने 29 स्थान की छलांग लगाई हैं। वह अब दसवें स्थान पर हैं।

### पंत और अफ्रीका के कप्तान को 3-3 स्थान का फायदा

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के आखिरी मुकाबले में ऋषभ ने पहले इनिंग में 40 और दूसरे इनिंग में 61 रन की तेज पारी खेली थी। जिससे रैंकिंग में उनकी रेटिंग 739 की हो गई है। वहीं साउथ अफ्रीका के टेस्ट कप्तान टेम्बा बावुमा ऑलटाइम हाई रेटिंग पर पहुंच गए हैं। उन्हें रैंकिंग में 3 स्थानों का उछाल मिला है। वह अब 769 की रेटिंग के साथ नंबर 6 पर पहुंचने में कामयाब हो गए हैं। बावुमा की कप्तानी में ही साउथ अफ्रीका ने पाकिस्तान को लगातार दो टेस्ट मैच हराकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में अपनी जगह पक्की की है।

## बेन स्टोक्स अस्पताल में भर्ती, हुआ ऑपरेशन

**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड की टीम पिछले साल दिसंबर के महीने में न्यूजीलैंड के दौरे पर गई थी. इस टेस्ट सीरीज के अंतिम मुकाबले में उन्हें हैमस्ट्रिंग की इंजरी हो गई थी. अब इस इंजरी की वजह से उन्हें हॉस्पिटल में जाकर एक बड़ी सर्जरी करानी पड़ी है. उन्होंने इसे लेकर अपने सोशल मीडिया पर ताजा अपडेट दिया है. स्टोक्स ने सर्जरी के बाद अपने पांव की तस्वीर शेयर की, जिसमें वह पैर में ब्रेस लगाए हुए नजर आ रहे हैं. वो कार में हैं और अपने पांव के नीच तकिया भी रखा हुआ है. तस्वीर को देखकर कहा जा सकता है कि इंजरी गंभीर थी, जिसके लिए बड़ा ऑपरेशन करना पड़ा. अब सवाल है कि आखिर अब वो मैदान पर



कब तक वापसी करेंगे?

सर्जरी के बाद बेन स्टोक्स के पांव में लगे मशीन को देखने के बाद सवाल गहरा गया कि आखिर वो कब तक मैदान से बाहर रहेंगे. रिपोर्ट के मुताबिक, उन्हें पूरी तरह से रिकवरी करने में 3 महीने का समय लगेगा. हालांकि, उन्होंने अपनी पोस्ट में हिंट देते हुए बताया है कि वो जल्दी ही एक्शन में देखेंगे. इंग्लैंड के कप्तान ने लिखा 'सर्जरी हुई है. इसलिए कुछ दिनों के लिए बायोनिक मैन बना हुआ हूं. जल्दी ही वापसी करूंगा.' उनकी पोस्ट पर कई फैंस ने उनके जल्दी ठीक होने की कामना की है.

**चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर स्टोक्स** - बेन स्टोक्स इंग्लैंड की टीम का अहम हिस्सा हैं. श्रीलंका के खिलाफ घरेलू सीरीज में भी वो इंजरी का शिकार थे. इसके बाद वो न्यूजीलैंड दौरे पर पूरी तरह फिट होकर कप्तान और ऑलराउंडर की भूमिका में लौटे. लेकिन हेमिल्टन में मैच के दौरान उन्होंने अचानक हैमस्ट्रिंग की समस्या हुई बीच में ही मैच छोड़कर जाना पड़ा. वो 2023 वनडे वर्ल्ड कप हिस्सा था और पाकिस्तान की मेजबानी में होने वाले 2025 की चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने वाले थे. लेकिन इंजरी के कारण हुई सर्जरी के बाद उन्हें रिकवरी में थोड़ा समय लग सकता है. इसलिए फरवरी में शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट से उन्हें पहले ही बाहर कर दिया गया है. इंग्लैंड ने अपने स्क्वॉड में उन्हें जगह नहीं दी है. वहीं मई तक कोई भी टेस्ट मैच नहीं होने के कारण वो इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर ही रहेंगे और अपनी रिकवरी पर फोकस करेंगे.

# जनऔषधि केंद्रों ने नवंबर 2024 तक बेचीं 1255 करोड़ से ज्यादा की दवाइयां

**-पीएमओ ने कहा- इन आउटलेट्स से नागरिकों को 5,020 करोड़ की हुई बचत**

**नई दिल्ली।** जन औषधि केंद्रों से नवंबर 2024 तक 1255 करोड़ रुपए से ज्यादा की दवाइयों की बिक्री हुई। यह जानकारी पीएमओ द्वारा दी गई। सोशल मीडिया एक्स पर पीएमओ ने कहा कि इन आउटलेट्स के जरिए दवाइयों की खरीद करने से नागरिकों को 5,020 करोड़ रुपए की बचत हुई। जन औषधि केंद्र आम जनता को किफायती दामों पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराते हैं। इसकी स्थापना प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के तहत की गई थी, जो नवंबर 2008 में शुरू की गई एक जन कल्याणकारी योजना है। इस योजना को फार्मास्यूटिकल्स एंड मेडिकल डिवाइस ब्यूरो ऑफ इंडिया (पीएमबीआई) के जरिए क्रियान्वित किया जाता है। रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने बताया कि नवंबर 2024 तक देशभर में 14,320 जन औषधि केंद्र खोले गए हैं। 2023-24 में पीएमबीआई ने 1,470 करोड़ रुपए की दवाइयों की बिक्री दर्ज की थी, जिससे नागरिकों को 7,350 करोड़ रुपए की बचत हुई थी। पिछले दस सालों में इस परियोजना के तहत करीब 30 हजार करोड़ रुपए की बचत हुई है। 2024 में पीएमबीजेपी ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड और असम राइफल्स के साथ कई एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए थे, जिससे सीएपीएफ, एनएसजी और एआर (एमएचए) अस्पतालों में जन औषधि दवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अलावा मॉरीशस में पहला विदेशी जन औषधि केंद्र खोला गया। मंत्रालय ने कहा कि फार्मास्यूटिकल्स विभाग ने भी चालू वित्त वर्ष में 500 करोड़ रुपए के कुल वित्तीय परिव्यय के साथ फार्मास्युटिकल उद्योग को मजबूत करने के लिए एक योजना लागू की है। इस योजना का उद्देश्य देश में मौजूदा फार्मा क्लस्टरों और एमएसएमई को उनकी उत्पादकता, गुणवत्ता और एमएसएमई क्लस्टरों में सुधार करने के लिए सहायता प्रदान करना है।

## भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में लॉन्च किया जाएगा क्रेटा ईवी

**नई दिल्ली।**

हुंडई मोटर्स के बहुप्रतीक्षित इलेक्ट्रिक एसयूवी क्रेटा ईवी को भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में लॉन्च किया जाएगा। हुंडई क्रेटा ईवी में दो बैटरी विकल्प दिए गए हैं। पहला 42 केडब्ल्यूएच बैटरी पैक, जो 390 किलोमीटर की रेंज देगा, और दूसरा 51.4 केडब्ल्यूएच बैटरी पैक, जिसकी रेंज 473 किलोमीटर तक होगी।

क्रेटा ईवी चार वेरिएंट्स एक्जीक्यूटिव, स्मार्ट, प्रीमियम और एक्सीलेंस में उपलब्ध होगी। कंपनी का दावा है कि यह एसयूवी 0 से 100 किमी/घंटा की रफ्तार मात्र 7.9 सेकंड में पकड़ सकती है। हालांकि, इसके इलेक्ट्रिक मोटर के स्पेसिफिकेशंस अभी साझा नहीं किए गए हैं। डिजाइन की बात करें तो क्रेटा ईवी का लुक पेट्रोल और डीजल वर्जन जैसा है, लेकिन इसमें इलेक्ट्रिक व्हीकल का ट्विस्ट दिया गया है। इसमें व्हीकल-टू-लोड (वी2एल) सपोर्ट, लेवल-2 अडास फीचर्स (जैसे एडाप्टिव क्रूज कंट्रोल और लेन कीप असिस्ट), 360-डिग्री कैमरा और 6 एयरबैग्स दिए गए हैं। हुंडई क्रेटा ईवी में डीसी फास्ट चार्जर है, जो 10-80प्रतिशत चार्जिंग मात्र 58 मिनट में कर सकता है। 11 केडब्ल्यू एसी चार्जर के जरिए यह 4 घंटे में पूरी तरह चार्ज हो सकती है।

यह इलेक्ट्रिक एसयूवी टाटा कर्व ईवी, महिंद्रा बीई 6, एमजी झेडएस ईवी और आगामी मारुति ई विटारा जैसे मॉडल्स को कड़ी टक्कर देगी। फ्रंट फेसिया क्रेटा एन लाइन से प्रेरित है, जिसमें ब्लैंक्ड-ऑफ



ग्रिल और ग्लॉस ब्लैक क्यूबिकल एलिमेंट्स हैं। चार्जिंग पोर्ट हुंडई के लोगो के नीचे, बीच में स्थित है। इसमें 17-इंच के एयरोडायनामिक अलॉय व्हील्स दिए गए हैं। हुंडई क्रेटा ईवी में ड्यूल-टोन इंटीरियर, पैनोरमिक सनरूफ, दो डिजिटल डिस्प्ले और लोअर सेंटर कंसोल में नए कंट्रोल्स हैं।

## सेबी की फटकार के बाद 5 फीसदी लुढ़के ओला इलेक्ट्रिक के शेयर

**सोशल मीडिया पर योजनाओं का खुलासा करने पर चेयरमैन को दी हिदायत**

**नई दिल्ली।**

ओला इलेक्ट्रिक का शेयर आज यानी बुधवार को शुरूआती कारोबार में बीएसई पर 5 फीसदी लुढ़क गया। ईवी कंपनी के शेयरों में यह गिरावट मार्केट रेगुलेटर सेबी की फटकार के बाद आई। मार्केट रेगुलेटर भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को फटकार लगाई है। रेगुलेटर ने नियमों के उल्लंघनों पर कंपनी को चेतावनी लेटर भी जारी किया है।

ओला इलेक्ट्रिक की रेगुलेटरी फाईलिंग के मुताबिक कंपनी को मंगलवार को ईमेल के जरिए सेबी ने यह भेजा। यह लेटर इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी के एक्सचेंजों को सूचित करने से पहले एक्स पर अपनी योजनाओं का खुलासा करने के चलते मिला है। ओला इलेक्ट्रिक ने अपनी एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि इस चेतावनी के कारण कोई वित्तीय प्रभाव नहीं पड़ेगा।

बता दें कि ओला इलेक्ट्रिक ने कॉर्पोरेट एक्शन की बजाय सोशल मीडिया एक्स पर अपनी योजनओं का पहले खुलासा कर दिया। लेटर में ओला इलेक्ट्रिक के चेयरमैन को इस संबंध में आगे से ऐसा न करने की हिदायत दी है। नियमों के मुताबिक सभी खुलासे पहले स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित करना है और वह 12 घंटों के भीतर। सेबी ने कहा कि इससे उन शर्तों का भी उल्लंघन हुआ कि सभी निवेशकों को समय पर समान रूप से सूचित करना चाहिए। सेबी ने लेटर में कहा कि पहले स्टॉक एक्सचेंजों पर सूचना प्रसारित करने में विफल रहने और इसके बजाय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी घोषणा करने से आप सभी निवेशकों के लिए जानकारी तक समान और समय पर पहुंच प्रदान करने में विफल रहे हैं।

सेबी के इस एक्शन के बाद ओला इलेक्ट्रिक के शेयरों में बुधवार को शुरूआती कारोबार में गिरावट आई है। कंपनी का शेयर बीएसई पर इंट्रा-डे ट्रेड में 5 फीसदी तक फिसल गया। सुबह 10 बजे यह 3.53 रुपए या 4.46 फीसदी गिरकर 75.63 रुपए प्रति शियर के भाव पर कारोबार कर रहा था। बता दें कि ओला इलेक्ट्रिक का शेयर 9 अगस्त, 2024 को स्टॉक मार्केट में लिस्ट हुआ था। लिस्टिंग के एक हफ्ते के बाद कंपनी के शेयर ऑल टाइम हाई 157.53 रुपए तक पहुंच गए थे। हालांकि, तब से कंपनी के शेयर करीब 20 फीसदी गिर चुके हैं।

## 2024 में कई प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद मोटर वाहन खुदरा उद्योग मजबूत रहा

**-फाडा ने कहा-दोपहिया में आपूर्ति, नए मॉडल और ग्रामीण मांग से हुई बढ़ोतरी**

**नई दिल्ली।** दोपहिया और यात्री वाहनों की मजबूत मांग से 2024 में मोटर वाहन खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर नौ फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने कहा है कि 2024 में कुल वाहन पंजीकरण 2,61,07,679 इकाई रहा, जबकि 2023 में यह 2,39,28,293 इकाई रहा था। फाडा के अध्यक्ष कहा कि 2024 में भीषण गर्मी, केंद्र और राज्यों में चुनाव और असमान मानसून सहित कई प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद मोटर वाहन खुदरा उद्योग मजबूत बना रहा। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन खंड में बेहतर आपूर्ति, नए मॉडल और मजबूत ग्रामीण मांग ने बढ़ोतरी को बढ़ावा दिया, हालांकि वित्तीय बाधाएं और बढ़ती इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) प्रतिस्पर्धा चुनौतियां पेश करती रही हैं। यात्री वाहनों की बिक्री 2024 में 40,73,843 रही, जो 2023 में 38,73,381 इकाई की तुलना में पांच फीसदी ज्यादा है। दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 11 फीसदी से बढ़कर 2024 में 1,89,12,959 हो गई। 2023 में यह 1,70,72,932 थी। वहीं तिपहिया वाहनों का पंजीयन सालाना 11 फीसदी से बढ़कर 12,21,909 इकाई हो गया जो 2023 में 11,05,942 इकाई रहा था। ट्रैक्टर की बिक्री में सालाना आधार पर तीन फीसदी की वृद्धि देखी गई और यह 8,94,112 इकाई रही, जबकि वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 2024 में 10,04,856 पर स्थिर रही। वहीं दिसंबर में फाडा के मुताबिक मोटर वाहन क्षेत्र की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 12 फीसदी घटकर 17,56,419 इकाई रही। दिसंबर 2023 में 14,54,353 इकाइयों की तुलना में दोपहिया वाहनों का पंजीकरण 18 फीसदी से घटकर 11,97,742 इकाई रह गया। दिसंबर 2023 में 2,99,351 इकाइयों की तुलना में पिछले महीने यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री भी दो फीसदी घटकर 2,93,465 इकाई रह गई थी।

# सालाना आधार पर नौ प्रतिशत बढ़ी मोटर वाहन की खुदरा बिक्री

**फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन ने बताया**

**मुंबई।**

देश में चुनौतीपूर्ण कारोबारी माहौल के बीच दोपहिया तथा यात्री वाहनों की मजबूत मांग से 2024 में मोटर वाहन खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत बढ़ी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने कहा, 2024 में कुल वाहन पंजीकरण 2,61,07,679 इकाई रहा, जबकि कैलेंडर वर्ष 2023 में यह 2,39,28,293 इकाई था। फाडा के अध्यक्ष सी.एस. विग्नेश्वर ने कहा, वर्ष 2024 में भीषण गर्मी, केंद्र तथा राज्यों में चुनाव और असमान मानसून सहित कई प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद मोटर वाहन खुदरा उद्योग मजबूत बना रहा।'' उन्होंने बताया कि कि दोपहिया वाहन खंड में बेहतर आपूर्ति, नए मॉडल तथा मजबूत ग्रामीण मांग ने वृद्धि को बढ़ावा दिया, हालांकि वित्तीय बाधाएं तथा बढ़ती इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) प्रतिस्पर्धा चुनौतियां पेश करती रहीं। यात्री वाहनों की बिक्री 2024 में 40,73,843 इकाई रही, जो 2023 में 38,73,381 इकाई की तुलना में पांच प्रतिशत अधिक है। दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़कर 2024 में 1,89,12,959 इकाई हो गई। 2023 में यह 1,70,72,932 इकाई थी। वहीं तिपहिया वाहनों का पंजीकरण सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़कर 12,21,909 इकाई हो गया जो 2023 में 11,05,942 इकाई था। ट्रैक्टर की बिक्री में सालाना आधार पर तीन प्रतिशत की वृद्धि देखी गई और यह 8,94,112 इकाई रही, जबकि वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 2024 में 10,04,856 इकाई पर स्थिर रही।

## सप्लाई तेज होने से गिर रहे हैं हरी सब्जियों के दाम

नई दिल्ली। ठंड के मौसम में सप्लाई तेज होने से हरी सब्जियों के दाम अब गिरने लगे हैं। लोगों को अब बढ़ी हुई हरी सब्जियों की कीमतों से राहत मिलने लगी है। गोभी, मटर, आलू, मूली और गाजर जैसी हरी सब्जियों की नई खेप और बढ़ी हुई सप्लाई के चलते इनके दाम में गिरावट आई है। गोभी से लेकर हरी मिर्च, मूली, पालक सहित कई मौसमी सब्जियां सस्ती होने से बड़ी राहत मिली है। कारोबारियों का कहना है कि टमाटर, जो एक हफ्ते पहले 40 रुपए प्रति किलो बिक रहा था, अब 20 रुपए में उपलब्ध है। आलू और अन्य सब्जियों की कीमतों में भी कमी देखी जा रही है और आने वाले दिनों में इनके रेट्स में और गिरावट की उम्मीद है। हालांकि, आने वाले दिनों में आलू, टमाटर, शिमला मिर्च, मटर से लेकर बींस के भी रेट और कम हो सकते हैं। हफ्ते भर पहले 40 रुपए प्रति किग्रा के हिसाब से बिकने वाला टमाटर सोमवार को रिटेल में 20 रुपए प्रति किग्रा के हिसाब से मिला। इसके अलावा 100 रुपए में ढाई किग्रा मिलने वाला आलू अब 100 में चार किलोग्राम मिल रहा है।




## चैटजीपीटी को सब्सक्राइबर बढ़ने से घाटा?

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआईचैटवाट के सब्सक्राइबर तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। उसी तेजी के साथ कंपनी का घाटा भी बढ़ रहा है। कंपनी के सह संस्थापक सैम आलटमैन का कहना है। सब्सक्राइबर बढ़ाने के कारण कंपनी को नुकसान हो रहा है। चैट जीटीपी का सालाना सब्सक्राइबर शुल्क भारत में करीब 17000 रुपए प्रति वर्ष है। भारत में तेजी के साथ सब्सक्राइबर बढ़ रहे हैं। जिसके कारण चैट जीपीटी कंपनी की लागत बढ़ती चली जा रही है। ग्राहकों को प्रीमियम सुविधा देने के लिए ओपन एआई की कंप्यूटिंग लागत पर कंपनी को ज्यादा खर्च करना पड़ रहा है। कंपनी के इस बयान के बाद ऐसा लग रहा है कि कंपनी भारत में अपना शुल्क बढ़ाने की तैयारी कर रही है। भविष्य में सालाना सब्सक्रिप्शन और भी महंगा हो सकता है।

## छोटी और मझोली कंपनियों के प्रमोटरों ने बेचे 1.2 लाख करोड़ के शेयर

**आम निवेशकों में दहशत, निवेशकों मे सुरक्षित निकलने की होड़**

**मुंबई।** छोटी एवं मध्यम कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली देखने को मिल रही है। छोटी और मझोली कंपनियों के प्रमोटर और उनके छोटे निवेशक इन दिनों बिकवाली कर रहे हैं। जिसके कारण शेयर बाजार में मंदी और बिकवाली का बड़ा दौर देखने को मिल रहा है। प्रमोटरों के शेयर बिकने के बाद छोटे निवेशकों में भगदड़ मच गई है। अब मुनाफे की जगह छोटे निवेशक अपने निवेश को बचाने के चक्कर में शेयर बेचकर बाहर निकलना चाहते हैं। 2023 के दिसंबर माह से सितंबर 2024 के बीच में 384 मिडकैप और स्मॉल कैप कंपनियों के प्रमोटर अपने शेयर बड़े पैमाने पर बेच चुके हैं। डीएसपी म्युचुअल फंड की एक रिपोर्ट के अनुसार विचार स्मॉल कैप और मिड कैप कंपनियों के 4 प्रमोटर मे एक प्रमोटर ने अपने इक्विटी शेयरों की शुद्ध विकवाली की है। बाजार में प्रमोटरों ने अपने 1.2 लाख करोड रुपए के शेयर बेच दिए हैं। जिसके कारण शेयर बाजार में भगदड़ जैसी स्थिति देखने को मिल रही है।

## वित्त वर्ष 2024-25 में बैंकों की लाभप्रदता पर पड़ सकता है असर

**नई दिल्ली।**

खराब परिसंपत्तियों में वृद्धि के चलते वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय बैंकों की लाभप्रदता पर असर पड़ सकता है। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 बैंकों के लिए मुनाफे का चरम साल था, लेकिन अब यह लाभप्रदता टर्निंग पॉइंट पर है और अगले वित्तीय वर्ष में इसमें और कमी की आशंका है। एजेंसी के प्रमुख और निदेशक (वित्तीय संस्थान) करण गुप्ता ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में बैंकों की लाभप्रदता पर ऋण चूक और बढ़ती ऋण लागत का दबाव रहेगा। उन्होंने कहा कि परिसंपत्ति गुणवत्ता पर दबाव मुख्य रूप से बिना गारंटी वाले खुदरा कर्ज जोखिम से उत्पन्न होगा, हालांकि इसका कोई प्रणालीगत प्रभाव नहीं होगा। रेटिंग एजेंसी ने 50,000 रुपये से कम के खुदरा असुरक्षित कर्ज को बैंकों के कुल कर्ज का 0.4 प्रतिशत बताया और कहा कि केवल 3.6 प्रतिशत कर्ज ऐसे हैं जिनकी उधारी दर 11 प्रतिशत से अधिक है। हालांकि, ऋण वृद्धि की गति धीमी होने की संभावना जताई गई है, और वित्त वर्ष 2024-25 के लिए प्रणालीगत ऋण वृद्धि अनुमान को 15 प्रतिशत से घटाकर 13-13.5 प्रतिशत कर दिया गया है। एजेंसी ने बताया कि बढ़ती कर्ज चूक, पिछली बढ़ोतरी और लेखांकन नीतियों में बदलाव के कारण अगले वित्त वर्ष में बैंकों का शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) 0.10 प्रतिशत तक घट सकता है। साथ ही, ऋण और जमा वृद्धि के बीच अंतर भी कम होने का अनुमान है। गुप्ता ने परिसंपत्ति गुणवत्ता पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि व्यक्तिगत ऋण, बिना गारंटी वाले व्यावसायिक ऋण और सूक्ष्म-वित्त पर दृष्टिकोण को स्थिर से घटाकर बिगड़ता हुआ कर दिया गया है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि इस दबाव को संभालना संभव है और इसका कोई बड़ा व्यवस्थित प्रभाव नहीं होगा।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**मुम्बई।**

भारतीय बाजार बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट एशियाई बाजारों में हुए नुकसान से आयी है। विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली और कंपनियों के तीसरी तिमाही के परिणामों से भी निवेशकों ने सतर्कता बरती जिससे भी बाजार नीचे आया। अमेरिकी बाजारों में कमजोरी से भी बाजारों पर दबाव पड़ा। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स कारोबार के अंत में सेंसेक्स 50.62 अंक तकरीबन 0.06फीसदी नीचे आकर 78,148.49 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी अंत में निफ्टी 18.95 अंक तकरीबन 0.08 फीसदी नीचे आकर 23,688.95 पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान देसी कंपनियों के तीसरी तिमाही के परिणामों को लेकर निवेशक बाजार से दूर रहे। इन परिणामों की शुरुआत 9 जनवरी को टीसीएस के साथ होगी। अमेरिकी शेयर बाजार गत दिवस गिरावट पर बंद हुआ। इसका प्रभाव भी एशियाई बाजारों के साथ घरेलू बाजार पर भी पड़ा।

दिसंबर में सर्विस सेक्टर की गतिविधियों में तेजी और नवंबर में नयी नौकरियों में बढ़त के आंकड़े जारी होने के बाद वॉल स्ट्रीट पर गिरावट आई है। इससे तय है कि इफेडरल रिजर्व 2025 में ब्याज दरों में कम बार कटौती करेगा। दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटी दिग्गज टीसीएस और आईटीसी के शेयरों में तेजी ने बाजार को दिन की बड़ी गिरावट से संभाला। इंट्रा-डे ट्रेड में सेंसेक्स 700 से ज्यादा अंक गिर गया था।




डाबर इंडिया और हीरो मोटोकॉर्प समेत अन्य कंपनियों के दूसरी तिमाही के परिणामों के उम्मीद अनुसार नहीं रहने से भी बाजार नीचे आया। निवेशकों को डर है कि तीसरी तिमाही में कॉर्पोरेट परिणाम पिछली (दूसरी) तिमाही से बेहतर होंगे या नहीं। बता दें कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनियों के नतीजे पिछले चार वर्षों में सबसे खराब थे।

जानकारों के अनुसार कंपनियों की आय में कमी और महंगे वैल्यूएशन को लेकर चिंताएं घरेलू बाजारों पर दबाव डाल रही हैं।

इससे पहले आज सुबह बाजार बुधवार को गिरावट के साथ खुला। सुबह सेंसेक्स 78,319 अंक पर खुला। खुलने के कुछ ही मिनटों के भीतर इसमें गिरावट आने लगी। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी सकारात्मक शुरुआत के साथ खुला। मगर खुलने के कुछ ही देर में यह गिरावट में चला गया।

वहीं दूसरी ओर अमेरिकी शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट में बंद हुए। इसका असर एशियाई बाजारों के साथ घरेलू बाजार पर भी पड़ा है। सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में तेजी और नवंबर में नयी नौकरियों में वृद्धि के आंकड़े जारी होने के बाद वॉल स्ट्रीट पर गिरावट आई है। ये आंकड़ों संकेत देते है कि फेडरल रिजर्व 2025 में ब्याज दरों में कम कटौती करेगा।

अमेरिकी बाजारों की बात करें तो वॉल स्ट्रीट में प्रमुख तकनीकी शेयरों की कमजोरी से गिरावट दर्ज की गई। एसएंडपी 500 इंडेक्स 1.11 फीसदी गिरा, डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 0.42 फीसदी की गिरावट रही, और नैस्डैक कंपोजिट 1.89 फीसदी नीच आया।

वहीं गत दिवस बाजार हल्की बढ़त पर बंद हुआ था।

## वीआई ने की प्रमुख टेक्नोलॉजी कंपनियों के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली।** अपने नेटवर्क को बेहतर बनाने और ग्राहकों को मजबूत कनेक्टिविटी देने के लिए वोडाफोन आइडिया (वीआई) ने एरिक्सन, नोकिया और सैमसंग जैसी प्रमुख टेक्नोलॉजी कंपनियों के साथ साझेदारी की है। 2024 में वीआई ने 46,000 नए साइट्स जोड़कर अपने नेटवर्क का बड़ा विस्तार किया और 58,000 लोकेशन्स पर नेटवर्क की क्षमता को मजबूत किया। कंपनी ने अगले तीन सालों में हजारों नए साइट्स लगाने की योजना बनाई है, जिससे यूजर्स को पहले से बेहतर अनुभव मिलेगा। इसके अलावा, इनडोर कवरेज प्लस टेक्नोलॉजी ने घर और ऑफिस में भी कनेक्शन की गुणवत्ता को और बेहतर बना दिया है। ग्राहकों की सुविधा के लिए कंपनी ने स्पैम डिटेक्शन फीचर लॉन्च किया, जिससे अनचाहे कॉल और मैसेज को नियंत्रित किया जा सके। इसके साथ ही, वीआई ने लाइंसगेट प्ले के साथ साझेदारी की है, जिससे ग्राहकों को प्रीमियम ओटीटी कंटेंट का भी लाभ मिलेगा। कंपनी के इन प्रयासों का सकारात्मक असर शेयर बाजार में भी दिखा। वीआई का शेयर 2.41 प्रतिशत की बढ़त के साथ रुपए 8.07 पर बंद हुआ। कंपनी के सीईओ अक्षय मूंदड़ा ने ग्राहकों का धन्यवाद करते हुए कहा, आपके भरोसे ने हमें हर दिन बेहतर करने की ताकत दी है। 2025 में और भी रोमांचक चीजें आने वाली हैं, इसलिए जुड़े रहें। वीआई के ये प्रयास कंपनी के बाजार में मजबूत स्थिति बनाने और ग्राहकों को उन्नत सेवाएं देने के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं।

# अरबपति बिल गेट्स ने परिवहन क्षेत्र में किया 3730 करोड़ रुपये का निवेश



**नई दिल्ली।**

माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने परिवहन क्षेत्र में 3730 करोड़ रुपए यानी 373 मिलियन डॉलर का बड़ा निवेश किया है। गेट्स ने यह कदम ऐसे उठाया है जब यह क्षेत्र चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा है। उनका मानना है कि 2025 में इस क्षेत्र में शानदार वापसी करेगा। गेट्स ने फेडएक्स और पेसकर कंपनियों में एक-एक मिलियन शेयर खरीदे। फेडएक्स में निवेश की कुल राशि 2730 करोड़ रही, जबकि पेसकर में 1000 करोड़ यानी 100 मिलियन डॉलर का निवेश किया।

पेककर, जो पेटरबिल्ट और केनवॉर्थ जैसे प्रसिद्ध ट्रक ब्रांड्स का निर्माता है, वैश्विक क्लास 8 ट्रक बाजार में 31.1 फीसदी हिस्सेदारी रखता है। ये ट्रक भारी माल ढुलाई के लिए जाने जाते हैं। वहीं फेडएक्स एक प्रमुख लॉजिस्टिक कंपनी है, जो अपने ड्राइव पहल के तहत परिचालन को सुव्यवस्थित करने और लागत में कटौती की योजना पर काम कर रही है। 2024 में एसएंडपी 500 ट्रांसपोटेक्शन इंडेक्स में 0.5 फीसदी की गिरावट देखी गई, जबकि एसएंडपी 500 में 23 फीसदी की बढ़त हुई। इसके बावजूद बिल गेट्स को परिवहन क्षेत्र में आर्थिक सुधार और ब्याज दरों में गिरावट के कारण मांग बढ़ने की उम्मीद है। विश्लेषकों का कहना है कि गेट्स का यह निवेश इस क्षेत्र के दीर्घकालिक लचीलापन पर उनके भरोसे को दर्शाता है। पेसकर और फेडएक्स दोनों कंपनियां परिवहन और लॉजिस्टिक्स की बढ़ती मांग से लाभ उठाने के लिए स्थिति में हैं। बिल गेट्स के पास वर्तमान में 8515 अरब रुपए यानी 103.1 बिलियन डॉलर की संपत्ति है। उन्होंने माइक्रोसॉफ्ट में अपनी हिस्सेदारी का एक हिस्सा बेचकर निवेश किया। उनकी परोपकारी संस्था बिल एंड मेलिंडा गेस्ट फाउंडेशन का पोर्टफोलियो 3735 अरब रुपए यानी 45 बिलियन डॉलर का है।

## मारुति और टोयोटा की इलेक्ट्रिक कार लॉन्च करने की तैयारी

**नई दिल्ली।** भारत में साल 2025 में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार में प्रतिस्पर्धा एक नए स्तर पर पहुंचने वाली है। मारुति और टोयोटा कंपनी अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार लॉन्च करने की तैयारी में हैं, जबकि लगभग 12 अन्य ऑटो निर्माता 30 से अधिक नए ईवी मॉडल पेश करेंगे। फिलहाल भारतीय बाजार में 7 लाख से 2.15 करोड़ रुपये तक की 45 इलेक्ट्रिक कारें उपलब्ध हैं। नई ईवी कारें 500 किमी से अधिक की रेंज प्रदान करने में सक्षम होंगी और इनकी अनुमानित कीमत 19 लाख रुपये के आसपास होगी। इंटरनेट-कनेक्टेड और प्रीमियम फीचर्स वाली कारों की मांग बढ़ रही है, जो पिछले साल की कुल कार बिक्री का 40 प्रतिशत हिस्सा थी। 2024 में कारों की बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी 2.53 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो 2023 में 2.32 प्रतिशत थी। 2025 में यह हिस्सेदारी दोगुनी होकर 4.61 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। ईवी के बढ़ते प्रभाव के बीच, सीएनजी वाहनों की बिक्री में 38.5 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जबकि ईवी बिक्री 14 प्रतिशत बढ़ी। डीजल वाहनों की मांग 7.2 प्रतिशत बढ़ी, लेकिन पेट्रोल वाहनों की बिक्री में 3.9 प्रतिशत की गिरावट आई। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में बैटरी की कीमतों में 23 प्रतिशत की कमी आई है और 2025 में इसके और 20 प्रतिशत कम होने की संभावना है। इसका मतलब है कि इलेक्ट्रिक कारों की कीमत पेट्रोल कारों के करीब आ सकती है।

# एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर कर दौरा करलयं वायु सेना अध्यक्ष





**नई दिल्ली।** वायुसेनाध्यक्ष (सीएएस) एयर चीफ मार्शल एपी सिंह 8 जनवरी, 2025 के दिल्ली कैंट पहे राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) गणतंत्र दिवस शिविर 2025 का दौरा करलय । कैडेटमन के उनकर प्रशिक्षण कर दौरान अनुसासन, निसवार्थ सेवा, राष्ट्र निरमान, आचार संहिता जइसन मूल्य पहे प्रकाश डाललय। कैडेटमन के आपन जिनगी में ई मूल्यमन के हमेशा बनाएके राखेके लगिन प्रोत्साहित करलय। संगे कैडेटमन के 'एकता और अनुशासन' कर एनसीसी आदर्श वाक्य आउर जिनगी कर सउबे क्षेत्र में प्रतिज्ञा कर संगे खड़ा होवेक ले प्रेरित करलय ।

वायुसेनाध्यक्ष इ गोईठ पहे जोर देलय कि राष्ट्रीय कैडेट कोर गणतंत्र दिवस शिविर कैडेटमन के विभिन्न संस्कृतियों, धर्मों आउर क्षेत्र कर अदमी मन से मिले कर अवसर प्रदान करेल। ई तइर देश कर 'विविधता में एकता' कर भावना के मजबूती मिलेल। कार्यक्रम पहे कैडेटमन कर उत्कृष्ट परदसन कर सराहना करलय।

वायुसेनाध्यक्ष राष्ट्रीय कैडेट कोर कर सेना, नौसेना आउर वायुसेना विंग कर कैडेटमन कर द्वारा देवल 'गार्ड ऑफ ऑनर' कर निरीक्षण करलय। इकर बाद ग्वालियर कर सिंधिया इस्कूल कर कैडेटमन कर द्वारा बैंड परदसन के देखलय। वायुसेनाध्यक्ष 'फ्लैग एरिया' कर निरीक्षण करलय, जेक विभिन्न सामाजिक जागरूकता थीम पहे सोउभे 17 एनसीसी निदेशालय कैडेटमन कर सहजोग से तैयार करल जाय रहे। वायुसेनाध्यक्ष 'हॉल ऑफ फेम' कर दौरा हो करलय। ऊ राष्ट्रीय कैडेट कोर कर इतिहास, प्रशिक्षण आउर उपलब्धियमन कर बारहों जानकारी देलय। उकर बाद, वायुसेनाध्यक्ष आउर अन्य विशिष्ट अतिथिमन कर संगे विभिन्न निदेशालय कर कैडेटमन द्वारा प्रस्तुत 'सांस्कृतिक कार्यक्रम' के देखलय , जेके बैले, समूह नृत्य आउर गीतमन कर माध्यम से भारतीय संस्कृति के प्रस्तुत करलय जे आकर्षक रहे।

## नागपुरी कविता

### धान कटनी



रामदेव बड़ाईक

कातीक बीतलक,अगहन आय गेलक,
तो समझु #धान कटनी,सुरु होय गेलक।

कुंबा– खरिहान किसान ,बनाय लेलक,
समझु मिसनी–दउनी, सुरु होय गेलक।।

गिरहस्ति काम तो,आसान होय गेलक,
गरू–काड़ा जन के,आराम होय गेलक।

मुरगा बोला – भिनुसारे ,धान छिटाय,
आब घरे–घर टेक्टर,मसीन होय गेलक।।

सांझ – बिहान पसंगी, जोराय गेलक,
समझु सगरे आब,जाड़ जोवाय गेलक।

कातीक बीतलक, अगहन आय गेलक,
तो समझु #धान कटनी',सुरु होय गेलक।।

# शेख़ भिखारी आउर टिकैत उमराव सिंह कर सहादत दिवस समारोह मनलक



**रांची।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी केर तत्वावधान में मांडर परखंड कर फोरेस्ट मैदान में सहीद शेख़ भिखारी आउर टिकैत उमराव सिंह कर सहादत दिवस समारोह कर आयोजन 8 जनवरी के करल गेलक। इकर में बतौर मुध गोतिया मंत्री कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग शिल्पी नेहा तिर्की उपस्थित होलयं। सहीदमन कर चित्र में माल्यार्पन करलयं।

माल्यार्पन कर बाद मंत्री द्वारा कहल गेलक कि छोटानागपुर कर धरती में अंग्रेजमन कर सोसन आउर अत्याचार केर खिलाफ लड़ते अंग्रेजमन कर नाक में दम करेक वाला सहीद शेख भिखारी आउर टिकैत उमराव सिंह कर जोड़ी आजादी कर लड़ाई में देस ले 8 जनवरी, 1858 अपन सहादत देलयं। उनकर बीरता आउर बलिदान हमिन कर आजादी कर नींव रहे, हमिन के हमेसा गर्व रही अइसन महान सपूतमन उपरे।

ई मौका में अल्पसंख्यक जिला अध्यक्छ शमीम अख्तर, प्रमुख फ़िलिप सहाय एक्का, उप प्रमुख अमानत अंसारी, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यछ अमित खलखो, परखंड अध्यछ मंगा उरांव, बिधायक प्रतिनिधि जमील मलिक, बरिष्ठ कांग्रेसी नेता तबारक खान, आबिद अंसारी, शमसुल शेख, जुवेल तिग्गा, बेलस टोप्पो, अर्जुन महतो, आरिफ हसन, नसीम अंसारी, सेरोफिना मिंज, सरिता तिग्गा आउर बहुत कांग्रेसी नेता आउर कार्यकर्ता उपस्थित होलयं।

# यमुना में डूबे वाला अदमी कर जवानमन बचालयं जान

**प्रयागराज।** 137 सीईटीएफ़ बीएन (टीए) 39 जीआर - गंगा टास्क फोर्स (जीटीएफ़) कर जवानमन त्वरित आउर समय में कार्रवाई कइर के 40 साल कर एगो बेक्ति कर जान बचालयं। ऊ नैनी पुल प्रयागराज से डेइग देइ रहे आउर यमुना नदी में डूबत रहे।

सतर्कता आउर सूझबूझता देखाते, सरस्वती घाट में जीटीएफ़ कर गस्त लगाएक वाला नाव में तैनात हवलदार रिंकू सिंह कुशवाहा (बोट पार्टी कमांडर) आउर लान्स नायक नारायणजी डूबेक वाला अदमी कर दने तेजी से गेलयं आउर नायक सुजीत कुमार कुशवाहा केर संगे मिइल के अदमी के नदी से बाहरे निकलालयं।

प्राथमिक उपचार केर बाद ऊ अदमी के स्थानीय पुलिस प्रसासन के सौंप देल गेलक। ई जवानमन भारतीय सेना कर उच्च पेसेवर मानक के प्रदर्शित करते अदमी कर जान बचालयं।



# टाटा स्टील फाउंडेशन वेस्ट बोकारो में लगालक मोतियाबिंद सिबिर



वेस्ट बोकारो। टाटा स्टील फाउंडेशन, वेस्ट बोकारो में मोतियाबिंद कर एगो सिबिर लगालक हय। ई सिबिर 12 जनवरी तक चलाल जावी। बछर 2013 में अपन स्थापना से दृष्टि जेकरा पहिले प्रिवेंटेबल ब्लाइंडनेस प्रोग्राम के रूप में जानल जाय रहय, उ लगभग 13,264 जन कर जांच करलक। समाज के वंचित आउर गरीबमन के सहजोग ले 3723 जन के मोतियाबिंद कर अपरेसन सफलतापूर्बक करल गेलक।

आइज तक मोटा मोटी 763 रोगीमनक जांच कइर लेगक जेकर में मोटा मोटी 211 जन के अपरेसन ले रेफर कइर गेलक। इ सिबिर में आउर रोगीमनक इलाज होवी। सिबिर में रोगीमनक भीड़ देइख के फाउंडेसन एगो आउर सिबिर आयोजित होय सकेला। ई सिबिर 21 जनवरी 2025 से 28 जनवरी 2025 तक लागेक उम्मीद हय। हरेक सिबिर आउर सर्जरी शंकर नेत्रालय जइसन एकसमान विचारधारा वाला फ्रंटलाइन स्वास्थ्य देखभाल करेक वाला चिकित्सकमन के सहजोगात्मक प्रयास कर माध्यम से होवत हय, जे बछर 2016 में इ हल में शामिल होलक। इकर से पहिले एसएम फाउंडेशन, लोकेश्वरानंद आई फाउंडेशन जइसन संगठन कर संगे फाउंडेशन काम करलक।

मोतियाबिंद सिबिर कर उद्घाटन टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिविजन कर जेनरल मैनेजर अनुराग दीक्षित कर संगे आरसीएमयू, वेस्ट बोकारो डिवीज़न कर अध्यछ महेश प्रसाद, सचिव पीके सिंह, बारूघुटू पूर्वी कर मुखिया विभा देवी आउर गिरधारी महतो करलयं।

# थर्ड जेंडर के होवेक चाही अपन अधिकार कर जनकारी : उपायुक्त






**धनबाद।** धनबाद जिला कर डीसी माधवी मिश्रा कहलयं कि थर्ड जेंडर समुदाय के अपन अधिकार कर जानकारी होवेक चाही। उमनक अधिकार के लागू करेक ले आउर उकर निगरानी ले केंदर आउर राइज सरकार एगो गोटे सेल कर गठन करलक हय। अपन अधिकार के पावेक ले थर्ड जेंडर समुदाय के ई सउब जानकारी होवेक जरूरी हय। डीसी ई बात के अखिल भारतीय किन्नर समाज कर महाधिवेशन में कहलयं। ऊ कहलयं कि सउबे ले एकसमान बेवहार, समान अवसर आउर समान अधिकार परदान करेक संगे लोक कल्याणकारी जोजना कर लागू करेक ले राइज सरकार आउर धनबाद जिला परसासन भी परतिबद्ध हके।

डीसी कहलयं कि समाज में आदमीमन दुनिया भइर में बेस कार्ज कइर रहयं। एकरा से दोसर जन भी प्रेरित होय रहयं। अधिवेशन में उपस्थित सउबे जन से डीसी आग्रह करलयं कि ठियां जे सीखेक मिललक उके अपन जीवन में उतारेक कीरपा करूं।महाधिवेशन के सफल बनावेक में जिला प्रशासन कर सहजोग प्रदान करके ले किन्नर समाज डीसी के दुआ देलक आउर शॉल ओढ़ा के स्मृति चिन्हा भी भेंट करलयं। कार्जकरम में डीसी माधवी मिश्रा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, बाल संरक्षण पदाधिकारी साधना कुमारी, किन्नर समाज के झारखंड प्रदेश अध्यछ छम छम देवी नायक, आलव्या नायक, बबीता नायक, ज्योति नायक, जोधाबाई नायक, अरुणा नायक, लालन नायक, मुन्नी नायक, श्वेता किन्नर, निर्मला किन्नर, रेखा किन्नर इतेयादि मौजूद रहयं।

मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेश प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक** : रतन लाल अग्रवाल। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com